आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* शहीद भगतसिंह जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 256 | उज्जैन, सोमवार 28 सितम्बर, 2026 | आश्विन कृष्ण 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

नासा ने 6 साल स्पेस में रहे 1.25 करोड़ टमाटर के बीजों को 40 देशों में बोया

वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1984 में टमाटर के करोड़ों (1.25 करोड़) बीज अंतरिक्ष में भेजे थे, वे छह साल बाद 1990 में पृथ्वी पर वापस लाए गए तो उन्हें छात्रों के बीच प्लांट किट के तौर पर बांटा गया। ऐसे में ये बीज दुनिया के 40 देशों के करीब 40 हजार स्कूलों में बोए गए। इसका मकसद यह पता लगाना था कि क्या अंतरिक्ष के माहौल में रहने से बीजों के अंकुरण और पौधों की बढ़त पर कोई असर पड़ता है। रिसर्च में काफी दिलचस्प नतीजे सामने आए। नासा के इस प्रोजेक्ट का नाम सीडस यानी छात्रों के लिए अंतरिक्ष में किए जाने वाला प्रयोग था।


छात्रा से रेप के दावे पर बवाल स्टूडेंट्स ने कैंपस में आग लगाई

जालंधर। पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में शनिवार रात शुरू हुआ हंगामा रविवार को भी जारी रहा। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी की एक छात्रा से रेप हुआ, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। सोशल मीडिया पर यह मैसेज शनिवार रात वायरल होने के बाद हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए। छात्रों ने कैंपस में तोड़फोड़ की और एक हिस्से में आग लगा दी। इसके बाद सुबह 7 बजे दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर धरना देकर ट्रैफिक जाम कर दिया। पुलिस ने पहले कहा कि जांच में रेप का कोई मामला सामने नहीं आया है।

नवंबर में भारत आ सकते हैं बांग्लादेश के पीएम रहमान

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को एक बार फिर पटरी पर लाने की कवायदें तेज हो गई हैं। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के भारत दौरे को लेकर बातचीत हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, पिछली बार कोशिश नाकाम रहने के बाद, दोनों देश नवंबर के तीसरे सप्ताह में उनके संभावित दौरे की तारीख तय करने पर काम कर रहे हैं। इससे पहले अगस्त में प्रस्तावित दौरा टल गया था। टाइम्स ऑफ इंडिया के सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश के नए हाई कमिश्नर असद आलम सियाम के अक्टूबर के आखिरी सप्ताह या नवंबर की शुरूआत में भारत पहुंचने के बाद दौरे को लेकर बातचीत और गति पकड़ सकती है।

सलमान के बाद रणबीर कपूर पैपराजी पर भड़के



बोले- बहुत बोल रहा है तू, आलिया को भीड़ से सुरक्षित कार तक ले गए

मुंबई। रणबीर कपूर शनिवार रात मुंबई में आलिया भट्ट, विक्की कौशल और डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के साथ डिनर के लिए पहुंचे। डिनर के बाद रणबीर एक पैपराजी पर नाराज हो गए। दरअसल, रणबीर, आलिया, विक्की और संजय लीला भंसाली शनिवार रात मुंबई में साथ नजर आए। चारों लव एंड वॉर की टीम के साथ डिनर के लिए पहुंचे थे। फोटो सेशन के दौरान भंसाली कुछ देर के लिए फ्रेम से हटने लगे। रणबीर ने उन्हें वापस बुलाया और साथ में फोटो खिंचवाने के लिए कहा। इसके बाद चारों ने साथ में पोज दिए। फोटो सेशन खत्म होने के बाद रणबीर वहां से जाने लगे। इसी दौरान एक पैपराजी लगातार उन्हें आलिया और विक्की के साथ पोज देने के लिए कहने लगा। रणबीर ने पीछे मुड़कर पैपराजी से कहा, बहुत बोल रहा है तू।

नैनो न्यूज

- **छत्तीसगढ़** : नदी में बह आईं शराब की बोतलें, केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन, 4 हजार यात्री फंसे, यूपी में 70 घंटे से आंधी-बारिश, बिहार में 500 घर डूबे।
- **नई दिल्ली** : मंत्री प्रवेश वर्मा ने युवक को थप्पड़ मारा, आप ने वीडियो पोस्ट करके कहा- सड़क बनाने में भ्रष्टाचार हुआ, सवाल करने पर पीटा।
- **यूएन** : रूस का यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन, जर्मनी-जापान का विरोध किया, सुरक्षा परिषद में 5 परमानेंट मेंबर, भारत 8 बार अस्थायी सदस्य रहा
- **इजराइल** : हमास आतंकी को मार गिराया, 7 अक्टूबर के हमले में इजराइली महिला को किडनैप कर जबरदस्ती गाजा ले गया था।
- **इस्लामाबाद** : पाक रक्षामंत्री ने कहा, तालिबान से दोस्ती गलती थी, अब नतीजा भुगत रहे, महिला पत्रकार को गला काटने का इशारा कर कहा- वहां ऐसे मत जाना।
- **नई दिल्ली** : सरवेश ने ऊंची कूद में जीता रजत, पारुल ने महिलाओं की 3 हजार मीटर स्टीपलचेज में जीता कांस्य।

खबर का असर : प्रदेश के 9 मेडिकल कॉलेज अब सरकारी ही रहेंगे

पीपीपी मॉडल में देने का फैसला वापस, ट्रांजेक्शन एडवाइजर का टेंडर भी निरस्त

भवन तैयार या निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में देने की योजना से बाहर किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के 9 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल के जरिए निजी हाथों में सौंपने की प्रस्तावित योजना पर राज्य सरकार ने फिलहाल यू-टर्न लिया है। अब जिन मेडिकल कॉलेजों के भवन तैयार हैं अथवा निर्माणाधीन हैं, उन्हें सरकारी ही रखा जाएगा। इन्हें पीपीपी मॉडल से बाहर कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय के बाद इन कॉलेजों का संचालन पूर्ववत राज्य सरकार के स्तर पर ही होगा। मेडिकल कॉलेजों के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त करने के लिए निकाला गया टेंडर भी निरस्त कर दिया गया है।

दैनिक अवंतिका ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में देने की प्रस्तावित योजना को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए इसके विभिन्न पहलुओं को सामने रखा था। समाचार प्रकाशित होने के बाद यह मुद्दा सार्वजनिक चर्चा में आया। सरकार के ताजा निर्णय से फिलहाल 9 मेडिकल कॉलेजों को निजी संचालन में जाने से राहत मिली है।

इनमें बुधनी, छतरपुर और दमोह के मेडिकल कॉलेजों के भवन तैयार हैं तथा वहां कॉलेजों का संचालन भी हो रहा है। उज्जैन, मंडला और राजगढ़ के मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं नीमच, श्योपुर और सिंगरौली के मेडिकल कॉलेज केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. चंदर सोनाने के अनुसार अब इन सभी मेडिकल कॉलेजों को सरकारी व्यवस्था के तहत ही संचालित किया जाएगा।

18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी रहेंगे सरकारी

सरकार ने प्रदेश के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निजी हाथों में देने का पूर्व निर्णय भी निरस्त कर दिया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को फिलहाल सरकारी व्यवस्था में बनाए रखने का रास्ता साफ हुआ है। स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्र में इन संस्थानों का सरकारी नियंत्रण में रहना आमजन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

Industrial Training Institute

लेकिन नए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों पर सवाल कायम

- सरकार ने ऐसे प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों के लिए पीपीपी मॉडल की संभावना पूरी तरह समाप्त नहीं की है, जिनके भवन अभी तैयार नहीं हुए हैं और निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है। इनके लिए नीति आयोग द्वारा तैयार टेंडर डॉक्यूमेंट को लागू करने की बात कही गई है। सरकार का तर्क है कि आवश्यकता के अनुसार वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) के माध्यम से परियोजनाओं को व्यवहारिक बनाया जा सकता है।
- यहीं से भविष्य को लेकर सवाल खड़े होते हैं। मौजूदा 9 मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी से बाहर रखने का निर्णय जहां राहत देता है, वहीं नए मेडिकल कॉलेजों के लिए निजी भागीदारी का रास्ता खुला रहना इस बहस को समाप्त नहीं करता। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, शुल्क, गुणवत्ता, गरीब एवं मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों की पहुंच तथा सरकारी नियंत्रण जैसे मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट नीति सामने रखनी होगी।

आईटीआई का अनुभव भी सामने

- सरकारी संस्थानों को पीपीपी मॉडल पर देने के परिणामों को समझने के लिए प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का अनुभव भी चर्चा में है। करीब चार वर्ष पहले प्रदेश के 42 आईटीआई को निजी संस्था के साथ पीपीपी व्यवस्था में देने का निर्णय लिया गया था। इन संस्थानों को लेकर अब फीस, प्लेसमेंट और ट्रेड संबंधी शिकायतें सामने आई हैं।
- शिकायतों के अनुसार जिन आईटीआई में पहले फीस करीब 10,680 रुपए थी, वहीं कुछ संस्थानों में यह राशि बढ़कर डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है और कुछ विद्यार्थियों को फीस के लिए ऋण लेने तक की स्थिति बनी है।
- पीपीपी व्यवस्था लागू करते समय विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के दावे किए गए थे। शिकायतों में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट के वादे के अनुरूप परिणाम नहीं मिलने की बात भी कही गई है। कुछ संस्थानों में आधुनिक ट्रेड शुरू नहीं होने तथा पुराने ट्रेडों के बंद किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

स्वास्थ्य और शिक्षा में निजीकरण पर फिर बहस

मेडिकल कॉलेज और आईटीआई के इन उदाहरणों ने सरकारी संस्थानों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की नीति पर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। शिक्षा और स्वास्थ्य सीधे आमजन से जुड़े क्षेत्र हैं। ऐसे में किसी भी पीपीपी व्यवस्था में शुल्क, गुणवत्ता, सीटों की उपलब्धता, गरीब विद्यार्थियों की पहुंच, रोजगार और सरकारी निगरानी जैसे बिंदुओं पर स्पष्ट जवाबदेही जरूरी है।

9 मेडिकल कॉलेजों और 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सरकारी व्यवस्था में बनाए रखने का फैसला सरकार की नीति में फिलहाल एक महत्वपूर्ण बदलाव है। अब नजर उन प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों पर रहेगी, जहां निर्माण शुरू होना बाकी है। सरकार यदि वहां भी पीपीपी मॉडल लागू करती है तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि निजी भागीदारी के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं का उद्देश्य और आमजन का हित सर्वोपरि बना रहे।

जांच में सामने आईं खामियां

- इन शिकायतों को लेकर कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जांच कराई गई। पहले चरण में परम फाउंडेशन को सौंपे गए 10 आईटीआई की जांच में विभिन्न कमियां सामने आने की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में आईआईटी के पूर्व छात्रों के साथ मिलकर परम फाउंडेशन का गठन किया गया था। प्रदेश की कुल 42 आईटीआई इस व्यवस्था में दिए जाने का प्रावधान है।
- परम फाउंडेशन को धारा 8 के तहत नॉट-फॉर-प्रॉफिट संयुक्त सामाजिक उद्यम के रूप में गठित किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश के उपक्रमों की 40 प्रतिशत तथा पीएआरएफआई की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बताई गई है। आईटीआई को पहले 15 वर्ष के लिए देने और बाद में 5-5 वर्ष की अवधि बढ़ाकर अधिकतम 35 वर्ष तक संचालन का प्रावधान रखा गया है।
- इसके साथ ही विभाग द्वारा प्रति आईटीआई 3.50 करोड़ रुपए दिए जाने का प्रावधान भी बताया गया है। जांच में यदि अनुबंध की शर्तों के अनुरूप काम नहीं होना प्रमाणित होता है तो सरकार के सामने इन संस्थानों की व्यवस्था की पुनर्समीक्षा का सवाल खड़ा होता है।

ग्राहकों की जेब पर त्योहारी सीजन का बढ़ेगा बोझ

अक्टूबर से एसी, टीवी, फ्रिज जैसे अप्लायंसेज 8 प्रतिशत तक होंगे महंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंज्यूमर अप्लायंसेज खरीदने का प्लान बना रहे ग्राहकों की जेब पर बोझ बढ़ने वाला है। 1 अक्टूबर से कंपनियां एसी, एलईडी टीवी वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे प्रोडक्ट्स की कीमतों में 8% तक की बढ़ोतरी करने जा रही हैं।

इंटरनेशनल मार्केट में कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और क्रूड ऑयल से जुड़े कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी और करेंसी में उतार-चढ़ाव के कारण कंपनियों ने यह फैसला लिया है। साल 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की तरफ से यह कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी होगी।

एसी 5-8% तक महंगे होंगे; टीवी-वॉशिंग मशीन के दाम 3-4% बढ़ेंगे- इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एयर कंडीशनर की कीमतों में सबसे ज्यादा 5% से 8% तक का उछाल आएगा। वहीं वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी के दामों में भी 3% से 4% तक की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

1 अक्टूबर से एसी के दाम 5% बढ़ा रहेः हायर इंडिया



- हायर इंडिया के प्रेसिडेंट एनएस सतीश ने कहा कि कॉपर के दाम बीते एक साल में 8 हजार से 9 हजार डॉलर से बढ़कर 14,500 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुंच गए हैं। एक एसी में 3 से 4 किलो कॉपर लगता है।
- हम 1 अक्टूबर से एसी के दाम 5% बढ़ा रहे हैं। अक्टूबर से जनवरी के बीच अलग-अलग फेज में कुल 15% की बढ़ोतरी का अनुमान है।

त्योहारों में सेल्स पर कीमत बढ़ने का असर सीमित

- कंपनियों का मानना है कि त्योहारों में सेल्स पर कीमत बढ़ने का असर सीमित ही रहेगा। इसकी वजह यह है कि ज्यादातर डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अगस्त और सितंबर की प्री-बाइंग स्कीम्स के तहत पुराना स्टॉक पहले ही खरीद लिया है।
- सप्लाई पाइपलाइन में 1 से 1.5 महीने का पुराना स्टॉक मौजूद है, जिसका फायदा उठाकर ग्राहक दिवाली तक पुरानी कीमतों पर ही इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीद सकेंगे। नई कीमतें दिवाली के बाद पूरी तरह लागू होंगी।

ब्लू स्टार, गोदरेज एप्लायंसेज, हायर, डाइकिन और सुपर प्लास्ट्रोनिक्स जैसी दिग्गज कंपनियों ने 4% से 10% तक की बढ़ोतरी कंफर्म की है। एलजी और बॉश होम कम्फर्ट (हिताची) ने एसी के दाम करीब 5% तक बढ़ा दिए हैं, जबकि पैनासोनिक दाम बढ़ाने से पहले रिव्यू कर रही है, इसके बाद प्राइस हाइक पर फैसला करेगी।

आतंकियों को करारा जवाब देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 138वें एपिसोड में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवादी अगर भारत की तरफ आंख उठाकर देखेंगे, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने वाले हैं।

वांगचुक ने सरकार को 2 अक्टूबर की डेडलाइन दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर सोनम वांगचुक ने 2 अक्टूबर तक की डेडलाइन दी है। उन्होंने को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में बहुत कम प्रगति हुई है। वांगचुक ने यह बात लेह में पिछले साल 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद एनएसए के तहत हिरासत में लिए जाने के एक साल पूरे होने पर कही।

उज्जैन में 4 अक्टूबर को हृदय रोग एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माधव सेवा न्यास, उज्जैन एवं ईपिक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के संयुक्त आयोजन में 4 अक्टूबर 2026, रविवार को हृदय रोग परीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीलगंगा चौराहा स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में होगा।

शिविर में हृदय रोग, हड्डी, कैंसर, स्त्री रोग, किडनी एवं डायबिटीज सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे। आयोजन में कार्डियक सर्जन डॉ. अनिल जैन के साथ कार्डियक सर्जन डॉ. अपूर्व पटेल, डॉ. कुणाल जैन एवं डॉ. निखुंज शेखड़ा, हड्डियों के शल्य चिकित्सक डॉ. पार्थ पारिख, कार्डियक/जनरल फिजिशियन डॉ. राजेंद्र बुखर सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा कैंसर सर्जन डॉ. भाविन वडोदेरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतसी शाह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज मंडोत और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. रिमित शाह मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आयोजकों के अनुसार हृदय रोग विशेषज्ञ टीम पिछले 25 वर्षों से सेवाएं दे रही है और 40 हजार सफल ऑपरेशन का अनुभव होने का दावा किया गया है। शिविर में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, इको-कार्डियोग्राफी, पेसमेकर, वाल्व सर्जरी, बाईपास सर्जरी, स्टेंट, एक्स-रे एवं पीईटी-सीटी जैसी जांच या उपचार करा चुके मरीजों को अपनी पुरानी रिपोर्ट साथ लाने की सलाह दी गई है। पंजीयन शुल्क 50 रुपये रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए फ्रेश ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, सीबीसी, छाती का एक्स-रे और ईको जैसी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही डायबिटीज जांच एवं हृदय रोग की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी भी पोस्टर में दी गई है। शिविर में आने वाले मरीजों से पूर्व पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन एवं जानकारी के लिए मो. नं. 8965003636 और 7000756700 पर कॉल कर सकते हैं। आयोजन में लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास, उज्जैन सहयोगी संस्था के रूप में शामिल है।

नेपाल में फिर से बाढ़-भूस्खलन से 6 की मौत, घर और पुल बहे

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल में लगातार बारिश के बीच बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बागलुंग जिले में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बेटों की मौत हो गई। पाल्पा जिले में 2 लोग मारे गए हैं। वहीं, बाढ़ और भूस्खलन से कई घर और पुल बह गए हैं। कई जगह हाईवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। बुटवल में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 1 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ में 1453 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5500 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण नेपाल की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री सुगम सेवा की बस ने चार लोगों को रौंदा, एक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दो दिन पहले शुरू हुई मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा की एक बस ने राजवाड़ा पर एक व्यक्ति की जान ले ली। बस के ब्रेक फेल हो गए और सड़क पर चल रहे लोगों को टक्कर मारते हुए बस एक दुकान के बाहर लगे काउंटर से टकरा गई। बस की चपेट में चार लोग आए इनमें से एक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर दी। बसों के कांच फोड़ दिए। जिस बस से हादसा हुआ वह इलेक्ट्रिक बस थी।

घटना रविवार दोपहर ढाई बजे के करीब हुई। राजवाड़ा के बस स्टैंड पर आ रही एक बस के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वह अनियंत्रित हो गई। सड़क पर दूसरे वाहन का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति को रौंदते हुए बस आगे बढ़ गई और एक वाहन सवार को टक्कर मार दी।

ओपन एआई बॉट्स ने 16 हजार बार डेटा स्कैन किया

बेकाबू एआई सिस्टम ने तोड़ा यूएन का सुरक्षा घेरा

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपन एआई के सिस्टम ने यूनाइटेड नेशंस के ट्रेड विभाग की वेबसाइट का सुरक्षा घेरा तोड़कर डेटा निकाल लिया।

शनिवार को आई एक रिसर्च रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। इसके अनुसार एआई सिस्टम ने ट्रेड विभाग की वेबसाइट पर 16 हजार से ज्यादा सर्च रिक्वेस्ट भेजी थी।



इससे पहले जानकारी मिली थी कि ओपनएआई के इस सिस्टम ने अपनी लैब को बताए बिना ही कामर्स डिपार्टमेंट और अमेरिकी शेयर मार्केट रेगुलेटर एसईसी की वेबसाइटों से डेटा निकाल लिया था। अमेरिका के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक करने की भी कोशिश की थी। रिसर्च रिपोर्ट की लेखक रोवन हॉवर्ड-जोन्स के अनुसार, यह डेटा रिसर्च फर्म 'ट्रांसल्यूस' की ट्रैकिंग पर आधारित है। रिपोर्ट में सामने आया कि ओपन एआई के बॉट्स ने अप्रैल से लेकर जून तक 'यूएन ट्रेड एंड डेवलपमेंट' के पब्लिक डेटा हब को 16 हजार से अधिक बार स्कैन किया।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

संभाग मुख्यालय पर रैफर कब बंद होगा

धर्मनगरी अपने आपमें धर्म समेटे हुए हैं तो सेवा का जज्बा भी समेटे हुए हैं। अंग्रेजों के काल से ही इसे यह योग्यता मिली है जब एक सहायक सर्जन ही पूरा अस्पताल संभालते थे धर्मनगरी और जिले के मरीजों का उपचार तो यहां होता ही था, आसपास के जिलों के रेफर मरीजों को भी यहां उपचार मिलता था। कालांतर में भी संभाग के सबसे बडे इस अस्पताल में एक से एक योग्य चिकित्सकों के नाम आज भी लिए जाते हैं। कुछ वर्षों पूर्व तक उनके यहां प्रदेश के तमाम शहरों से इलाज करवाने मासूम मरीजों को लाया जाता था। महिला चिकित्सको के पास प्रदेश के कई शहरों से मरीज पहुंचते रहे। बहुत जरूरी होने पर ही उस दौर में पास के शहर के 7 मंजिला अस्पताल मरीज को रैफर किया जाता था। पिछले कुछ सालों में इस पूरे मामले ने उलट स्थिति धारण कर ली है। छोटी-मोटी स्थिति में ही मरीज को यहां से पास के शहर के लिए रैफर करने में चिकित्सक देर ही नहीं करते हैं। न तो इस रैफर का कोई ऑडिट होता है और न ही इसे लेकर किसी प्रकार की जांच ही की जाती है। घुटना पेट की तरफ झुकने की कहावत चरितार्थ की जा रही है। खास तो यह है कि संभाग के सबसे अंत में बने लाल माटी के जिले में इस रैफर सिस्टम पर हाल ही में आए एमबीबीएस प्रशासक ने काबू कर लिया है। खुसूर-फुसूर है कि संभागीय मुख्यालय के जिले में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी बैठते हैं। उनसे उपर भारी भरकम प्रशासन के आला अधिकारी बैठ रहे हैं। यहीं बैठकर पूरे संभाग के स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की जा रही है। राजधानी से करेला नीम चढ़ा वाले अफसर भी आते हैं देखते हैं चले जाते हैं। उसके बावजूद व्यवस्था में सुधार की स्थिति का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। उज्जैन से रैफर के हालात देखकर तो यही लगता है कि यहां का खैराती अस्पताल अब सेवा के धर्म की बजाय ट्रांसपोर्टर का कर्म अपना चुका है।

नैनो न्यूज

- डॉ. सखा पाहवा के निवास पर गजलांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में दिलीप जैन ने सेवानिवृत्ति पश्चात इंसान कैसे घर में रखे सूटकेस की तरह हो जाता है, एक व्यंग्य रचना पढ़ी।
- उज्जैन के पूर्व वरिष्ठ कुश्ती जगत के लोकप्रिय रहे पहलवान स्व. राम प्रसाद सारवान को कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों व गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।
- अग्रसेन जयंती की तैयारियों में जुटा अग्रवाल नवयुवक मंडल, भव्य आयोजन की रूपरेखा तय, महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां
- वार्ड 4 की डीपी में करंट फैलने से गोमाता की मौत, रहवासियों में भारी आक्रोश, पूर्व में भी कई मवेशियों की जा चुकी है जान, पार्षद और बिजली कंपनी को शिकायत के बाद भी समाधान नहीं
- मालवी लोक गायन में अजय गांगोलिया ने जीता राष्ट्रीय युवा प्रतिभा सम्मान, भोपाल में पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा ने किया सम्मानित, संस्कृति मंत्रालय ने आयोजित की थी प्रतियोगिता
- मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। जिला ग्रामीण और शहर कांग्रेस 30 सितंबर को निर्वाचन कार्यालय का घेराव करेगी। प्रदर्शन के दौरान ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जाएगी।
- चांदी की पालकी में विराजे श्री आदिनाथ प्रभु, भक्तिभाव से निकली भव्य चैत्य परिपाटी, नयापुरा चारथुई श्रीसंघ की भावयात्रा में उमड़े श्रद्धालु, भैरवगढ़ तीर्थधाम पर धर्मसभा और स्वामीवात्सल्य का हुआ आयोजन

ट्रेंडिंग



नानाखेड़ा बस स्टैंड के बाहर क्रेनों का अवैध पार्किंग बना

आमजन के चंद मिनट रुकने पर बना दिया जाता है चालान, यहां घंटों खड़ी रहती हैं विशालकाय क्रेनें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की सड़कों पर यातायात नियमों के पालन को लेकर आमजन पर सख्ती और भारी वाहनों के मामले में कथित ढिलाई का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। नानाखेड़ा स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क पर विशालकाय क्रेन कतारबद्ध खड़ी रहती हैं। सुबह से घंटों तक सड़क के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाए रहने वाली इन क्रेनों के कारण बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों और अपडाउनर्स को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इंदौर रोड से शहर में प्रवेश करते ही बस स्टैंड के मुहाने पर खड़ी ये क्रेन यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समीप क्रेनों के खड़े रहने से बस स्टैंड की ओर जाने वाला रास्ता संकरा हो जाता है। यही क्षेत्र इंदौर और देवास की ओर प्रतिदिन अपडाउन करने वाले लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। समीप ही वाहन स्टैंड होने से बड़ी संख्या में लोग अपने दोपहिया वाहन खड़े कर बस पकड़ते हैं, लेकिन सड़क पर खड़ी भारी-भरकम क्रेनों के कारण यात्रियों को घूमकर बस स्टैंड तक पहुंचना पड़ता है।





आवाजाही में भारी परेशानी

शहर के प्रमुख नानाखेड़ा बस स्टैंड के बाहर इन दिनों भारी-भरकम क्रेनों ने अवैध रूप से अपना स्थायी पार्किंग स्थल बना लिया है। स्टैंड के मुख्य द्वार और सर्विस रोड पर बेतरतीब ढंग से खड़ी इन क्रेनों के कारण यातायात की स्थिति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। प्रतिदिन यहां से सफर करने वाले हजारों यात्रियों और राहगीरों को आवाजाही के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन क्रेनों के जमावड़े की वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा घिर जाता है, जिससे दिनभर जाम और अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। क्रेन पार्किंग के आसपास ही ऑटो और ई-रिक्शा भी खड़े रहते हैं, जिससे मुख्य मार्ग और अधिक संकरा हो जाता है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि यह अवैध पार्किंग लंबे समय से चल रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं।

खड़े रहने की जगह नहीं, क्रेन ने पैर पसारे

इंदौर आने-जाने वाले टीसीएस, इन्फोसिस सहित अन्य संस्थानों और कुछ विद्यालयों के कर्मचारी प्रतिदिन बसों या कारों से इसी क्षेत्र से आवागमन करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समीप स्टाफ को लेने-छोड़ने के लिए वाहनों के रुकने की जगह पहले ही सीमित है, ऐसे में क्रेनों द्वारा सड़क का बड़ा हिस्सा घेर लिए जाने से परेशानी और बढ़ जाती है।

सड़क पर यात्रियों और वाहनों के बीच जगह कम होने से कभी भी दुर्घटना की स्थिति बन सकती है। सवाल यह भी है कि यदि आम नागरिक मुख्य सड़क पर कुछ मिनट वाहन खड़ा कर दे तो यातायात नियमों के नाम पर चालान की कार्रवाई की जाती है, तो घंटों तक सड़क घेरकर खड़ी रहने वाली विशालकाय क्रेनों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती यह विचारणीय प्रश्न है। यातायात पुलिस और संबंधित प्रशासन को नानाखेड़ा बस स्टैंड के बाहर सड़क पर खड़ी इन क्रेनों की स्थिति का संज्ञान लेकर यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन्हें यहां खड़ा करने की अनुमति है या नहीं। यदि अनुमति नहीं है तो मुख्य मार्ग को पार्किंग स्थल बनने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई जरूरी है।

पितरों की शांति निमित्त गयाकोठा पर जतन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कालों के काल महाकाल की नगरी को धर्मशास्त्रों में पुण्यदायी पुरी कहा गया है। अंकपात क्षेत्र स्थित गयाकोठा तीर्थ श्राद्धपक्ष में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने गुरु सांदीपनि के पुत्र की मोक्ष प्राप्ति के निमित्त इसी स्थान पर पावन त्रिवेणी की धार उत्पन्न की थी और उनका पिंडदान किया था। पितृऋण से मुक्ति की कामना लेकर वंशज श्राद्धपक्ष में दूर-दूर से यहां पहुंचकर तर्पण और पिंडदान करते हैं। रविवार तड़के से ही गयाकोठा तीर्थ पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पंडित अपने यजमानों को धार्मिक विधि-विधान से श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कराते नजर आए। पूजन के बाद श्रद्धालु जटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान जटेश्वर, गजाधर, गजासुर और सप्तऋषि के पूजन के साथ दुग्ध अर्पित किया। पितरों की शांति और मोक्ष की कामना से महिलाओं ने भी तर्पण व पिंडदान किया। जटेश्वर महादेव मंदिर में दुग्ध अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

कृष्ण ने किया था गजासुर का संहार

मंदिर में जटेश्वर महादेव, सप्तऋषि, गजासुर और कृष्णावतार गजाधर के सुंदर विग्रह विराजित हैं। मान्यता है कि गजाधर ने दैत्य गजासुर का संहार कर उसे मोक्ष प्रदान किया था। इसी कारण मोक्ष की कामना से गयाकोठा को अति पावन तीर्थ माना जाता है। मान्यता के अनुसार यहीं भगवान कृष्ण ने त्रिवेणी की धार उत्पन्न की थी। मंदिर में मोक्ष के देवता महादेव और गजाधर आदि को दुग्ध अर्पित कर श्रद्धालु अपने पितरों की शांति और मोक्ष की कामना करते हैं।

– पं. विप्लव व्यास, गयाकोठा तीर्थ

सुरेश रैना ने पत्नी संग किए बाबा महाकाल के दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने रविवार सुबह पत्नी प्रियंका रैना के साथ विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। दोनों तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए और भगवान महाकाल के ज्योतिर्लिंग का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

भस्म आरती में शामिल होने के बाद सुरेश रैना ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि उनके साथ पत्नी प्रियंका, साले विवेक और उनकी पत्नी नेहा भी मौजूद थीं। रैना ने पूरे परिवार के साथ भस्म आरती में शामिल होने के अनुभव को खास और सुखद बताया। महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद प्रियंका रैना ने अनुभव को दिव्य बताया। उन्होंने कहा कि यह उनका पहला ज्योतिर्लिंग दर्शन था और उज्जैन आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। सुरेश रैना ने आम श्रद्धालुओं से उज्जैन आकर भगवान महाकाल के दर्शन करने और भस्म आरती में शामिल होने की अपील की। रैना भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक भारत के लिए वनडे और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है।

मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक मकान पर गेती चलाकर चौड़ीकरण कार्य किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन शहर के अब्दालपुरा क्षेत्र के मूल निवासी हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को अब्दालपुरा स्थित अपने पैतृक मकान में खुद गेती चलाकर चौड़ीकरण कार्य की है। मुख्यमंत्री रविवार सुबह 10 बजे अब्दालपुरा पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क चौड़ीकरण कार्य की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने खुद के पैतृक मकान पर गेती चलाई और सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए यह निजी मकान तोड़ने की शुरूआत की।

अब्दालपुरा उज्जैन शहर की बहुत पुरानी बस्ती है। यहां पर एक तरफ खजूर वाली मस्जिद है और दूसरे छोर पर जीवाजीगंज थाना है। इसके बीच के 272 मकानों में अधिकांश मकान हैं। यहां सड़क चौड़ीकरण से अब आवागमन आसान होगा। यह चौड़ीकरण इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। सड़क चौड़ी होने के बाद यहां बनने वाले मकानों और दुकानों की वैल्यू बढ़ जाएगी और व्यापार-व्यवसाय भी बढ़ेगा।

स्वच्छता के लिए त्रिशूल शिवगण वाहिनी पहुंची सिद्धनाथ घाट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाएं और निर्माल्य सामग्री नदी में प्रवाहित करने के कारण दूषित हुई शिप्रा नदी की सफाई का कार्य दूसरे दिन भी त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा किया गया। शिप्रा को निर्मल करने के कार्य में महंतश्री नीलेश्वर पुरी महाराज जूना अखाड़ा, सिद्धनाथ घाट तीर्थ पुरोहित महासंघ भी अभियान में सम्मिलित हुए।

सुरेंद्र चतुर्वेदी संस्थापक व अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि शिप्रा नदी को निर्मल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलनाथ घाट पर शिप्रा सफाई के उपरांत आज सिद्धनाथ घाट पर सफाई का कार्य किया गया। इसी क्रम में 29 सितंबर को गयाकोटा तीर्थ स्थल के कुंड की सफाई का कार्य भी किया जाएगा।

संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर ने बताया कि नदी में निर्माल्य सामग्री लगातार प्रवाहित की जाती है, लेकिन उन्हें कई समय तक साफ न करने के कारण जल संरचनाओं में गंदगी हो जाती हैं जिससे उनका पानी अशुद्ध हो रहा है। संस्था द्वारा सांकेतिक रूप से अभियान चलाकर जन जागरण के माध्यम से शहर वासियों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। इसी पुनीत कार्य के लिए में साधु-संत एवं तीर्थ-पुरोहित भी आगे आए हैं। श्रीनागर में कहा कि पवित्र शिप्रा नदी में गंदे नालों का पानी लगातार मिल रहा है जिसे रोके जाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर सिद्धनाथ तीर्थ पुरोहित पुजारी महासभा के सर्वश्रेष्ठ सुधीर चतुर्वेदी, द्वारकाधीश शास्त्री, बालकृष्ण पुजारी, दिनेश चतुर्वेदी, सदाशिव शर्मा, प्रकाश व्यास, रमेश रघुवंशी, शैलेश दुबे, मनोज शर्मा, हेमंत शास्त्री, सुधीर पंडया, रमेश पंडया, ज्वलंत चतुर्वेदी, महंत लालू भारती, शिवनारायण शर्मा, जेथल के मांगू सिंह, विराट शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाव प्रबोध ने तीन साहित्यकारों सहित डॉ. आरपी तिवारी को किया सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कालजयी साहित्य की रचना तपस्वी साहित्यकार करते हैं। उनका साहित्य सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् पर आधारित होता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए साहित्य ज्ञान राशि का संचित कोष होता है। यह विचार आध्यात्मिक मनीषी एवं चिंतक डॉ. देवकरण शर्मा ने साहित्यिक संस्था भाव प्रबोध द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर प्रमोद त्रिवेदी, मालवी कवि डॉ. शिव चौरसिया तथा प्रसिद्ध आशुकवि सूरज नागर को सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ. आर.पी. तिवारी का भी सम्मान किया गया।





दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस से नवजात को अहमदाबाद पहुंचाया

उज्जैन। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित एक दिन के नवजात को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीएम श्री एयर एम्बुलेंस की सहायता से अहमदाबाद पहुंचाया गया। उज्जैन से इंदौर और इंदौर से अहमदाबाद तक नवजात को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि नवजात के परिजनों के पास आयुष्मान कार्ड होने के कारण पात्रतानुसार उपचार एवं संबंधित स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

इंदौर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा बस स्टैंड के आसपास स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी कमियां पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए तथा खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। साउथ तुकोगंज स्थित भारतीय भोजनालय का प्रभारी श्री मयंक पांडे की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कर्मियों के मेडिकल प्रमाण-पत्र, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र, खाद्य परीक्षण रिपोर्ट एवं पानी की जांच रिपोर्ट मौके पर उपलब्ध नहीं पाई गई। उक्त कमियों के संबंध में प्रतिष्ठान को सुधार सूचना नोटिस जारी किया जा रहा है।

इंदौर में सजी सुरमई शाम, महफिल को अलग रंगत दी

इंदौर। इंदौर के आनंद मोहन माथुर सभागृह में शनिवार की सुरमई शाम यादों का लिहाफ ओढ़कर आई। नवोदित गायिका सृष्टि जगताप ने उन चुनिंदा गजलों और गीतों को पेश किया जो दिल को सुकून देते हैं। दिल से दिल तक की थीम की इस महफिल की शुरूआत मोहब्बत करने वाले... गजल के साथ हुई। फिर सृष्टि ने जगजीत सिंह के मशहूर गीत तुमको देखा तो ये ख्याल आया... को अपने अंदाज में गाया और अपनी थीम को माहौल देने की कोशिश की। फिर चुपके चुपके रात दिन, दिल में एक लहर सी उठी है अभी, रफ्ता-रफ्ता गजल गाकर समां बांध दिया। श्रोता गजलों में खुद की जिंदगी के किस्सों को खोजने लगे। गजलों के बीच संचालनकर्ता पारुल सुखवानी की शायरी ने भी महफिल को अलग रंगत दी।

हिंदू इकोनॉमिक फोरम के इंदौर चैप्टर का शुभारंभ



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदू इकोनॉमिक फोरम के इंदौर चैप्टर के शुभारंभ कार्यक्रम में अर्थ अभ्युदय विषय पर मुख्य संबोधन दिया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य सहित बड़ी संख्या में उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित हिंदू इकोनॉमिक फोरम के कार्यक्रम में उद्योगपतियों को प्रदेश की उद्योग नीति और औद्योगिक विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज उन क्षेत्रों में अग्रणी है, जो उद्योगों के लिए सबसे आवश्यक और महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सरप्लस बिजली के साथ पर्यास लैंड बैंक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पानी पर सोलर पैनल से भी बिजली बनाई जा रही है। साथ ही पानी से एनर्जी के भी स्रोत मजबूत हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के नए सेक्टर पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसमें धार्मिक पर्यटन के साथ मेडिकल टूरिज्म भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आर्थिक विकास के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

नैनो न्यूज

- **देवास – बैंक नोट प्रेस को सोलर प्रोजेक्ट-** बैंक नोट प्रेस देवास के लिए 3 मेगावाट ग्रिड-कनेक्टेड सोलर प्रोजेक्ट का काम मंजूर हुआ है। इससे संस्थान की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी।
- **शाजापुर – गणेश विसर्जन पर विवाद-** जादमी नदी विसर्जन स्थल पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज किया।
- **सुसनेर – दूध खरीदी बढ़ाने पर अड़े विक्रेता-** सुसनेर में दूध विक्रेताओं ने खरीदी दर 60 से बढ़ाकर 100 रुपए लीटर करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की।
- **आगर – नौ लाख के जेवर बरामद-** आगर-मालवा में पुलिस ने अंतरराज्यीय चोरी गिरोह का खुलासा कर एक युवक और उसकी बहन को पकड़ा। आरोपियों से करीब नौ लाख के जेवर बरामद हुए।
- **रतलाम – आवासीय मकानों पर सख्ती-** हाउसिंग बोर्ड ने रतलाम की अलकापुरी, जवाहर नगर और दीनदयाल नगर में आवासीय संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग पर सात दिन में रोक लगाने के निर्देश दिए।
- **मंदसौर – सोयाबीन फसल को नुकसान-** लगातार बारिश से मल्हारगढ़ क्षेत्र के खेतों में जलभराव हुआ। सोयाबीन और उड़द फसल प्रभावित होने पर किसानों ने तत्काल सर्वे और मुआवजे की मांग की।

मध्यप्रदेश नगरीय निकाय चुनाव: चुनावी आय और खर्च का ब्यौरा बैंकों के माध्यम से देना होगा

अब खर्च का देना होगा पूरा हिसाब, कई नियमों में हुआ बदलाव

नए नियमों के तहत अब महापौर पद के उम्मीदवार को 32 हजार रुपए, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को 24 हजार रुपए जमानत राशि जमा करनी होगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश में अगले - नगरीय निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार ने चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों के लिए नियमों में अहम बदलाव किए हैं। महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि, नामांकन प्रक्रिया और चुनावी खर्च के हिसाब-किताब से जुड़े प्रावधानों में बदलाव किया गया है।

नए नियमों के तहत अब महापौर पद के उम्मीदवार को 32 हजार रुपए, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को 24 हजार रुपए जमानत राशि जमा करनी होगी। साथ ही चुनाव लडने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को चुनावी आय-व्यय का रिकॉर्ड रखने के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक में अलग और स्वतंत्र बैंक खाता खोलना होगा। राज्य के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। इसमें महापौर, अध्यक्ष और पार्षद के निर्वाचन से लेकर नामांकन, चुनावी खर्च और पद से वापस बुलाने की प्रक्रिया से जुड़े प्रावधानों को स्पष्ट किया गया है। महापौर की जमानत राशि 32 हजार और नगरपालिका अध्यक्ष की 24 हजार है। संशोधित नियमों में नामांकन प्रक्रिया की समय-सीमा को भी स्पष्ट किया गया है। निर्वाचन की सूचना प्रकाशित होने के बाद सातवें दिन को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख माना जाएगा। यदि सातवां दिन सार्वजनिक अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को अंतिम तारीख माना जाएगा।

एक पद के लिए एक ही नामांकन स्वीकार किया जाएगा

किसी एक पद के लिए प्रत्याशी द्वारा दो या उससे अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने की स्थिति में एक से अधिक नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी अतिरिक्त नामांकन-पत्र स्वीकार नहीं करेगा। नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा चुनावी खर्च की निगरानी से जुड़ा है। महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षद पद के उम्मीदवारों को चुनाव से संबंधित आय-व्यय का हिसाब रखने के लिए अलग बैंक खाता खोलना होगा। नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार को इस बैंक खाते की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर को देनी होगी। चुनाव से जुड़ी प्राप्तियों और खर्च का रिकॉर्ड इसी खाते के माध्यम से रखना होगा।

खर्च दर्ज करना होगा- नामांकन से मतगणना तक का उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करने की तारीख से लेकर मतगणना की तारीख तक हुए चुनावी खर्च का पूरा लेखा प्रस्तुत करना होगा। इसमें चुनाव प्रचार और निर्वाचन से संबंधित अन्य खर्च भी शामिल होंगे। निर्धारित समय में खर्च का लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर राज्य निर्वाचन आयोग उम्मीदवार के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। नियमों के तहत उम्मीदवार को निर्धारित अवधि के लिए चुनाव लडने से निरर्हित भी किया जा सकता है।

खर्च के दस्तावेज भी रखने होंगे सुरक्षित

उम्मीदवारों को चुनावी खर्च से संबंधित रिकॉर्ड और आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखने होंगे। अलग बैंक खाते की व्यवस्था के जरिए चुनावी चंदे, प्राप्तियों और भुगतान का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने की व्यवस्था की गई है। पद रिक्त होने पर भी सूचना देना जरूरी महापौर, अध्यक्ष या पार्षद का पद मृत्यु, इस्तीफा, निर्वाचन निरस्त होने या किसी अन्य कारण से रिक्त होने पर इसकी सूचना निर्धारित समय-सीमा में जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी। संशोधित नियमों में महापौर और अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने की प्रक्रिया को भी शामिल किया गया है। यह कार्रवाई संबंधित नगरपालिका और नगर निगम कानूनों के प्रावधानों तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी।

गयाकोठा पर दुग्धाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतार, तीर्थों की बदहाल तस्वीर देखकर श्रद्धालु व्यथित हो गए

पितृ पक्ष : उज्जैन में ऋषि तलाई के गंदे पानी में पिंडदान...

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महालय श्राद्ध पक्ष के पहले ही दिन शनिवार को तीर्थपुरी अवंतिका में आस्था का ज्वार उमड़ा। गयाकोठा, सिद्धवट और रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पितरों की प्रसन्नता और मोक्ष की कामना से तर्पण-पिंडदान करने पहुंचे। लेकिन तीर्थों की बदहाल तस्वीर देखकर श्रद्धालु व्यथित हो गए।

पुराण प्रसिद्ध ऋषितलाई में उन्हें गंदे और बदबूदार पानी के बीच बैठकर पितरों का तर्पण-पिंडदान करना पड़ा। तलाई में काई, जलीय वनस्पतियों और पूजन सामग्री के अवशेषों के बीच श्रद्धालु पिंड अर्पित करते नजर आए।गयाकोठा का महत्व बिहार के प्रसिद्ध गया तीर्थ के समान माना गया है। मान्यता है भगवान श्रीकृष्ण ने यहां अपने गुरु सांदीपनि के पुत्रों को मोक्षप्रदान करने के लिए ऋषि तलाई में फल्गु नदी का प्राकट्य किया था। मान्यता है गयाकोठा पर पितृकर्म के बाद ऋषि तलाई में पिंड विसर्जन करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अभिषेक के लिए लंबी कतार, शुद्ध दूध की दरकार

गयकोठा तीर्थ पर प्राचीन ऋषि तलाई के अलावा भगवान विष्णु और सप्त ऋषियों के चरण चिह्न मौजूद हैं। श्राद्ध पक्ष में इनके दुग्धाभिषेक का विशेष महत्व है। मान्यता है इनकी साक्षी में श्राद्ध तथा दूध अर्पित करने से पितरों की तृप्ति, सद्गति तथा मोक्ष होता है।

इसी मान्यता के चलते श्राद्ध पक्ष के सोलह दिन हजारों श्रद्धालु यहां दुग्धाभिषेक करने आते हैं। बाहर से आने वाले कई आस्थावानों को तीर्थ पर आकर दुग्धाभिषेक के महत्व की जानकारी मिलती है, ऐसे में श्रद्धालु अगर दुग्धाभिषेक करना चाहे तो उन्हें दूध खरीदने के लिए दूर जाना पड़ता है। भक्तों की मांग है कि प्रशासन श्राद्ध पक्ष में उज्जैन दुग्ध संघ के माध्यम से यहां दूध विक्रय के लिए अस्थाई काउंटर की शुरूआत करा दे, तो सुविधा होगी।

यातायात के इंतजाम नहीं

गयाकोठा तीर्थ पर तमाम अव्यवस्था के साथ यातायात के भी इंतजाम नहीं है। तीर्थपुरोहित व पितृकर्म करने आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को भीतर ऋषि तलाई तक लेकर जा रहे हैं। इससे परिसर में आवागमन बाधित हो रहा है। अभी श्राद्ध पक्ष के 15 दिन शेष हैं, प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुविधा के व्यापक इंतजाम करना चाहिए।



महालय श्राद्ध पक्ष में रविवार को प्रतिपदा का श्राद्ध रहा। श्री क्षेत्र पंडा समिति के पं. राजेश त्रिवेदी ने बताया रविवार को प्रतिपदा तिथि पर पूवार्भाद्रपद नक्षत्र रहा। प्रतिपदा तिथि श्रेष्ठ जीवन साथी तथा उत्तम संतान प्रदान करने वाली मानी गई है। रविवार का दिन आरोग्य प्रदाता है और पूवार्भाद्रपद नक्षत्र अदालत के कार्यों में विजय श्री तथा शारीरिक बल प्रदान करने वाला है। इस दिन पितरों का श्राद्ध करने से उक्त फलों की प्राप्ति होती है।

कृष्ण काल की यह सनातन परंपरा आज भी जीवंत है, इसीलिए प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु श्राद्ध पक्ष के सोलह दिन यहां पितृकर्म करने आते हैं। हालांकि प्रशासनिक अनदेखी के कारण तीर्थ की बदहाली से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना आहत हो रही है। शनिवार को भी सैकड़ों श्रद्धालु यहां व्यवस्था को कोसते नजर आए। श्रद्धालुओं का कहना था कि शासन, प्रशासन को देशभर से आने वाले हजारों भक्तों की भावना का ध्यान रखते हुए तीर्थ पर साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, पार्किंग आदि का इंतजाम कराना चाहिए।

निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण व औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला आयुष अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में एवं संभागीय अधिकारी उज्जैन के सानिध्य में 11 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में शासकीय आयुष विंग आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विंग आनंद भवन वेदनगर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण व औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः योग एवं ध्यान सत्र से शुरू होकर प्रातः 9 बजे श्री धन्वन्तरि भगवान के पूजन से शुरू हुआ। कार्यक्रम का संचालन आयुष होम्योपैथी विंग उज्जैन में पदस्थ डॉ. अमर राठौड़ ने किया। कार्यक्रम में पधारे संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति पांचाल व जिला आयुष अधिकारी डॉ मनीषा पाठक जी ने आयुर्वेद व राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम स्वस्थ विश्व के लिए आयुर्वेद पर विचार व्यक्त किए साथ ही डॉ राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ महेन्द्र कौशल आयुर्वेद विशेषज्ञ ने जीवन में आयुर्वेद के सिद्धांतों की महत्ता बताई कार्यक्रम में क्षेत्रीय वरिष्ठ पार्षद एल्डरमैन मधुकर राव तथा पार्षद प्रतिनिधि कुशवाह व विद्यापति नगर आरएसएस प्रमुख आनंदीलाल सोनी एवं स्थानीय डॉ. अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी व डॉ. महेन्द्र कौशल आयुर्वेद विशेषज्ञ तथा फार्मासिष्ट गोविन्द उसारिया, प्रीती पंवार व सीमा चौहान, शबाब उपस्थित रहे।

व्यासपीठ का पूजन कर कथा का शुभारंभ किया

श्रीमद् भागवत कथा में कलश शोभायात्रा निकाली

जीव के कल्याण का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत कथा-आचार्य डॉ प्रभाकर त्रिपाठी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तिलक नगर कम्युनिटी हॉल में 26 सितंबर को 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का भव्य कलश शोभायात्रा के साथ व्यासपीठ का पूजन कर कथा का शुभारंभ किया।

प्रचार प्रमुख शैलेन्द्र महाजन ने बताया की आज श्रीमद् भगवद्गीता के प्रथम दिन दोपहर काशी के प्रसिद्ध कथा वाचक परम पूज्य आचार्य श्री प्रभाकर त्रिपाठी जी महाराज के सानिध्य में कलश शोभायात्रा प्रारंभ हुई। आचार्य श्री ने मंत्रोच्चार के साथ भागवत पुराण की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को प्रारम्भ किया।

शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वज लहरा रहा था। उसके पीछे श्रीमद् भागवत महापुराण का ग्रंथ महापौर परिषद् सदस्य राजेश उदावत,कीर्ति उदावत,अनुराधा उदावत,मनमोहन उदावत माथे पर रखकर पैदल चल रहे थे ।सुसज्जित रथ पर कथा वाचक आचार्य डॉ प्रभाकर त्रिपाठी सवार थे।बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों पर भजन मंडली द्वारा राधे राधे,जय श्रीकृष्ण,रमेरे बाँके बिहारी लाल जैसे भजनों की प्रस्तुति से काश गूंज उठा ।शोभायात्रा तिलक नगर होते हुए दर्गा मंदिर,जैन मंदिर ,सालासर बालाजी मंदिर,बख्तवार राम नगर होते हुए तिलक नगर कम्युनिटी हॉल पर समापन हुआ। जिसका रहवासियों ने जगह-जगह पर महिलाओं ने आरती उतारी पूजन कर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया ।

शोभायात्रा भ्रमण के बाद यात्रा कथा स्थल तिलक नगर कम्युनिटी हॉल पहुंची, जहाँ विधि-विधान से कलशों की स्थापना कर व्यासपीठ का पूजन महापौर परिषद् सदस्य राजेश उदावत, कीर्ति उदावत, अनुराधा उदावत, मनमोहन उदावत ने किया । इसके बाद दोपहर 2:30 बजे कथा का प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ। कथा व्यास आचार्य डॉ.प्रभाकर त्रिपाठी महाराज ने व्यासपीठ से भागवत महात्म्य का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में जीव के कल्याण का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत कथा से ही है। जिस घर में भागवत कथा होती है, वहां लक्ष्मी जी का वास होता है। उन्होंने गोकर्ण और धुंधुकारी की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे भागवत सुनने से प्रेत योनि से भी मुक्ति मिल जाती है। उनकी ओजस्वी वाणी और मधुर भजनों ने पहले ही दिन सैकड़ों भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चों की फीस भी नहीं भरी

दो महीने से बिना वेतन काम करने को मजबूर अस्पतालों के कर्मचारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के सामने दो महीने से वेतन न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि समय पर भुगतान न होने से उनके दैनिक जीवन की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

जिन कर्मचारियों के खातों में राशि स्थानांतरित की गई है, उनका कहना है कि उन्हें पूरा वेतन नहीं दिया गया है। उनके भुगतान में से 4 से 5 हजार रुपये की कटौती कर दी गई है। अल्प वेतन में गुजारा करने वाले इन कर्मचारियों के लिए मकान का किराया चुकाना, छोटे बच्चों की देखभाल करना और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो गया है। इस समस्या को लेकर कर्मचारी पूर्व में कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च कर अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब वे इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क करते हैं, तो उन्हें यह उत्तर मिलता है कि कंपनी के पास फंड उपलब्ध नहीं है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज के तहत बीवीजी इंडिया लिमिटेड कंपनी के करीब एक हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं।

काले हिरण के मांस की तस्करी : वन्यजीवों की खाल-ट्रॉफी के नेटवर्क की तलाश

जेल में बंद तस्कर को हाईकोर्ट ने नहीं दी जमानत

मुख्य तस्कर 22 महीने से जेल में बंद है

परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय ने जमानत देने से इन्कार कर दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

काले हिरण के मांस की तस्करी और वन्यजीवों के शिकार के मामले में जेल में बंद आरोपितों को उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ से फिलहाल राहत नहीं मिली है। मुख्य तस्कर 22 महीने से जेल में बंद है। परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय ने जमानत देने से इन्कार कर दिया। साथ ही ट्रायल में देरी पर न्यायालय ने गंभीरता दिखाई और सुनवाई रोजाना करने के आदेश दिए हैं।

इधर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए वन्यजीवों की खाल और ट्राफी की तस्करी से जुड़े अहम सबूत जुटा रही है कि जानवरों के शिकार के बाद बाकी अंगों का तस्कर क्या करते हैं और इन्हें कैसे और कहां भिजवाया जाता है।

एक दिसंबर 2024 को आगरा-मुंबई राजमार्ग पर पीथमपुर के पास महू वन विभाग और पुलिस ने मुंबई निवासी इम्तियाज खान, सलमान पिपारजी और जौहर हुसैन को गिरफ्तार किया था। इनके पास से काले हिरण का 65 किलो मांस, चार मोबाइल, तीन कारतूस, एक देसी पिस्टल और वाहन जब्त किया गया था।

मोबाइल में हिरण, चीतल और बारहसिंगा के शिकार की तस्वीरें और खाल निकालने के वीडियो मिले

कुछ समय बाद जांच एसटीएसएफ को सौंपी गई। इम्तियाज के मोबाइल की जांच में हिरण, चीतल और बारहसिंगा के शिकार की तस्वीरें और खाल निकालने के वीडियो मिले। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ा और शाजापुर के राघौखेड़ी गांव निवासी आजाद सिंह सोलंकी और मुंबई निवासी सबाह पुत्र सलाहुद्दीन को भी आरोपित बनाया गया।

जांच में अब सबसे अहम सवाल यह है कि शिकार के बाद वन्यजीवों की खाल और सिर यानी ट्राफी आखिर कहां पहुंचाए जाते थे। रिमांड के दौरान पूछताछ के बावजूद आरोपितों से इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। यही वजह है कि एसटीएसएफ अब इस मामले को सिर्फ काले हिरण के मांस की तस्करी तक सीमित नहीं मानकर इसके पीछे संभावित नेटवर्क की कड़ियां तलाश रही है। टीम मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी संभावित संपर्कों की जानकारी जुटा रही है।

गवाहों की मौजूदगी पर भी जोर

तस्कर सलमान की जमानत को लेकर न्यायालय में सुनवाई हुई, जिसमें एक बार फिर याचिका खारिज की गई। 16 सितंबर को न्यायालय ने रोजाना सुनवाई करने को कहा है। इस दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करना भी अहम होगा। इसके लिए वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो को नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है। अब न्यायालय की कार्रवाई और जांच दोनों स्तरों पर मामले को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश होगी।

कूनो में 1 अक्टूबर से सफारी का रोमांच, पहली बार खुले जंगल में दिखेंगे 16 चीते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में सफारी का रोमांच इस बार अपने चरम पर होने वाला है। 1 अक्टूबर से शुरू हो रहे नए पर्यटन सत्र में सैलानियों को एक बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है।

पिछले चार सालों में ऐसा पहली बार होगा जब अक्टूबर की शुरूआत में ही 16 चीते खुले जंगल में घूमते नजर आएंगे। चीतों के इस खुले दीदार से पार्क प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार पर्यटकों की संख्या पिछले साल के मुकाबले दोगुनी हो सकती है। पिछले सीजन में कूनो में चीतों का दीदार करने करीब 9,117 पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन इस बार खुले जंगल में 16 चीतों की मौजूदगी को देखते हुए प्रबंधन ने करीब 20 हजार पर्यटकों के आने का अनुमान जताया है। सैलानियों की इस संभावित भीड़ से श्योपुर के स्थानीय होटल संचालकों, सफारी वाहनों और गाइडों समेत दर्जनों कारोबारों में जबरदस्त उछाल आने की उम्मीद है। पर्यटकों की बढ़ती तादाद को देखते हुए सुविधाओं में भी इजाफा किया जा रहा है। अब तक सफारी की ऑफलाइन टिकट सिर्फ टिकटोली, अहेरा और पीपलवाड़ी (विजयपुर) गेट से ही मिलती थी। लेकिन 1 अक्टूबर से श्योपुर जिला मुख्यालय पर स्थित कूनो कार्यालय में भी चौथा बुकिंग काउंटर शुरू हो जाएगा। इस नई व्यवस्था से सैलानियों को सफारी बुकिंग के लिए सीधे पार्क के गेट तक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में चीतों की कुल संख्या 51 है। इन चीतों को देखने और सफारी का बेहतरीन अनुभव देने के लिए इस बार पार्क के अंदर गाड़ियों और गाइडों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

न्यूज कालम



आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति देश को नई दिशा दे रही है - सांसद पाटील

बुरहानपुर। बूथ क्रमांक 256 पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 138वां संस्करण सुना। इस अवसर पर पाटील ने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक के 10 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय सेना के शौर्य को याद किया। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति और सीमा पार जाकर सेना द्वारा दिखाए गए साहस ने देश का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी का महत्व बताया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की गौरवगाथा के माध्यम से देश की सांस्कृतिक शक्ति का उल्लेख किया। महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा मंत्र तथा स्वच्छता अभियान से जुड़ रहे युवाओं में आई जागरूकता पर भी चर्चा की। पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नशामुक्ति अभियान में युवाओं की बढ़ती भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। नशामुक्त भारत का संकल्प विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही खेलों में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का भी जिक्र किया गया। उन्होंने कार्यकताओं से स्वच्छता, नशामुक्ति, सेवा और विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामदास शिवहरे, पूर्व महापौर अतुल पटेल, मनोज टंडन, प्रकाश काले, दिनकर पाटील, अनिल वानखेड़े, दीपक वाभले, पंकज पवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्षमा के भाव से मिटे मनमुटाव, जैन समाज ने एक-दूसरे से मांगी माफी



सनावद। पर्युषण एवं दशलक्षण महापर्व के समापन अवसर पर रविवार को सकल जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व श्रद्धा और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे के प्रति हुए मनमुटाव और कटुता को भुलाकर हाथ जोड़कर क्षमा मांगी तथा गले मिलकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सन्मति जैन काका ने बताया कि जैन धर्म में पर्युषण पर्व को आत्म जागृति और आत्मशुद्धि का पर्व माना गया है। यह पर्व व्यक्ति को अपने भीतर झांकने और मन की कटुता दूर करने की प्रेरणा देता है। जिस प्रकार दीपावली पर घर की सफाई की जाती है, उसी प्रकार पर्युषण मन की सफाई का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि क्षमा तभी सार्थक है, जब मन से कटुता और अहंकार दूर हो। परंपरा अनुसार दोपहर में सबसे पहले आदिनाथ जिनालय, इसके बाद सुपार्श्वनाथ मंदिर और अंत में पार्श्वनाथ जैन बड़ा मंदिर में श्रीजी का अभिषेक किया गया। भगवान की माल लेने का सौभाग्य शैलेश कुमार, नमन एवं मुदित लाठिया परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद समाजजनों ने भगवान के समक्ष हाथ जोड़कर क्षमा याचना की। एक-दूसरे से गले मिलकर बीते मनमुटाव और गिले-शिकवों को भुलाने का संकल्प लिया। क्षमावाणी पर्व के दौरान पूरे समाज में आत्मीयता, भाईचारे और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

मन की बात सुनने के बाद मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा



आलीराजपुर। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने रविवार को मॉडल स्कूल छात्रावास, उमराली रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमन की बातज कार्यक्रम को सुना। इसके पश्चात उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का प्रवास कर विभिन्न ग्रामों एवं फलियों में विद्युत डीपी का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। मंत्री नागरसिंह चौहान ने अपने प्रवास के दौरान 6 विद्युत डीपी का लोकार्पण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने ग्राम गव्हानं में दो फलीयो में होली फलिया एवं पुजार फलिया, ग्राम रोडधा, ग्राम गिलझीरी के बयड़ी फलिया, ग्राम जावानिया के बुड़नला फलिया तथा ग्राम इन्डू के पटेल फलिया में पहुंचकर विद्युत डीपी के कार्यों का शुभारंभ किया। इन विद्युत डीपी के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत वितरण व्यवस्था और बेहतर होगी तथा कम वोल्टेज की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी। पर्याप्त एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति मिलने से किसानों को सिंचाई के लिए खेतों में पानी देने में सुविधा होगी, वहीं ग्रामीण परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

्दिगम्बर जैन समाज ने क्षमा वाणी पर्व मनाया ,मांगी एक दूसरे से क्षमा

बड़वानी। दिगंबर जैन समाज का पर्व राज पर्यूषण पर्व उत्तम क्षमा पर समाप्त हुए, यह पर्व उत्तम क्षमा धर्म से प्रारंभ हो कर क्षमा वाणी पर समाप्त होता है इस दिन सभी श्रावक श्राविका एक दूसरे से मिल कर गत वर्ष में ही अपने से गलतियों की क्षमा याचना करते है, वैसे जैन धर्म में जिनवाणी ये कहती है कि व्यक्ति ने चौबीस घंटे के अंदर सभी जीवों से क्षमा याचना कर लेना चाहिए क्षमा मांगने से मन ने बैर नहीं रहता और सामने वाले के मन में भी वैर की गठान नहीं रहती साथ ही क्षमा वही मांगता है जो वीर होता है ,जिन शासन में तो कहा भी गया है क्षमा विरस्य भूषणम अर्थात क्षमा मांगना और क्षमा करना वीरो का ही काम है बड़वानी में विराजित परम पूज्य गुरुदेव चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपका क्षेत्र पवित्र है शुद्ध है, सिद्ध है एक तरफ चुलगिरी जहां से इंद्र जीत कुंभ कर्ण आदि साढ़े पांच कोड़ा कौड़ी मुनि मोक्ष गए और एक तरफ पवित्र नर्मदा नदी बह रही है और यदि उसके बाद भी आपने अपने भाव को शुद्ध नहीं करोगे तो आपका क्षेत्र कुछ नहीं कर सकता ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर

महेश्वर विधानसभा में 243.70 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महेश्वर



एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110 वीं जयंती के अवसर पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव रहे। विधायक राजकुमार मेव ने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग 9 स्थानों पर कुल 17 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

इन विकास कार्यों की कुल लागत 243.70 लाख रुपए है।विकास कार्यों मे ग्राम झिरन्या - गुलावड में 10.61 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य , ग्राम मंदोरी में 10.61 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य , ग्राम चिनगुन-बिलावबाड़ी क्षेत्र में 10.61 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य भूमिपूजन ,वहीं 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। मानकर मोहल्ला में 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। ग्राम जामन्या में 5 लाख रुपए की लागत से आरसीसी शेड निर्माण तथा ग्राम निमसर 10.61 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य, ग्राम कवाणा में 12 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।ग्राम घट्याबेड़ी में 25 लाख रुपए की लागत से पाइप पुलिया तथा घट्याबेड़ी से मोहल्या मार्ग पर 15 लाख रुपए की लागत से पाइप पुलिया निर्माण का भूमिपूजन। इसी स्थान पर कुर्मी गालर मोहल्ला में 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन।ग्राम बलसगांव में 22 लाख रुपए की लागत से ग्राम बलसगांव से ग्राम बैडापानी तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन। ग्राम बैडीपुरा रामदड़ में 11.22 लाख रुपए की लागत से आंगनवाड़ी भवन तथा ग्राम रामपुरा फाल्या में 5 लाख रुपए की लागत से चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन । ग्राम बैडापानी नदी पर 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित पाइप पुलिया का लोकार्पण भी किया गया।ग्राम पेमपुरा - रोश्याबारी में 25 लाख रुपए तथा 22 लाख रुपए की लागत से पाइप पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म ,पर्यूषण का अंतिम दिवस भगवान की निकली शोभा यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

दिगंबर जैन धर्म के पर्व राज पर्यूषण के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य तप का दिन होता है ,आज प्रातः मंदिर में भगवान नेमिनाथ के और पाण्डुक शिला पर भगवान के अभिषेक शांतिधारा, बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक पर्व भी है का निर्वाण काण्ड का वाचन कर निर्वाण लाडू चढ़ा कर नित्य नियम सोलह कारण जी ,अनंत व्रत की दस लक्षण धर्म और विधान की पूजन और विसर्जन किया गया उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर बताया कि जो शील वृत और ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करता है उसे सुंदर शरीर मिलता है ,माताजी ने सुदर्शन सेठ का दृष्टांत दिया कि एक नगरी में रहते थे और वे बहुत सुंदर थे वे व्रत संयम,अष्ट मूल गुण ,सदा संतोष वृत का पालन करते थे और श्रावक धर्म का भी पालन करते थे उस नगरी के राजा की रानी उन पर मोहित हो गई और रानी ने उन्हें अपने महल में बुलवाया और उस सेठ के सामने अपने भाव प्रकट किए गए तो सेठ जी ने कहा कि मेरा सदा संतोष वृत है और मेरे लिए मेरी पत्नी को छोड़ कर सारी महिलाएं मां बेटी समान है । वो सेठ सम्यक दृष्टि थे सम्यक दृष्टि जीव सप्त भय से दूर रहता है फक्कड़ होता है और किसी से डरता नहीं है,तब रानी ने उससे कहा कि में तुम्हे देश निकाला दे दूंगी तो सुदर्शन सेठ ने निडर हो कर कहा कि तुमसे जो हो कर लो पर में मेरे वृत का पालन करूंगा ,तब राजा आया तो रानी ने सुदर्शन सेठ पर चारित्रिक लांछन लगाए तो राजा ने सुदर्शन सेठ को सूली पर चढ़ा कर फांसी की सजा सुना दी,जब सुदर्शन सेठ के गले ने जैसे ही फांसी की रस्सी डाली वो फूल माला बन गई,और ये सब उनके ब्रह्मचर्य व्रत,शील वृत के पालन करने से हुआ।

संगीत साधना मंच द्वारा गायन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



किसी ने सुरों से माहौल बांधा तो किसी की आवाज पर देर तक तालियां गूंजती रहीं। अवसर था संगीत साधना मंच के गायन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का। मंच पर एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को जोड़े रखा। आयोजन में सनावद सहित सात शहरों के 50 से अधिक गायक शामिल हुए।

बड़वाह, इंदौर, पुनासा, झिरनिया, खंडवा और भीकनगांव से आए कलाकारों ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरूआत मंच द्वारा आयोजित पांच गायन प्रतियोगिताओं के विजेताओं के सम्मान से हुई। पुरस्कार मिलने के बाद कलाकारों में उत्साह नजर आया।

संगीत साधना मंच के अध्यक्ष डॉ. महेश चौहान ने कहा कि क्षेत्र में कई प्रतिभाशाली गायक-गायिकाएं हैं, जिन्हें उचित मंच की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से मंच की ओर से समय-समय पर गायन कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

आयोजक पंकज पुजारी ने कहा कि संगीत को आगे बढ़ाने और नई प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। डॉ. रितेश डोंगरे ने कहा कि गायन केवल मनोरंजन नहीं, भावनाओं की अभिव्यक्ति और लोगों को जोड़ने का माध्यम भी है।समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला और अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिर्ला मुख्य अतिथि रहे। हेमलता राका, अनीता भागचंद जैन, भागचंद जैन और जीतेन भरवाकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला ने मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए नगर पालिका की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश चौहान एवं अनिल चौधरी ने किया।

सालों से बदहाल सुदर्शन कॉलोनी, सड़क-नाली और रोशनी का इंतजार

वार्ड 13 के रहवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला के सामने रखीं समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



वार्ड 13 की सुदर्शन कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। समस्या को लेकर कई बार शिकायतें करने के बाद भी निराकरण नहीं होने पर रहवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला को क्षेत्र में बुलाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

कॉलोनी निवासी सदाशिव वर्मा ने बताया कि सड़क की स्थिति खराब है और जल निकासी के लिए पर्याप्त नालियां नहीं हैं। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी सुचारु नहीं होने से परेशानी बनी रहती है। बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या के कारण हालात और कठिन हो जाते हैं। रहवासियों का कहना है कि जिम्मेदारों को कई बार समस्या बताई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका।

रहवासियों की शिकायत पर इंदर बिरला मौके पर पहुंचे और कॉलोनी का निरीक्षण किया। उन्होंने रहवासियों से चर्चा कर समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। रहवासियों ने सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी दिक्कतें उनके सामने रखीं।

बिरला ने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए तीन माह में आवश्यक कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रहवासियों से कहा कि यदि किसी जिम्मेदार की लापरवाही सामने आती है तो इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। लंबे समय से सुविधाओं की राह देख रहे रहवासी अब तीन माह में होने वाली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।



वार्षिक सभा में मेधावी विद्यार्थियों और सेवानिवृत्त सदस्यों को किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

शिक्षक सहकारी साख संस्था की वार्षिक साधारण सभा रविवार को सीता मंगल भवन में आयोजित की गई। इसमें विधायक बालकृष्ण पाटीदार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी तेजसिंह राठौड़ और जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार भी विशेष अतिथि रुप में मौजूद रहे। विधायक श्री पाटीदार ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐसी अनुठी सहकारी संस्था है, जो स्वयं की निधि से संचालित होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई संस्थाएं समस्याओं से जुझ रही है और शासन के अनुदान पर आश्रित होती है। यह संस्था आत्म निर्भर है। इसके संचालकों और सदस्यों के बीच समन्वयक का परिणाम है, कि यह इतने बड़े स्तर पर संचालित हो रही है। संस्था संचालक रमेश पाटीदार ने बताया कि वार्षिक साधारण सभा को दो महत्वपूर्ण सत्रों में विभाजित किया गया था। पहले सत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 विद्यार्थियों और संस्था के 90 सेवानिवृत्त सदस्यों को सम्मानित किया गया। संस्था सदस्यों के प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित यह पहला अवसर था जब शासकीय स्कूलों की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

पोरवाल समाज के निर्वाचन संपन्न, रामगोपाल काला अध्यक्ष निर्वाचित

सुवासरा। स्थानीय पोरवाल समाज की इकाई के निर्वाचन 27 सितंबर को स्थानीय पोरवाल परिणय रिसोर्ट में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हुए। निर्वाचन में समाज के कुल 442 मतदाताओं में से 417 मतदाताओं ने मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत 94.34 प्रतिशत रहा। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में श्री रामगोपाल काला 190 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। वहीं दिनेश कुमार फरक्या को 96, गिरजा शंकर दानगढ़ को 82 तथा संदेश गुप्ता को 36 मत प्राप्त हुए। एक मत नोटा तथा दो मत निरस्त हुए। सचिव पद पर श्री श्याम सुंदर मुन्या 187 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए। अशोक मुन्या को 108 तथा राजकुमार मुजावदिया को 118 मत प्राप्त हुए। दो मत नोटा तथा दो मत निरस्त हुए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर श्री पंकज मुजावदिया 138 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। जुगल किशोर वेद एवं राधेश्याम फरक्या को 137-137 मत प्राप्त हुए। दो मत नोटा तथा तीन मत निरस्त हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। इसके पश्चात शाम 5 बजे से मतगणना प्रारंभ की गई तथा मतगणना पूर्ण होने के बाद परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन परिणाम के पश्चात समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजजनों ने आपसी भाईचारा एवं एकता बनाए रखते हुए समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामगोपाल काला ने समाज के सभी मतदाताओं एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज हित में कार्य करने की बात कही।



श्री रामगोपाल काला



झांकी चल समारोह में ठीकरी पुलिस के कड़े सुरक्षा इंतजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

ठीकरी नगर में निकलने वाले पारंपरिक झांकी चल समारोह जुलूस को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु बड़वानी पुलिस द्वारा पुख्ता व कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल निर्देशन में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का ब्लूप्रिंट तैयार कर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था की प्रमुख विशेषताएं:

* ड्रोन कैमरों से निगरानीः सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देते हुए सर्वप्रथम संपूर्ण जुलूस मार्ग एवं आसपास की बहुमंजिला इमारतों की ड्रोन कैमरों की मदद से सघन सर्चिंग व सूक्ष्म निगरानी की गई।

* पुलिस बल की ब्रीफिंगः बड़वानी एवं ठीकरी से तैनात किए गए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जुलूस मार्ग पर एकत्र कर ड्यूटी के संबंध में विस्तार से ब्रीफ किया गया तथा मुस्तैदी से तैनात रहने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

* भीड़ व यातायात प्रबंधनः जुलूस के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था, प्रभावी भीड़ नियंत्रण तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं।

* फिक्स्ड पिकेट्स एवं पेट्रोलिंगः मुख्य मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, फिक्स्ड पिकेट्स तथा निरंतर गश्त करने वाली मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं।

आम जनता से अपीलः

पुलिस प्रशासन की ठीकरी के सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि वे झांकी चल समारोह जुलूस के इस पावन पर्व को हर्षोल्लास, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, संग्रहण, चोर्यनयन/निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान एवं 29 सितंबर 2026 को होने वाले पंचायतो के उप निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर जिला बड़वानी एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग, इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशो के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 26 सितम्बर को आबकारी बल द्वारा वृत बड़वानी के ग्राम छोटी कसरावत, सजवानी वृत अंजड़ के ग्राम टिटगारिया, चैनपुरा, नलवाई वृत राजपुर के ग्राम सालीकला, जुलवानिया, वृत सेंधवा के ग्राम बोरली, वासवी, खेड़ी, सिलदइ एवं वृत खेतिया में ग्राम निवाली, पुरुषखेड़ा, बड़गांव में दबिश देकर देशी मदिरा 2.16 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा 6.3 बल्क लीटर, हाथभट्टी मदिरा 65 बल्क लीटर जप्त की एवं 900 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर मौके पर फैलाया जाकर नष्ट किया। उक्त कार्यवाही के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, च के तहत आबकारी विभाग द्वारा कुल 17 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये। जप्त मदिरा एवं महुआ लहान की अनुमानित कीमत लगभग 102582/- रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया, दिलीप जायसवाल, विभा नांदले, आदि उपस्थित थे।

लता मंगेशकर जयंती पर साधना सरगम की खंडवा में सुरमई प्रस्तुति

खंडवा।महान गायिका भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सुरमई इंटरटेनमेंट द्वारा एक विशेष संगीतमयी प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समाजसेवी कमल नागपाल और कार्यक्रम संयोजक गायक योगेश कुमार गदले ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 सितंबर सोमवार शाम 7 बजे से किशोर कुमार सभागृह सिविल लाइंस खंडवा में यह कार्यक्रम होगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह रहेंगे, वहीं विशेष अतिथि के रूप में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत किये जा रहे हैं सेवा कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पूरे देश में विकास के माध्यम से देश को आधुनिक युग में ले जा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के सफलतम 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके जन्म दिवस से 17 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से 12 सेवा प्रकल्पों को पर कार्य का आयोजित किया जा रहे हैं, हमारा देश 2047 तक पूर्ण विकसित बने यह मोदी जी का संकल्प है हम सब मिलकर उसे पूर्ण करेंगे ।

यह बात मुख्य अतिथि के रूप में खण्डवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में कहे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम सेवा से संकल्प अभियान के तहत स्कूली शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार आयोजित की गई।

प्रतियोगिता जिला स्तर पर 26 सितंबर को खण्डवा स्थित किशोर कुमार सभागृह में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, है और इसके लिए सभी का सामूहिक योगदान होगा,तभी यह सम्भव है, हमारी सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले यह हमारा प्रयास है।

युद्ध रणनीति के चाणक्य थे बाजीराव

खरगोन। पीजी कॉलेज सभागार में बाजीराव पेशवे (प्रथम) की 326वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। रात 8 बजे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इतिहास प्रेमी, साहित्यकार, छात्र और स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा और महंत बाजीराव पेशवे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सीमा मिश्रा ने की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के सूत्रधार सेवानिवृत आर्किटेक्ट चंद्रकांत भालेराव और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी नीलमाधव भुसारी की संयुक्त प्रस्तुति रही। बाजीराव पेशवे के जीवन पर आधरित अविस्मरणीय दृश्य से एलईडी के माध्यम से श्राव्य प्रस्तुत करते हुए अपूर्व शौर्य, पराक्रम दिखाया।

न्यूज -कॉलम

रिश्तेदार के यहां गए व्यक्ति के सूने मकान में चोरी

उज्जैन। नरवर में रहने वाला एक परिवार रिश्तेदार के यहां गया था। इसी दौरान उसके सुने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया और गहने नहीं मिले तो बदमाश अलमारी में रखी छुटपुट नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी मिले है। जिसमें तीन बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में अंदर घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं। नरवर पुलिस के अनुसार नरवर में बैंक ऑफ़ इंडिया के पास रहने वाला इरशाद कुरैशी अपने परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तेदार के यहां गया था इस दौरान उसके सुने मकान में शनिवार रविवार की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोल दिया। और घर में रखी अलमारी में जेवर व नगदी टटोलने लगे लेकिन जब अलमारी में कुछ नहीं मिला तो चोर अलमारी में रखी छुटपुट नगदी लेकर भाग निकले। सुबह जब इरशाद वापस घर लोटा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखी नगदी भी गायब थी चोरी की जानकारी लगने पर पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की तथा आसपास लगे सीसीटीवी कंगाले तो उसमें तीन बदमाश घर में प्रवेश करते हुए और चोरी को अंजाम देने के बाद घर से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस बदमाशों के हुलिए के अनुसार उनका पता लगाने की कोशिश कर रही है।

कचरे में लगी आग से शॉपिंग काम्प्लेक्स में भरा धुआं

उज्जैन। नई सड़क स्थित श्री शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में रविवार सुबह करीब 6.15 बजे खाली दुकान के पीछे पड़े सूखे कचरे में आग लग गई। आग लगने की वजह से कॉम्प्लेक्स के अंदर धुआं भर गया। मॉर्निंग वॉक के लिए क्षीरसागर की ओर जा रहे भाजपा नेता आजम शेख ने कॉम्प्लेक्स से धुआं उठता देखा और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकलें मौके पर पहुंची और करीब 15-20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के लक्ष्मण प्रसाद साहू के अनुसार आग से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। कॉम्प्लेक्स के पीछे का हिस्सा खाली पड़ा रहता है। यहां लोगों के बीड़ी-सिगरेट पीने की बात सामने आई है। ऐसे में जलती हुई बीड़ी से सूखे कचरे में आग लगने की आशंका जताई गई है। बताया गया है कि पिछले एक साल में इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लगने की यह तीसरी घटना है। काम्प्लेक्स में इलेक्ट्रिक उपकरणों की दुकानें है ऐसे में अगर जरा भी लापरवाही बरती गई तो किसी भी दिन कॉम्प्लेक्स की दुकानें आग की चपेट में आ सकती है।

इंटरसिटी के एसी कोच में युवती से छेड़छाड़

उज्जैन। भांडनेर, दतिया निवासी 25 वर्षीय युवती 25 सितंबर को रतलाम-भिंड इंटरसिटी एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 से इंदौर से ग्वालियर जा रही थी। देवास-उज्जैन के बीच राघवेंद्र नाम का एक यात्री उसके सामने आकर बैठ गया। युवती का आरोप है कि यात्री ने उसके साथ अश्लील इशारे किए। युवती ने घटना का मोबाइल से वीडियो बना लिया और बाद में जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

600 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का निकला फ्लैग मार्च



उज्जैन। शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को उज्जैन पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। महाकाल, कोतवाली, खाराकुआ और जीवाजीगंज थाना क्षेत्रों में हुए इस मार्च में 600 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। जिला पुलिस बल के साथ और के जवानों ने भी हिस्सा लिया। पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी के जरिए पुलिस ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी सतर्कता का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आम लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही लोगों से कानून हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया गया। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। धार्मिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

महाकाल क्षेत्र में.....

महाकाल लोक के नाम से खुला नया पुलिस थाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महाकाल लोक के नाम से नया पुलिस थाना शुरू किया गया है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अन्नक्षेत्र और महाकाल लोक पार्किंग के पास बने इस नये महाकाल लोक थाने का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महाकाल मंदिर और महाकाल लोक क्षेत्र की पुलिसिंग के लिए अलग थाना उपलब्ध हो गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा नेताओं, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा की मौजूदगी में फीता काटकर थाने का शुभारंभ किया। नए महाकाल लोक थाने के पहले थाना प्रभारी की जिम्मेदारी आरके सक्तावत को दी गई है।

शुरुआत में 30 पुलिसकर्मियों की तैनाती

महाकाल लोक थाने में शुरुआत में 2 एएसआई, 4 प्रधान आरक्षक सहित कुल 30 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि थाने में कुल 75 पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया जाएगा। इसमें 2 एसआई और 4 एएसआई भी शामिल होंगे। शेष बल की तैनाती की प्रक्रिया जारी है।

भीड़ और धार्मिक आयोजनों के मद्देनजर अलग थाना- महाकाल मंदिर और महाकाल लोक में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या, बड़े धार्मिक आयोजनों और वीआईपी आवागमन को देखते हुए अलग थाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। महाकाल लोक

थाना बनने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई,



पार्किंग क्षेत्र से जुड़े मामलों और धार्मिक आयोजनों के दौरान पुलिस व्यवस्था में मदद मिलेगी। पुलिसकर्मी अब क्षेत्र के अधिक करीब रहकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल सकेंगे।

महाकाल थाने का दबाव होगा कम- महाकाल क्षेत्र में पहले से कार्यरत महाकाल थाना भी नए भवन में स्थानांतरित हो चुका है। महाकाल लोक थाना शुरू होने से पुराने थाने पर दर्शनार्थियों से जुड़ी शिकायतों, मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का दबाव कम होने की उम्मीद है।

इससे महाकाल थाना अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर अधिक प्रभावी ढंग से ध्यान दे सकेगा। वहीं महाकाल लोक थाने के माध्यम से महाकाल लोक और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था मजबूत होगी।

ट्रेनों में महिला यात्रियों के जेवर और मंगलसूत्र लूटने वाली पश्चिम बंगाल की गैंग पकड़ाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ट्रेनों में भीड़ के दौरान मौके का फायदा उठाकर महिला यात्रियों के गले से सोने की चैन व मंगलसूत्र लूटने वाली पश्चिम बंगाल की गैंग को जीआरपी ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। जीआरपी ने गैंग के 6 सदस्यों को हिरासत में लिया है पूछताछ में आरोपियों ने दो सोने की चेन व तीन मंगलसूत्र चोरी करने की वारदात काबूल की है तथा गैंग की मुख्य सरगना अभी भी फरार बताई जा रही है जिसकी जीआरपी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

महाकाल दर्शन करनी आई महिला को बनाया था शिकार- जीआरपी पुलिस ने बताया कि रीता पति राजेश कुमार निवासी संत रविदास नगर भदोही उत्तर प्रदेश परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने के लिए उज्जैन आई थी। जब प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन से वापस घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर पहुंची और जैसे ही 1:30 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 6 पर पहुंची और महिला ट्रेन में चढ़ने लगी इसी दौरान उसके गले से 18 ग्राम की चेन झपट ली। रीता ने शोर मचाया। लेकिन भीड़ के कारण बदमाश वारदात को अंजाम देकर रफू चक्कर हो चुके थे। प्रयागराज पहुंचकर उसने रेलवे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना उज्जैन स्टेशन की होने से मामला जीआरपी उज्जैन को सौंपा गया था। जीआरपी आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू की और रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कंगाली तो उसमें वारदात कैद हो गई थी और वारदात को अंजाम देने वाले वाले बदमाशों के हुलिए के आधार पर जीआरपी पुलिस उनकी खोजबीन कर रही थी इसी दौरान पुलिस को सफलता हाथ लग गई और पुलिस ने अभिजीत पिता शंकर, राहुल पिता आलमगीर गाजी, सोमनाथ पिता नयन, नेपाल कूले पिता दुलाल, रोहन पिता अर्जुन और राखी पिता राजेंद्र सभी निवासी कोलकाता पश्चिम बंगाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने वारदात करना कबूल की है। सभी आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है तथा रिमांड के दौरान सभी से पूछताछ की जा रही है जिसमें और भी खुलासे होने की संभावना है।

महाकाल दर्शन के बहाने पहुंचती थी गैंग उज्जैन- पूछताछ में जीआरपी को पता चला है कि गैंग के सदस्य महाकाल दर्शन के बहाने उज्जैन आते थे और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी वारदात का शिकार बनाते थे टीआई सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्त में आए गैंग के सभी सदस्यों से पूछताछ की जा रही है तथा गैंग की मुख्य सरगना अभी फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पश्चिम बंगाल की गैंग थी उज्जैन में सक्रिय - पिछले दिनों जीआरपी ने महाराष्ट्र की एक गैंग को पकड़ा था जो महिलाओं के हाथों से सोने के कड़े व चूड़ियां काटकर ले जाती थी अब उज्जैन में पश्चिम बंगाल की गैंग सक्रिय थी जो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपना शिकार बनती थी और ट्रेन में भीड़ के दौरान मौके का फायदा उठाकर महिला यात्रियों के मंगलसूत्र व सोने की चेन चुरा लेती थी।

वसूली के नाम पर नकदी एवं प्रापर्टी भी अपने नाम करवाई

उज्जैन। रतलाम के माणकचौक थाना क्षेत्र के तेजानगर निवासी प्रापर्टी कारोबारी रूपेश चपरोत के साथ एक महिला ने खुद को मंदसौर नारकोटिक्स निरीक्षक बताते हुए करीब रूपए 3.50 करोड की ठगी एवं धोखाधडी को अंजाम दिया है। आरोपी ने कारोबारी को उसके पूर्व से न्यायालय में चल रहे प्रकरण में वसूली करवाने का हवाला दिया और उसके बाद धीरे-धीरे ठगी एवं धोखाधडी को अंजाम दिया है। माणकचौक पुलिस ने महिला सपना ठाकुर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के अनुसार फरियादी रूपेश ने थाना आकर बताया? कि उसका दिसंबर 2025 में विजय लोढ़ा के खिलाफ हुंडी की दलाली में लाखों रुपये हड़पने का केस कोर्ट में विचाराधीन है। इसी दौरान 10 से 15 दिसंबर 2025 के बीच उनके मोबाइल पर दो नंबरों 9244016847, 9244216847 से फोन आया। फोन करने वाली महिला ने खुद को मंदसौर की नारकोटिक्स ज़ूद्द सपना ठाकुर बताते हुए कहा कि विजय लोढ़ा वाले केस में एफआईआर की कॉपी भेजो, मैं रिकवरी करवा दूंगी। रुपेश ने व्हाट्सएप पर उसे कापी भेज दी। इसके बाद ठगी का खेल शुरू हुआ। महिला ने रूपेश से विजय लोढ़ा के मकान और फ्लैट की कुर्की करवाने के नाम पर करीब 70 लाख रुपये नकद ले लिए। कोर्ट में खुद को उधारीदार दिखाने के लिए प्रमाण की जरूरत बताकर तुलसी विहार कॉलोनी का 13×55 फीट का प्लॉट स्कूत्र-06 अपने नाम करवा लिया। यही नहीं बेटी की शादी के लिए घर में रखे 105 ग्राम सोने के जेवर ले लिए। दिवालिया दिखाने का बोलकर तेजानगर का मकान 32.93 लाख में बेचान दिखाकर रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। 20 लाख आरटीजीएस से दिए और अगले दिन रुपेश से ही नकद वापस ले लिए। महिला ने एक वीडियो भी बनवाया जिसमें रुपेश से कहलवाया गया कि उसने मकान 1.30 करोड़ में बेच दिया है और कोई लोन नहीं है। बाद में मकान पर यह कह कर ताला लगवा दिया कि हाईकोर्ट की टीम सर्वे करने आएगी। इसके साथ ही महिला ने रूपेश से उसके जीजा के मुंबई केस में मदद के नाम पर 15 लाख, फरवरी 2026 में 42 लाख का उधारीनामा लिखवाकर 22 लाख आरटीजीएस से, और स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर 15 लाख और ले लिए। इस प्रकार से कुल मिलाकर 3 करोड़ 45 लाख 75 हजार 900 रुपये की ठगी का आरोप है। पीड़ित रूपेश का आरोप है कि पैसा मांगने पर महिला ने एनडीपीएस केस में फंसाने, एनकाउंटर करने और बेटी की सगाई तुड़वाने की धमकी दी है। पुलिस ने रूपेश की शिकायत पर आरोपित महिला सपना ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

28 से 30 सितंबर तक की 3 दिन की बैंक हड़ताल टली, खुलेंगे सभी बैंक

नई दिल्ली/इंदौर। बैंक ग्राहकों के लिए राहत भरी खबर है। 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल टल गई है।

भारतीय बैंक संघ और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बीच रविवार रात 9:30 बजे हुई बैठक में समझौता होने के बाद UFBU ने हड़ताल स्थगित करने का ऐलान किया। स्त्रक्र ने देर रात सर्कुलर नंबर 2026/31 जारी कर इसकी जानकारी दी।

की मुख्य मांग बैंकों में 5-डे वर्किंग यानी बचे हुए शनिवारों को भी छुट्टी घोषित करने की थी। आईबीए ने इस पर तुरंत एक हाई-लेवल कमेटी बनाने पर सहमति दी है जो ग्राहकों और सभी पक्षों से बात कर हल निकालेगी। इसके अलावा सीनियर अधिकारियों (Scale IV और ऊपर) के लिए PLI स्कीम में संशोधन और 8 मार्च 2024 के समझौते



के बचे हुए मुद्दों पर भी तेजी से चर्चा पर सहमति बनी है। इस समझौते के बाद स्त्रक्र ने कहा है - उपरोक्त समझौते को देखते हुए प्रस्तावित आंदोलन और हड़ताल को स्थगित किया जाता है। मतलब आज सोमवार 28 सितंबर को सभी बैंक सामान्य रूप से खुलेंगे और जमा, निकासी, चेक क्लीयरेंस समेत सभी सेवाएं चालू रहेंगी।

निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

उज्जैन। पर्युषण पर्व के समापन और क्षमावाणी पर्व के अवसर पर रविवार को अतिशय क्षेत्र जयसिंहपुरा जिनालय से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रजत वेदी में विराजमान श्रीजी की शोभायात्रा जलाभिषेक के लिए जल लेने गऊघाट पहुंची। यहां समाजजनों द्वारा भक्ति करने के पश्चात शोभायात्रा पुन: जिनालय लौटी, जहां विधि-विधान से भगवान का अभिषेक किया गया। प्रथम स्वर्ण कलश से अभिषेक का लाभ राहुल वैदिक सोगानी परिवार और द्वितीय स्वर्ण कलश का लाभ अश्विन रुचि कसलीवाल परिवार ने लिया।

गोरकर बंधु दोहरे हत्याकांड में फरार आरोपी सोनू एवं विजय का शार्ट एनकाउंटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



18 जुलाई को भाजपा नेता दिलीप राव गोरकर के भतीजे लोकेश एवं जय की हत्या के 14 आरोपियों में से फरार सोनू पिता विजयबहादुर पासी 32 वर्ष एवं विजय उर्फ छोटू पिता सीताराम सूर्यवंशी21 वर्ष निवासी जबरन कालोनी ने पुलिस हिरासत में आने के बाद पुलिस से भागने के दौरान शार्ट एनकाउंटर किया गया है। दोनों ने पुलिस पर पथराव कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पैर में चेतावनी देकर गोली मारकर अभिरक्षा में लिया। गिरफ्तार आरोपी सोनू के विरुद्ध पूर्व से 14 तथा विजय उर्फ छोटू के विरुद्ध 03 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

शनिवार देर रात पुलिस ने सूचना के आधार पर दोनों को करोहन क्षेत्र में घेरकर गिरफ्त में लिया था। दोनों को पुलिस वाहन में लाने के दौरान सडक पर गड्ढों की वजह से वाहन धीमें किए जाने के दौरान आरोपियों ने वाहन का गेट खोलकर कूद गए एवं भागने का प्रयास किया था। इस दौरान अंधेरा होने एवं चेतावनी देने पर दोनों ने पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया था जिसके बाद नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील के नेतृत्व में पुलिस दल ने दोनों ने दोनों को चेतावनी देने के बाद पैर में गोली मारकर अभिरक्षा में लिया। तत्काल ही देर रात पुलिस आरोपियों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उनका ईलाज शुरू करवाया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने मिडिया को बताया कि करीब एक महीने पूर्व नीलगंगा थाना क्षेत्र में जय और लोकेश दो भाईयों के जानलेवा हमले में जिनका निधन हुआ था। उसमें 14 आरोपियों को सीसी टीवी कैमरा के आधार पर चिन्हित किया गया था। उनमें से अधिकांश गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कल दो आरोपी सोनू पासी एवं विजय सुर्यवंशी जिन पर एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक गंभीर मामले दर्ज हैं उनको पुलिस ने हिरासत में लिया और इस दौरान उन्होंने करोहन के पास भागने का प्रयास किया और पुलिस पर हमला किया तो जवाबी फायरिंग में पुलिस ने दोनों को कमर के नीचे पैर में गोली मारी है। दोनों को रात में पुलिस ने अस्पताल में भर्ती किया गया है। रविवार को दोनों को न्यायालय में पेश कर पुछताछ की जाएगी। इस दौरान उन्हें जो भी संरक्षण दे रहे थे उनके बारे में जानकारी ली जाएगी । आवश्यकता पढती है और उनकी जिम्मेदारी तय की जाती है तो उन सभी को भी आरोपी बनाया जाएगा।

अभी भी दो आरोपी फरार- हत्याकांड के मुख्य आरोपियों में शामिल रौशन पासी एवं नरेश पासी अब भी पुलिस की पहुंच से दूर हैं। पुलिस बराबर उनके सुराग जुटाने में लगी है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी शातिर होकर मोबाईल का उपयोग नहीं कर रहे हैं।


शाही मस्जिद हटाने के विरोध में मुस्लिम समाज हुआ एकत्रित पुलिस और आरएएफ तैनात



उज्जैन। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही शाही मस्जिद को हटाने की तैयारी का मुस्लिम समाज ने विरोध शुरू कर दिया है। शनिवार रात से ही बड़ी संख्या में लोग मस्जिद के अंदर और बाहर एकत्रित हुए और विरोध में नारेबाजी की। रविवार को भी लोगों का विरोध जारी रहा।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मस्जिद के सामने बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। मौके पर पुलिस बल के साथ आरएएफ की टुकड़ी भी तैनात की गई है। प्रशासन और पुलिस की ओर से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी की जा रही है। सड़क चौड़ीकरण की प्रस्तावित योजना के तहत शाही मस्जिद को हटाने की तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में नाराजगी है। विरोध के चलते मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है।

ध्यान किसे कहते हैं



जब मन को देह के भीतर या बाहर किसी स्थान में कुछ समय तक स्थिर रखने के निमित्त प्रशिक्षित किया जाता है, तब उसको उस दिशा में अविच्छिन्न गति से प्रवाहित होने की शक्ति प्राप्त होती है। इस अवस्था का नाम है ध्यान। जब ध्यान-शक्ति इतनी तीव्र हो जाती है कि मन अनुभूति के बाहरी भाग को छोड़कर केवल उसके अंतर्भाग या अर्थ की ओर एकाग्र हो जाता है, तब उस अवस्था को समाधि कहते हैं।

धारणा, ध्यान और समाधि, इन तीनों को एक साथ मिलाकर संयम कहते हैं। किसी का मन पहले किसी वस्तु में एकाग्र हो सकता है। उस एकाग्रता की अवस्था में वह कुछ समय तक रह सकता है और उसके बाद दीर्घ एकाग्रता की अवस्था में वह अनुभूति के केवल आंतरिक भाग पर, जिसका ध्येय-वस्तु केवल कार्य है, अपने आपको लगाए रखे, तो ऐसे शक्तिसंपन्न मन के वशीभूत सभी कुछ हो जाता है।

जीव की जितने प्रकार की अवस्थाएं हैं, उनमें ध्यानावस्था ही सर्वोच्च है। जब तक वासना रहती है, तब तक यथार्थ सुख नहीं आ सकता। जब कोई व्यक्ति ध्यानावस्था से, साक्षी-भाव से सारी वस्तुओं का परिशीलन कर सकता है, केवल तभी उसे यथार्थ सुख और आनंद प्राप्त होता है।

पृथ्वी के अन्य प्राणी इंद्रियों में सुख पाते हैं, मनुष्य बुद्धि में और देवमानव आध्यात्मिक ध्यान में। जो लोग ऐसी ध्यानावस्था को प्राप्त हो चुके हैं, उनके पास यह जगत अत्यंत सुंदर रूप से प्रतीयमान होता है। उस जगत में वासना नहीं होती, वह सर्व विषयों में निर्लिप्त है, उसके पास प्रकृति के ये विभिन्न परिवर्तन एक महान सौंदर्य और उदात्त भाव की छवि मात्र हैं।

सम्पादकीय

ट्रंप और शी का मिलना

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। एक अच्छी आवाज, जो दोनों नेताओं की भेंट से उपजी है, वह दुनिया में हर कान तक पहुंचनी चाहिए। अमेरिका और चीन कमोबेश इस बात पर सहमत दिखे हैं कि दोनों को परस्पर होड़ करना है, मगर लड़ना नहीं है। ये दोनों महाशक्तियां अगर परस्पर लड़ाई का मौका न आने दें, तो यह दुनिया पर मेहरबानी होगी। दोनों देश गाहे-बगाहे साम्राज्यवादी मनसूबे का इजहार करते रहते हैं। ऐसे में, दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है कि दोनों देश एक-दूसरे की राह में न आ जाएं। दोनों अगर कभी और कहीं न लड़ें, तो यह सुखद बात है। इसी कड़ी में यह भी जोड़ने की जरूरत है कि दोनों महाशक्तियों की यह जिम्मेदारी है कि वे दुनिया में देशों को परस्पर न लड़ने दें। दुनिया के अनेक युद्धों या छद्म युद्धों में इन दोनों देशों का प्रत्यक्ष या परोक्ष हाथ होने का युग अब लद जाना चाहिए। दोनों देश अगर मिलकर काम करेंगे, तो संयुक्त राष्ट्र भी ठीक से कार्य कर सकेगा और दुनिया में अमन-चैन की बहाली होगी।

बहरहाल, शी जिनपिंग का अमेरिका में जिस तरह स्वागत हुआ है, वह गौरतलब है। पिछले 64 वर्षों में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने वाशिंगटन पहुंचने वाले किसी विदेशी नेता का हवाई अड्डे पर इस तरह स्वागत नहीं किया था। इसी साल चीन में ट्रंप का भव्य स्वागत हुआ था, लेकिन ट्रंप ने भव्यता में चीन को पीछे छोड़ दिया है। जाहिर है, खुद को फिर महान बनाने की कोशिश कर रहा अमेरिकी प्रशासन चीन के व्यापक महत्व को समझता है। वैसे, यात्रा के तमाम मकसद पूरे नहीं हुए हैं, दोनों देश अपनी-अपनी नीतियों से डिगे नहीं हैं, लेकिन मित्रता का प्रदर्शन ऐतिहासिक ढंग से हुआ है और इसके संदेश को कोई भी समझ सकता है। दुनिया जानती है, दोनों देशों के बीच पिछले साल आर्थिक युद्ध-विराम हुआ था, जो इस वर्ष नवंबर में खत्म होने वाला था। शी जिनपिंग की इस यात्रा से आर्थिक युद्ध-विराम का समय बढ़ गया है। चीन की इच्छा इसे ट्रंप के पूरे कार्यकाल तक बढ़वाने की थी, लेकिन अमेरिका दो महीने के विस्तार के लिए ही तैयार हुआ है। अमेरिका और चीन को अब 10 जनवरी तक का वक्त मिल गया है। दोनों को स्थायी आर्थिक युद्ध-विराम के लिए राजी होना चाहिए।

सामूहिक स्मृति को जगाने वाला अवसर

पितरों के स्मरण से अपनी जड़ों तक लौटने का पर्व श्राद्ध पक्ष

क्या हमने कभी ठहरकर यह सोचने की कोशिश की है कि हम कौन हैं? हमारा नाम,हमारा परिचय और हमारी व्यक्तिगत पहचान निश्चित ही हमारी अपनी है,लेकिन हमारे अस्तित्व की जड़ें कहीं बहुत पीछे तक जाती हैं। हमारे



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

भीतर हमारे माता-पिता का अंश है,उनके भीतर हमारे दादा-दादी का,और उनके पीछे अनगिनत पीढ़ियों का वह इतिहास है,जिसने हमारे वर्तमान को आकार दिया। हमारे शरीर में रक्त के साथ उनकी विरासत प्रवाहित होती है,हमारे संस्कारों में उनकी छाप होती है और हमारे जीवन में उनके संघर्षों की अनुगूंज सुनाई देती है।लेकिन आज की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि मनुष्य दुनिया को जानने के लिए बेचैन है,अपने भविष्य को लेकर चिंतित है, पर अपनी जड़ों को जानने के लिए उसके पास समय नहीं। मोबाइल में हजारों तस्वीरें हैं,दुनिया की हर जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है,मगर अपने ही परदादा की तस्वीर कहां है, उनका जीवन कैसा था और उन्होंने परिवार के लिए क्या किया,यह बताने वाला कोई नहीं। हम भविष्य की दौड़ में इतने आगे निकल आए हैं कि उस अतीत को भूलते जा रहे हैं, जिसकी नींव पर हमारा वर्तमान खड़ा है। यहीं से श्राद्ध पक्ष की सार्थकता आरंभ होती है। यह केवल पंचांग की कुछ तिथियां नहीं हैं। यह हमारी सामूहिक स्मृति को जगाने वाला वह अवसर है,जब वर्तमान कुछ क्षण के लिए अतीत के सामने खड़ा होता और स्वीकार करता है कि हम अकेले नहीं हैं,हमारे अस्तित्व के पीछे अनेक पीढ़ियों का योगदान है।

श्राद्ध शब्द का संबंध श्रद्धा से है। इसलिए श्राद्ध का मूल अर्थ केवल पिंडदान,तर्पण या ब्राह्मण भोजन नहीं है। ये परंपरागत विधियां हैं,लेकिन इनके केंद्र में जो भाव है वह अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा,कृतज्ञता और आत्मीय स्मरण।भारतीय सनातन परंपरा ने मृत्यु को संबंधों का पूर्ण विराम नहीं माना।शरीर समाप्त होता है,किंतु स्मृति और संस्कार जीवित रहते हैं। मनुष्य चला जाता है,लेकिन उसके कर्म परिवार की अगली पीढ़ियों में अपनी छाप छोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय जीवन-दर्शन में पितरों के प्रति दायित्व को विशेष स्थान दिया गया है। पितृऋण इसी दायित्व का नाम है।हमारे माता-पिता ने हमें जीवन दिया। हमारे दादा-दादी और पूर्वजों ने परिवार को संभाला। किसी ने अभाव में जीवन जिया,किसी ने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया,किसी ने परिवार के लिए अपने सुख छोड़े और किसी ने संस्कारों की वह परंपरा सुरक्षित रखी,जो आज हमारे हाथों में है। हम जिस जीवन को अपना कहते हैं, उसकी नींव में उन सबका योगदान है।इसलिए पितृऋण ऐसा ऋण नहीं जिसे धन देकर चुकाया जा सके। इसे चुकाने का सबसे सुंदर मार्ग है माता-पिता की सेवा,बुजुर्गों का सम्मान,परिवार में प्रेम, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और आने वाली पीढ़ी को श्रेष्ठ संस्कार देना।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त तर्पण,पिंडदान, अन्नदान और अन्य धार्मिक कर्म किए जाते हैं। जल,तिल और कुश आदि के माध्यम से पितरों का स्मरण किया जाता है। दक्षिण दिशा की ओर मुख करके तर्पण करने की परंपरा है। आस्था मानती है कि श्रद्धापूर्वक किए गए कर्मों से पितरों को तृप्ति और शांति प्राप्त होती है और उनका आशीर्वाद परिवार को प्राप्त होता है।लेकिन तर्पण को केवल एक बाहरी कर्म मानना उसके भीतर छिपे भाव को समझने से वंचित रहना है।तर्पण की जलधारा केवल जल नहीं होती,वह स्मृति और कृतज्ञता की धारा होती है।जब कोई व्यक्ति अपने पिता, दादा,परदादा या अन्य पूर्वजों का नाम लेकर जल अर्पित करता है,तो वह अपने अतीत को प्रणाम करता है। वह मानो यह स्वीकार करता है कि उसके वर्तमान में उसका अपना श्रम जितना है,उतना ही उन लोगों का भी योगदान है,जो आज उसके साथ नहीं हैं।

श्राद्ध परंपरा में कौवे को अन्न देना,गाय और कुत्ते को भोजन कराना तथा ब्राह्मण,अतिथि या जरूरतमंद को भोजन कराने की परंपरा भी रही है। इन परंपराओं में जीवदया,अन्नदान,सेवा और सह-अस्तित्व की भावना दिखाई देती है।पूर्वजों के नाम पर यदि किसी भूखे का पेट भर जाए,किसी जीव को अन्न मिल जाए या किसी जरूरतमंद की सहायता हो जाए तो श्रद्धा का दायरा और विस्तृत हो जाता है। भारतीय धार्मिक साहित्य और महाकाव्यों में पितृकर्म का उल्लेख अनेक स्थानों पर मिलता है। महाभारत में कर्ण से जुड़ी कथा हो या रामायण परंपरा में भगवान श्रीराम द्वारा पिता राजा दशरथ के निमित्त किए गए कर्म ये प्रसंग भारतीय समाज में पितरों के प्रति दायित्व की गहरी भावना को सामने रखते हैं।

सर्वपितृ अमावस्या भी इसी व्यापक स्मरण का महत्वपूर्ण अवसर है। जिन पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है या किसी कारण निर्धारित तिथि पर श्राद्ध नहीं हो सका,उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने की परंपरा रही है। यह ज्ञात-अज्ञात सभी पितरों को नमन करने का अवसर है। आज श्राद्ध पक्ष की प्रासंगिकता शायद पहले से कहीं अधिक है। परिवार छोटे हो रहे हैं। संयुक्त परिवारों के स्थान पर एकल परिवार ले रहे हैं। घरों में सुविधाएं बढ़ी हैं,लेकिन पीढ़ियों के बीच संवाद घटता जा रहा है। बच्चे अपने दादा-दादी के जीवन-संघर्ष से परिचित नहीं हैं और अनेक बार उन्हें अपने परदादा का नाम तक मालूम नहीं होता। ऐसे समय में श्राद्ध पक्ष केवल धार्मिक परंपरा नहीं,बल्कि पारिवारिक स्मृतियों को बचाने का अवसर बन सकता है। घर के बुजुर्ग बच्चों को अपने पूर्वजों की कहानियां सुनाएं। परिवार का वंश-वृक्ष तैयार किया जाए। पुरानी तस्वीरों और दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जाए। पूर्वजों के संघर्ष, उनके व्यवसाय,सामाजिक योगदान और जीवन-मूल्यों की जानकारी नई पीढ़ी को दी जाए। क्योंकि जिसे अपनी जड़ों का पता नहीं,उसकी पहचान की ऊंचाई भी अधूरी होती है।

पितृदोष जैसी धार्मिक मान्यताएं भी श्राद्ध परंपरा से जुड़ी हुई हैं।अनेक श्रद्धालु पितरों की शांति और परिवार के कल्याण की कामना से तर्पण,धार्मिक पाठ और आध्यात्मिक साधनाएं करते हैं। इन आस्थाओं का सम्मान करते हुए यह भी समझना जरूरी है कि श्राद्ध का व्यापक संदेश भय नहीं,बल्कि कृतज्ञता,आत्मचिंतन और सदाचार है। यदि हम पितरों की शांति की कामना करते हैं तो केवल कर्मकांड पर्याप्त नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा,बुजुर्गों का सम्मान,परिवार में प्रेम, जरूरतमंद की सहायता, जीवों के प्रति करुणा और अपने आचरण में सत्य एवं संयम रखना भी पितृ-सम्मान का ही विस्तार है।आखिर पूर्वजों को सबसे बड़ा सम्मान क्या है? क्या केवल एक दिन तर्पण कर देना? क्या केवल भोजन और दान कर देना?

शहर की सबसे ऊँची इमारत

शहर के नए वीआईपी इलाके में आसमान छूती पचास मंजिला गगनचुंबी इमारत के मुख्य सुरक्षा द्वार के भारी लोहे वाले खंभे पर पीतल का एक पुराना और जंग लगा साहुल पिछले अठारह सालों से जूट की मैली रस्सी से टँगा हुआ था। उस लट्टू जैसे नुकीले साहुल की चमक सीमेंट, धूल और मौसम की मार से बिल्कुल मद्धम पड़ चुकी थी पर उसकी बनावट आज भी दीवार की हर सीधी लकीर को नापने की गवाही देती थी। जब पूरे शहर में गगनचुंबी इमारत दिवस यानी स्काईस्क्रेपर डे के मौके पर आधुनिक वास्तुकला, शीशे के गगनचुंबी महलों और शहरी विकास की भव्यता पर बड़े-बड़े सेमिनार आयोजित हो रहे थे, तब उस शानदार शीशे वाली इमारत के प्रवेश द्वार को नीली और सुनहरी झालरों से सजा दिया गया था। उस सुरक्षा द्वार के ठीक बगल में कंक्रीट के खुरदरे चबूतरे पर हर सुबह सात बजते ही देवा काका अपनी लकड़ी की पुरानी लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर की फटी धोती और कंधे पर लाल अंगोछा डाले देवा काका दिन भर उस लटके हुए साहुल को अपनी धुंधली आँखों से एकटक निहारते रहते थे। इमारत में सुबह से ही विदेशी कारों का रेला लगा हुआ था, बड़े-बड़े बिल्डर, निवेशक और नामी आर्किटेक्ट सूट-बूट पहनकर पचासवीं मंजिल के रूफटॉप लाउंज की ओर जा रहे थे और लिफ्टों की घंटियाँ बज रही थीं। उन रईस खरीदारों और चकाचौंध में डूबे मेहमानों को उस लोहे के गेट पर लटके पुराने साहुल से कोई मतलब नहीं था। गेट का पुराना सुरक्षा गार्ड सुखदेव जब भी अपनी लाठी संभालते हुए चक्कर काटता तो काका से बहुत ही धीमी आवाज में पूछता क्यों काका आज इस गगनचुंबी दिवस पर इस पीतल के साहुल की कोई सीधी नाप निकली क्या या आज भी सिर्फ शीशे की दीवारों की ऊँचाई का ढिंढोरा पीटा जा रहा है? काका बस एक उदास मुस्कान बिखेर देते और कांपते होठों से कहते सुखदेव भाई जब इमारत की नीयत सीधी होगी तब साहुल का वजन समझा जाएगा, तब तक इस टेढ़ेपन का तमाशा देखने दो।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 सितंबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - द्वितीया19:54 उपरांत त्रतिया
नक्षत्र- रेवती11:47 उपरांत अश्विनी
योग - ध्रुव11:19 उपरांत व्याघात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मीना मे हे 11:47 पर मेष मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 15 तारिख

मेष- कार्यस्थल पर बिना बात के विवादों में न पड़ें। व्यापार में बड़ा पूंजी निवेश आज टाल देना ही बेहतर है।

वृषभ- लव पार्टनर के साथ छोटी बात पर तनाव हो सकता है। अनावश्यक खर्चों से बजट बिगड़ सकता है।

मिथुन- शारीरिक थकान और आंखों में भारीपन महसूस हो सकता है। मानसिक स्फूर्ति बनी रहेगी।

कर्क- दफ्तर में आपकी बुद्धिमत्ता और मेहनत की तारीफ होगी। ऑनलाइन या विदेशी व्यापार से बड़ा लाभ हो सकता है।

सिंह- वैवाहिक जीवन में प्रेम और सम्मान बढ़ेगा। रुका हुआ पैसा मिलेगा, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कन्या- नौकरी-पेशा हैं तो सहकर्मियों के साथ बहुत अच्छा तालमेल रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी, स्फूर्ति बनी रहेगी।

तुला- कारोबारियों को नए ग्राहकों से जुड़ने का मौका और लाभ मिलेगा।

वृश्चिक- लव लाइफ बेहद रोमांटिक रहेगी, लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। अचानक धन लाभ हो सकता है।

धनु- दफ्तर में काम का दबाव अधिक रह सकता है। व्यापारिक फैसलों में वरिष्ठों की सलाह जरूर लें।

मकर- घर-परिवार में किसी बात पर वैचारिक मतभेद हो सकता है। गैर-जरूरी खरीदारी से बचें।

कुंभ- आपके आकर्षक स्वभाव से कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। आय अच्छी रहेगी, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मीन- बिज़नेस में नई तकनीक का इस्तेमाल फायदेमंद रहेगा। पार्टनर के साथ सुखद और यादगार पल बिताएंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

संजा का तीसरा दिन

भाई-बहिन के अटूट प्रेम का प्रतीक

संजा के नामकरण को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं। कहीं इसे संजा कहते हैं तो कहीं सांझी, तो कहीं संजुली/सिंझा/सांझुलदे आदि। मेवाड़ और इससे लगे मालवा क्षेत्र में सामान्यतया ज को झ तथा स को 'ह कहा जाता है। यही कारण है कि संजा और हंझा एक ही रूप हैं। संजा को पार्वती के एक रूप गौरा देवी के रूप में भी मान्यता दी गई है, हालांकि इसके पौराणिक तथ्य उपलब्ध नहीं है। यह मान्यता जब दी जाती है तो बताया जाता है कि पार्वती ने शंकर को प्राप्त करने के लिए व्रत किए थे। इसका उदाहरण महाकालेश्वर मंदिर में उमा-सांझी महोत्सव के रूप में हर वर्ष मनाते हुए देखा जा सकता है। कुछ लोग संजा को संध्या के रूप में भी लेते हैं क्योंकि रोजाना संध्या पूर्व संजा माण्डी जाती है और संध्या पश्चात पूजन, आरती की जाती है। इसका संबंध राधा-कृष्ण से भी जोड़ा जाता है। यह कहा जाता है कि- 'शरदकाल में एक बदन संध्या समय राधा को राजी करने के लिए कृष्ण ने दिवार पर कलाकृति बनाई। यही कलाकृति प्रतिक स्वरूप संझा के नाम से ख्यात हुई। संजा को लोक देवी के रूप में भी माना गया है, जैसे- पाहुनी, पूज्या, आराध्या आदि।



आज का माण्डना -दूज का बिजौरा

संजा पर्व के तीसरे दिन दूज को दूज का बिजौरा बनाया जाता है। यह भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतिक माना गया है। संजा जब अपने पीहर में थी तो उसे उसके भाई बहुत स्नेह करते थे। उसकी भौजाईयां भी उसे स्नेह देती थी। संजा बड़ी लाड़ की थी। वह जिस चीज की इच्छा व्यक्त करती थी,उसे उसके भाई लाकर देते थे। भाईयों ने कभी उसे डांटा तक नहीं था। जब संजा ससुराल में जाती है तो उसे सासु-ननद द्वारा मिले दुःख का इजहार वह चांद और सूरज से करती है। वह इन्हे अपना भाई मानती है। संजा इनसे अपने दिल की बात कहकर हल्की हो जाती थी। चांद और सूरज संजा के दुःख को काम करने तथा दिन व तिथियां आगे बढ़ाने में मदद करते थे। उसे विश्वास रहता था कि जल्द ही राखी का त्यौहार आएगा और उसके भाई उसे लेने आएंगे। दिन व रात उसकी प्रतीक्षा के प्रतीक भी थे।

आज का गीत

संजा अपने भाइयों से जेवर दिलाने की जीद करते हुए गाती है-
नाना-सा छबल्या घड़ई दो बीर
सासरिया में पैनांगा
सासरिया का खोटा लोग
खाये खजूरा, बेचे बौर
बोर की गुठली लईग्या चोर
चोर का घर में नाचे मोर
मोर-मोरनी उड़ी गया
संजा बई की सासू ने मेली गया।
छोटा-छोटा भम्भर घड़ई दो बीर
सासरिया में पैनांगा।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

तेजी से फेल रहा डेंगू, आप भी जरूर जान लें लक्षण व बचाव

देश के कई राज्यों में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर से दिल्ली में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का कारण बन गई है। डेंगू बुखार डेंगू वायरस से संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। ये मच्छर तब संक्रमित हो जाता है जब वह किसी डेंगू वायरस से संक्रमित व्यक्ति के खून को चूसता है। ये एक व्यक्ति से दूसरे में सीधे तौर पर नहीं फैलता है। डेंगू संक्रमण वायरस से फैलता है। इन चारों वायरस को सीरोटाइप कहा जाता है क्योंकि ये चारों अलग-अलग तरीके से एंटीबॉडी को प्रभावित करते हैं। आप अलग-अलग स्ट्रेन से चार बार भी डेंगू से संक्रमित हो सकते हैं। डेंगू फैलाने वाले मच्छर सबसे ज्यादा दोपहर के समय काटते हैं। खासतौर से सूर्योदय के दो घंटे बाद और सूर्यास्त से एक घंटे पहले। हालांकि, रात के समय भी डेंगू के मच्छर एक्टिव रहते हैं, खासकर उन इलाकों में जहां अच्छी रोशनी होती है। डेंगू के मच्छरों के काटने का खतरा ऑफिस, मॉल, इनडोर ऑडिटोरियम और स्टेडियम के अंदर ज्यादा होता है क्योंकि यहां हर समय आर्टिफिशियल लाइट्स का इस्तेमाल होता है और प्राकृतिक रोशनी नहीं आ पाती है।

डेंगू के लक्षण



डेंगू के लक्षण आमतौर पर संक्रमण के चार से छह दिन बाद दिखाई देने शुरू होते हैं जो 10 दिनों तक रहते हैं। इन लक्षणों में अचानक, तेज बुखार, बहुत तेज सिर दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में तेज दर्द, थकान, मितली, उल्टी, त्वचा पर लाल चकत्ते और हल्की ब्लीडिंग जैसे की नाक या मसूड़ों से खून आना हैं। डेंगू के बुखार में पूरे शरीर में बहुत तेज दर्द होता है इसलिए कुछ लोग इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। कभी-कभी इसके लक्षण हल्के होते हैं और लोग इसे गलती से फ्लू या अन्य वायरल इंफेक्शन समझ लेते हैं।

डेंगू का इलाज

डेंगू के इलाज के लिए कोई निश्चित दवा नहीं है। डेंगू के बुखार में खूब आराम करना चाहिए। खून में प्लेटलेट्स की नियमित रूप से जांच करवाएं। शरीर में पानी की बिल्कुल कमी ना होने दें और खूब सारा लिक्विड डाइट लें। इस समय नारियल पानी पीना सबसे अच्छा होता है। ये प्लेटलेट्स बढ़ाने का भी काम करता है। इसके अलावा गिलोय, पपीता, कीवी, अनार, चुकंदर और हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करें। डॉक्टर के संपर्क में रहें और अपने प्लेटलेट्स की जानकारी उन्हें देते रहें। किसी भी तरह की दिक्कत होने या प्लेटलेट्स गिरने पर डॉक्टर आपको अस्पताल में भर्ती होने की भी सलाह दे सकते हैं।

ऐसे करें बचाव

डेंगू मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है और इससे बचाव करना बहुत जरूरी है। डेंगू का मच्छर अक्सर दिन के समय काटता है। इसलिए दिन में मच्छरों के काटने से खुद को बचाएं। इन दिनों फुल बाजू के कपड़े और पावों में जूते पहन कर रहें। शरीर को कहीं से भी खुला ना छोड़ें। घर के आसपास या घर के अंदर पानी नहीं जमने दें। कूलर, गमले, टायर में जमे पानी को भी बहा दें। कूलर में अगर पानी है तो इसे भी खाली कर लें वरना इसमें मच्छर पनप सकते हैं। रात में सोते समय मच्छरदानी लगाना बचाव का सबसे सही तरीका है। संक्रमणजांच करवाएं

धर्म-आस्था

संजा: मिट्टी की खुशबू लिए लोकसंस्कृति का पर्व

मालवा और निमाड़ की लोक संस्कृति में कई ऐसे पर्व हैं, जिनमें पूजा के साथ जीवन की सादगी, रिश्तों की गर्माहट और प्रकृति से जुड़ाव दिखाई देता है। संजा पर्व भी ऐसा ही एक सुंदर लोकपर्व है। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि बेटियों, सहेलियों, कला और प्रकृति से जुड़ा उत्सव है।



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष की अमावस्या तक करीब 16 दिनों तक संजा का पर्व मनाया जाता है। खासकर कुंवारी लड़कियां इसे पूरे उत्साह के साथ मनाती हैं। लोकमान्यता है कि संजा माता पार्वती का ही एक रूप हैं, जो इन दिनों बेटी बनकर अपने पीहर आती हैं। इसलिए संजा को घर की बेटी की तरह सजाया और पूजा जाता है।

संजा पर्व की सबसे खास बात है इसे बनाने की परंपरा। पहले घर की बाहरी दीवार को साफ करके उस पर गाय के गोबर और मिट्टी से आकृतियां बनाई जाती थीं। फिर फूलों की पंखुड़ियों, पत्तियों, कुमकुम और दूसरी प्राकृतिक चीजों से उसे सजाया जाता था।

हर दिन एक नई आकृति बनाई जाती है। शुरूआत में झाड़ू, बिछिया या पांच उंगलियों जैसी सरल आकृतियां बनाई जाती हैं। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ते हैं, आकृतियां भी सुंदर और बड़ी होती जाती हैं। अंतिम दिनों में किला कोट जैसी विशेष आकृति बनाई जाती है।

यह काम किसी एक लड़की का नहीं होता था। सहेलियां मिलकर संजा बनाती थीं। कोई गोबर-मिट्टी तैयार करती, कोई फूल लाती और कोई आकृति सजाती। इस तरह संजा बनाना खुद में मिल-जुलकर काम करने और एक-दूसरे के साथ समय बिताने का अवसर था। संजा की शाम का सबसे सुंदर हिस्सा होता था उसके गीत। आकृति बनाने के बाद लड़कियां एक जगह इकट्ठी होतीं, संजा माता की आरती करतीं और फिर पारंपरिक गीत गातीं। इन गीतों में संजा के मायके और ससुराल की बातें होती थीं। भाई, भाभी, सहेलियों और परिवार के रिश्तों का जिक्र होता था। कई गीतों में हंसी-मजाक होता था तो कई में बेटी के मन की भावनाएं दिखाई देती थीं।

इन गीतों के माध्यम से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक लोक संस्कृति पहुंचती थी। दादी और नानी से सुने गीत बेटियां सीखती थीं और फिर उन्हें आगे सुनाती थीं। इसलिए संजा केवल दीवार पर बनने वाली आकृति नहीं थी। संजा रिश्तों को जोड़ने वाली एक छोटी-सी दुनिया थी। जिस तरह बेटी कुछ दिनों के लिए मायके आती है और फिर एक दिन विदा होती है, उसी तरह संजा की भी विदाई होती है।

सर्वपितृ अमावस्या के दिन संजा की आकृतियों को श्रद्धा से हटाया जाता है और जलस्रोत में विसर्जित किया जाता है। इन सोलह दिनों में जिस संजा को बेटियों ने अपने हाथों से बनाया, सजाया और पूजा, उसे विदा करते समय भावुकता भी जुड़ी होती है। शायद इसीलिए संजा पर्व में बेटी के आने और जाने दोनों का भाव छिपा हुआ है। आज समय बदल गया है। पहले बड़े-बड़े आंगन और मिट्टी-गोबर से बनी दीवारें होती थीं। अब शहरों में छोटे मकान और फ्लैट हैं। बच्चों के पास समय भी पहले जैसा नहीं है। मोबाइल और इंटरनेट ने शामों की जगह ले ली है।

इसी कारण कई जगह संजा बनाने की पुरानी परंपरा कम होती जा रही है। अब गोबर से दीवार पर आकृति बनाने के बजाय बाजार से मिलने वाले संजा पोस्टर या मिट्टी की बनी आकृतियों का इस्तेमाल होने लगा है। बदलाव अपने आप में गलत नहीं है। अगर परिस्थितियां बदल गई हैं तो संजा मनाने का तरीका भी बदल सकता है। जरूरत इस बात की है कि संजा की भावना और उसकी परंपरा खत्म न हो। आज भी बच्चे कागज पर संजा बना सकते हैं, मिट्टी से आकृति तैयार कर सकते हैं और परिवार की महिलाएं उन्हें पुराने संजा गीत सिखा सकती हैं। स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं में भी संजा बनाने की प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं।

क्योंकि लोक संस्कृति केवल संग्रहालयों में रखने की चीज नहीं है। वह तभी जीवित रहती है जब अगली पीढ़ी उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाती है।

संजा हमें बहुत छोटी-सी बात सिखाती है, प्रकृति से जुड़िए, साथ बैठिए, मिलकर कुछ बनाइए और रिश्तों को समय दीजिए।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,33,000 पाट- 2,31,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।


आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

पति की संदिग्ध मौत पत्नी बोली-दुपट्टे से लगाई फांसी

देवास। देवास के जवाहर नगर में 35 साल के राकेश परमार की



संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह अपनी पत्नी नीमा परमार के साथ रहते थे। शुक्रवार रात भोजन करने के बाद राकेश अपने कमरे में गए थे। कुछ देर बाद जब पत्नी नीमा कमरे में पहुंचीं, तो राकेश अपने ही दुपट्टे से बने फंदे पर लटके मिले। नीमा ने चाकू से दुपट्टा काटकर उन्हें नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद राकेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

छात्रों का हेल्थ चेकअप; नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई



शाजापुर । शाजापुर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को माय हेल्थ, माय प्राइड कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत, जिला शिक्षा विभाग और जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, शैलेंद्र सोनी, डॉ. सचिन नायक और युवा भारत कार्यक्रम अधिकारी सागर वाधवानी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, पौष्टिक आहार, शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जानकारी दी। किशोरावस्था में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को लेकर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इसमें विद्यार्थियों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सहभागिता की।

गणेश विसर्जन के दौरान रास्ते को लेकर विवाद



शाजापुर। शुक्रवार को गणेश विसर्जन के दौरान लखुंदर नदी की जादमी पुलिया के पास रास्ता देने की बात को लेकर एक ही समाज के दो गुटों में खूनी झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे और जमकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया है, जिसमें पुलिस कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद युवक आपस में मारपीट करते दिख रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए लालघाटी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

दशलक्षण महापर्व का हुआ समापन, सिटी व मंडी में निकली श्रीजी की मंगल शोभायात्रा

चतुर्दशी पर मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा व निर्वाण लाडू अर्पित कर की विशेष आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर





पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व का धार्मिक आयोजनों के साथ समापन हुआ। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिटी में सुबह से ही श्रावक-श्राविकाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र देव का अभिषेकए शांतिधारा एवं पूजन कर धर्मलाभ लिया।

दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन भक्तिभाव के साथ हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य राजेंद्र कुमार, विमल कुमार, किशोर कुमार, अमित कुमार, अंश जैन एवं लक्ष्यपति परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य छगनलाल, राकेश कुमार, संजय कुमार, नितेश कुमार, राहुल कुमार एवं अजमेरा परिवार को मिला। मंदिर समिति ने दोनों परिवारों के पुण्यार्जन की अनुमोदना की। दोपहर 2 बजे मंदिर से श्रीजी की मंगल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और आराधना के साथ अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद श्रीजी का अभिषेक किया गया। इ

सके साथ ही श्रीजी की माला की बोली भी लगाई गई। जैन समाज के लोगों ने दशलक्षण महापर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर धमार्राधना की। पूरे पर्व के दौरान मंदिर में धार्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की जानकारी श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, शुजालपुर सिटी के महामंत्री राहुल जैन एवं नितिन जैन ने दी।

दशलक्षण महापर्व के समापन पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मंडी से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति और धार्मिक उल्लास के बीच निकला चल समारोह महात्मा गांधी मार्ग एवं लोहिया मार्ग से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंचा। इसमें जैन समाज के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने सहभागिता की। शोभायात्रा में नवयुवक मंडल, बालिका मंडल एवं महिला मंडल ने चंवर एवं भक्ति नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

परंपरा के अनुसार कलश की बोली हुई

मंडी प्रांगण में धार्मिक परंपरा के अनुसार कलश की बोली हुई, जिसके बाद शोभायात्रा पुन मंदिर पहुंची। यहां भगवान श्री महावीर स्वामी का अभिषेकए शांतिधारा एवं पूजन किया गया। इसके बाद विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान किया गया। दशलक्षण महापर्व के दौरान आसपास के क्षेत्रों से भी साधर्मी बंधु शामिल हुए। दस दिवसीय आयोजन की प्रमुख धार्मिक क्रियाएं बाल ब्रह्मचारी भैया विमलजी जैन, इंदौर के सान्निध्य में संपन्न हुईं। यह जानकारी ट्रस्ट महामंत्री सुनील जैन ने दी।

दोस्तों के साथ नहाने गए 12 वर्षीय बच्चे की स्टाप डैम में डूबने से मौत

बेरछा। दोस्तों के साथ स्टाप डेम में नहाने गए 12 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को 12 वर्षीय दिलशाद अपने



दोस्तों के साथ रूल्की रोड पर बने स्टॉप डैम में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी की तरफ चला गया और डूबने लगा। साथ में मौजूद बच्चों ने जब उसे डूबते देखा तो तुरंत भागकर उसके परिजनों को खबर दी। ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गौरतलब है कि कुए और अन्य जलाशयों में बारिश कम होने के बावजूद पानी भरा हुआ है, जिसमें कई बच्चे जान जोखिम में डालकर स्नान कर रहे हैं। शाजापुर शहर के ज्योति नगर दरगाह क्षेत्र स्थित कच्चे कुए में भी प्रतिदिन दर्जनों बच्चों का हुजुम नहाने पहुंच रहा है, जिन्हे न तो परिजन रोक पा रहे हैं और न ही स्थानीय रहवासी। ऐसे में हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

बाल उड़ान कार्यक्रम में शिक्षा-संस्कार के साथ स्वास्थ्य और विधिक जागरूकता का संदेश



शुजालपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के तत्वावधान में तहसील न्यायालय परिसर शुजालपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 150 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान सीबीसी, आरबीसी, बीपी, शुगर एवं लिपिड प्रोफ इल सहित विभिन्न जांच की गईं। आवश्यकता के अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। न्यायालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों सहित उपस्थित लोगों ने शिविर का लाभ लिया। यह गतिविधियां मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बाल उड़ान-शिक्षा एवं संस्कार का संगम कार्यक्रम के तहत हुईं। 25 व 26 सितंबर को शाजापुर, कालापीपल एवं शुजालपुर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के तहत 26 सितंबर को कालापीपल में 43 जरूरतमंद बच्चों को जूते एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। शाजापुर एवं शुजालपुर में आयोजित गतिविधियों को मिलाकर कुल 100 जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए सहयोग दिया गया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में आगे बढ़ने की क्षमता होती है। जरूरत सही अवसर और मेहनत की है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने और अच्छे संस्कारों के साथ अपने अधिकारों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। शुजालपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते, एसडीएम अंकिता पाटकर, एसडीओपी निमेश देशमुख, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

8 श्रद्धालुओं की मौत के बाद लापरवाह प्रशासन को जगाने

बगलामुखी मंदिर में हवन-अनुष्ठान भी नहीं हुए, व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर हुए हादसे में आठ श्रद्धालुओं की मौत के बाद 27 सितंबर को नगर पूरी तरह बंद रहा। मां बगलामुखी भक्त मंडल के कहने पर व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और बंद को समर्थन दिया। नगर में ज्यादातर बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

हादसे के बाद मंदिर मार्ग की व्यवस्थाओं और प्रशासन की लापरवाही को लेकर नगरवासियों में गुस्सा है। इसी को लेकर भक्त मंडल पिछले कुछ दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहा है। नगरवासियों ने विरोध जताया और हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज उठाई।

भक्त मंडल का कहना है कि मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन को पहले भी कई बार बताया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसी वजह से नगर बंद बुलाया गया है।

सेवाएं बंद रखकर आंदोलन का समर्थन

बंद के दौरान मंदिर परिसर में हवन-पूजा कराने वाले पंडितों और आचार्यों ने भी अपनी सेवाएं बंद रखकर आंदोलन का समर्थन किया। इसके चलते बगलामुखी मंदिर परिसर में रविवार को कोई अनुष्ठान नहीं हुआ। हालांकि, जरूरी सेवाओं को बंद से छूट दी गई थी।

नगर निगम में ठेकेदारी करने वाले युवक ने किया सुसाइड

दादी ने खिड़की से देखा, पुलिस जांच में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के जोशीपुरा इलाके में शनिवार सुबह ठेकेदार शुभम देवतवाल का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। सुबह दादी



ऊपर के कमरे में पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर शुभम पंखे से फंदे पर लटके दिखाई दिए। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे।

परिजन शुभम को फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। परिजनों के मुताबिक, शुभम लंबे समय से नगर निगम में ठेकेदारी करते थे। वह सिविल के काम करते थे। शुक्रवार रात शुभम गणेश विसर्जन जुलूस देखने गए थे। इसके बाद रात में घर लौटकर सो गए थे।

शनिवार सुबह काम करने वाली महिला घर पहुंची। इसी दौरान दादी ऊपर के कमरे में गईं। दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर शुभम फंदे से लटके दिखाई दिए।

आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं

कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

हंगामा कर शराब दुकान का शटर गिराने वाले गिरफ्तार, कर्मचारी को पीटने और वसूली का आरोप

देवास। देवास के स्टेशन रोड पर एक शराब दुकान पर विवाद के बाद पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



इन पर दुकान कर्मचारी से मारपीट और अवैध वसूली का आरोप है। फरियादी सतीश कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात आरोपियों ने दुकान का शटर गिरा दिया। इसके बाद अंदर मौजूद कर्मचारी को बाहर निकालकर उसके साथ झूमाझटकी और मारपीट की। यादव के अनुसार, आरोपी दुकान चलाने के एवज में उनसे रुपए मांग रहे थे। इस मामले में कोतवाली थाने में शुक्रवार देर रात केस दर्ज किया गया। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि प्रवीण वर्मा, अरुण, अंकित भंडारी और दिनेश उपाध्याय के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने शनिवार को इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

ट्रैफिक जाम के कारण दुर्घटना की संभावना

चंदेसरा। सैफी पेट्रोल पंप चौराहे से पाइप फैक्ट्री चौराहे एवं हमूखेड़ी तक दोनों तरफ लगभग 1 किलोमीटर ट्रैफिक जाम का नजारा दिन में लगभग 8-10 बार एवं रात्रि में कई बार देखा जा देखा जा सकता है जो आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाओं का न्योता है इसका प्रमुख कारण प्रेम नगर स्थित गरोठ हाईवे की पुलिया का अधूरा निर्माण होने से है बड़े वाहनों का आवागमन इस छोटे से चौराहे से होकर जाता है इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस उज्जैन द्वारा कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है तथा ट्रैफिक जवानों की नियुक्ति तक नहीं की जाती है और इसी गंभीर समस्या को अनदेखा किया जा रहा है इस परिस्थित के चलते पार्षद सुगन भाई वाघेला ने मध्य प्रदेश शासन को अवगत करवाया गया उज्जैन देवास मार्ग को शासन ने राजधानी मार्ग तो घोषित किया लेकिन ट्रैफिक की उचित व्यवस्था नहीं की गई कई बार शासन के बड़े अधिकारियों के आने पर ट्रैफिक व्यवस्था चंद समय के लिए सुधारी जाती है उसके बाद स्थिति फिर से ज्यों की त्यों ही बनी रहती है।

उपचुनाव : शोर थमा, अब प्रत्याशी घर-घर देगें दस्तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए जारी हाई-प्रोफाइल चुनावी घमासान का शोर रविवार शाम को पूरी तरह थम गया। राज्य निर्वाचन आयोग के नियमानुसार, मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व रविवार शाम को लाउडस्पीकरों की गूंज, रैलियों और सार्वजनिक सभाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अब सभी प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता केवल डोर-टू-डोर घर-घर जाकर व्यक्तिगत जनसंपर्क के जरिए मतदाताओं को साध सकेंगे। चुनाव प्रचार थमने के एक दिन पहले भाजपा की और से जहां नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रोड शो किया वहीं अन्तिम दिन रविवार को कांग्रेस की और पूर्व केबीनेट मंत्री प्रियवृत सिंह खिची ने प्रचार रेली के माध्यम से लोगों को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। इस उपचुनाव के लिए 29 सितम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा, जबकि मतगणना और नतीजों की घोषणा 3 अक्टूबर को की जाएगी।

विकास बनाम बदलाव, दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

प्रचार के आखिरी दिनों में दोनों ही प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, जिससे स्थानीय सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। भाजपा का 'विकास और बॉक्स' दांव-: भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सोनी के समर्थन में शनिवार रात मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रोड शो और नुक्कड़ सभा की। मंत्री विजयवर्गीय ने सुसनेर के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भरोसा देते हुए कांग्रेस पर तीखा तंज कसा और कहा कि कांग्रेस जीती तो विकास के बजाय सिर्फ घंटी बजाने को घंटी मिलेगी। प्रचार में सांसद रोडमल नागर और जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने भी संबोधित किया।

350 फीट केबल डोरी चोरी होने की शिकायत दर्ज

एक रात में 7 किसानों के खेतों से केबल चोरी, किसानों में गुस्सा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया के केवड़ा खेड़ी में एक रात में सात किसानों के खेतों से केबल चोरी का मामला सामने आया है। चोर खेतों पर रखे सामान के साथ केबल डोरी, ट्यूबवेल की केबल और एक खेत से डीपी का ऑयल चोरी कर ले गए। मामले में सुनील परमार ने 26 सितंबर को 350 फीट केबल डोरी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई।

राजेश शंकरलाल के खेत से 210 और 40 फीट, अनिल लखनसिंह के खेत से 50 फीट, मनोहर अजब सिंह के खेत से 50 फीट, भगवतसिंह शंकरलाल के खेत से 150 फीट और कपिल कैलाशचंद्र के खेत से 80 फीट केबल डोरी चोरी होने की जानकारी सामने आई है। चंदरसिंह भंवरलाल के खेत से डीपी का ऑयल चोरी होने की बात भी सामने आई है।

थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों के खेतों से केबल चोरी का मामला



सामने आया है। उनके अनुसार चोर केबल के बाहरी वायर को छोड़कर उसके अंदर का तांबे का तार निकालकर ले गए। पुलिस ने घटनास्थलों का निरीक्षण किया है और किसानों से जानकारी ली है। मामले की जांच की जा रही है।

लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों-स्थानीय निवासीयों में नाराजगी है। किसानों का आरोप है कि पुलिस गश्त कम होने के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस का कहना है कि खेतों से हुई केबल चोरी के मामले में जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बोलाई मंदिर में चोरी के आरोपी की पहचान करने का दावा

बोलाई के विद्यावन मंदिर परिसर में 19 सितंबर को दो दानपेटियों के ताले तोड़कर नकदी चोरी की गई थी। इसके अलावा बोलाई में किराना दुकान और खेतों से सिंचाई मोटर चोरी होने की घटनाएं भी सामने आई थीं।

थाना प्रभारी ने बताया कि बोलाई मंदिर में हुई चोरी के मामले में आरोपी की पहचान कर ली गई है। आरोपी फिलहाल फरार है और पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही है।

अब रात की गश्त पर शहर की तंग गलियों तक पहुंचेगी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में रात्रिकालीन गश्त को चुस्त-दुरुस्त करने और रात के समय होने वाले अपराधों पर नकेल कसने के लिए शाजापुर पुलिस अब आधुनिक तकनीक का सहारा लेगी। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला की पहल पर शनिवार से जिले में प्रहरी नाइट पेट्रोलिंग एप्लीकेशन की शुरूआत की गई है।

इस नई व्यवस्था के लागू होने से पुलिसकर्मी अब गश्त के नाम पर खानापूर्ति नहीं कर सकेंगे। कंट्रोल रूम से उनकी पल-पल की लोकेशन और मूवमेंट पर सीधी नजर रखी जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस एप का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलेभर के थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को एप के इस्तेमाल और मॉनिटरिंग की बारीकियां सिखाई गईं।

अक्सर यह देखा जाता है कि रात की गश्त मुख्य सड़कों और चौराहों तक ही सीमित रह जाती है। प्रहरी सिस्टम के जरिए अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पेट्रोलिंग पार्टियां शहर के अंदरूनी और संवेदनशील इलाकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचें। किस टीम ने रात में किस रूट पर और कितनी देर गश्त की, इसका पूरा डिजिटल डेटा एप में दर्ज होगा। प्रहरी एप सिर्फ लाइव निगरानी ही नहीं करेगा, बल्कि पुलिसकर्मियों की सक्रियता का आकलन भी करेगा। रातभर की गश्त के डेटा का अगले दिन सुबह विश्लेषण किया जाएगा। इस रिपोर्ट के आधार पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने वाली पेट्रोलिंग टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, निर्धारित पॉइंट्स पर न पहुंचने या गश्त में लापरवाही बरतने वाली टीमों को चिन्हित कर उन पर सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण में ये अधिकारी रहे मौजूद

शुभारंभ अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, एएसपी घनश्याम मालवीय, एसडीओपी शाजापुर कीर्ति बघेल, एसडीओपी (अजाक) अजय मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, लालघाटी टीआई अर्जुन मुजाल्दे, यातायात प्रभारी मोनिका ठाकुर, महिला थाना प्रभारी आशा सोलंकी और रेडियो प्रभारी एसआई अंतर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिले के अन्य थानों के प्रभारी व स्टाफ ऑनलाइन माध्यम से इस प्रशिक्षण से जुड़े।

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि हमारे पक्षकार श्री प्रवीण कुमार वर्मा पिता श्री प्रेम कुमार वर्मा निवासी नयापुरा तराना जिला उज्जैन म.प्र. के एक मात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान तहसील तराना के नगर परिषद तराना की सीमा में वार्ड नम्बर 7 नयापुरा (गाँधी मार्ग) में मकान नम्बर 55 का स्थित है जो पश्चिम मुखी होकर चतुः सीमा इस प्रकार है

पुर्व में :- गली, पश्चिम में सड़क नयापुरा रोड़

उत्तर में :- मित्तल जी का प्लाट, दक्षिण में पलोड़ जी का मकान

यह कि उक्त चतुः सीमा में स्थित मकान एक मात्र हमारे पक्षकार के स्वामित्व का होकर शासकीय अभिलेख नगर परिषद आदि में दर्ज है। जिसमें हमारे पक्षकार के अलावा अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हक अंश नही है।

यह कि उक्त मकान (सम्पत्ति) को कुछ लोग किसी फर्जी कागजात के आधार पर उक्त मकान को विक्रय करने और भारग्रस्त करने के कुप्रयास कर रहे है तथा इस बाबद् दलाल भी लगा रखे है।

अतः इस सुचना के माध्यम से सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य के उक्त वर्णित मकान विषयक कोई सौदा/संव्यवहार, अनुबंध या क्रय/विक्रय आदि न करे अन्यथा वह सौदा अनुबंध संव्यवहार व क्रय/विक्रय शुन्य व व्यर्थ होगा। फक्त सुचित हो।

इति दिनांक 27/09/2026

रमेशचन्द्र शर्मा अभिभाषक

कार्यालय नयापुरा तराना जिला उज्जैन म.प्र.

मो.न. 9179889901

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्री जीवनसिंह पिता श्री गोपीलाल, निवासी-ग्राम आक्यानजीक तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-203/1/2 रकबा 0.40 हेक्टर, 203/2/2 रकबा 0.40 हेक्टर एवं 203/1/1/1 रकबा 0.20 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 1.00 हेक्टर ग्राम आक्यानजीक, तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.00 हेक्टर मेसे 0.35 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री यश तिवारी पिता श्री अभय तिवारी एवं शाकीर मंसूरी पिता कुरसीद मंसूरी, दोनो निवासी-नागदा जिला उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री यश तिवारी एवं शाकीर मंसूरी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य. किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-27.09.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट

कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)

मोबा. 94259-46659

फोरलेन मार्ग पर खुले चेंबर बने जानलेवा

शुजालपुर। सिटी मंडी फोरलेन मार्ग से सटी भूमि पर बनाए गए नाले के दौरान बने खुले चेंबर अब राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं। शनिवार को गांधी पार्क के समीप जश अस्पताल के सामने एक महिला करीब 7 से 8 फीट गहरे खुले चेंबर में गिरकर घायल हो गई। यह महिला अपने परिजन का उपचार कराने आई थी और इस चेंबर गिरने के बाद स्वयं का इलाज अस्साल में करवाना पड़ा। इस महिला को आसपास मौजूद लोगों ने उसे नाले से बाहर निकाला। इसी तरह शनिवार रात सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर मंडी के प्रवेश मार्ग के समीप एक करीब 17 वर्षीय बालक भी नाले के खुले चेंबर के गड्ढे में गिर गया। रास्ते से गुजर रहे युवकों ने उसे देखकर तत्काल बाहर निकाला। हादसे में बालक के शरीर पर चोटें आईं। इस तरह शनिवार को ही खुले चेंबर के कारण दो हादसे सामने आए। करीब एक सप्ताह पहले सफाई अभियान के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने खुले चेंबर देखकर नाराजगी जताई थी।

तेज शोर से डीजे की आवाज से छत का हिस्सा गिरा

शुजालपुर। भगवान श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार रात शहर में तेज आवाज में बज रहे डीजे से नागरिकों की परेशानी के बीच चौबे मार्ग क्षेत्र में एक मकान की छत का हिस्सा गिर गया। यह मकान शहर के एकमात्र सिविल अस्पताल के समीप है। आसपास मरीजों के उपचार व भर्ती की चिकित्सा सुविधाएं भी हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बजने को लेकर प्रशासनिक निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। इसी प्रकार सिविल अस्पताल के सामने स्थित एवीएस होटल पर लगे कई शीशे भी तेज आवाज के कारण टूट कर गिर गए। मिली जानकारी अनुसार चौबे मार्ग पर शहर के साहित्यकार स्वर्गीय शरद राव देशमुख की पत्नी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ पदाधिकारी डॉ. अभिजीत देशमुख की माताजी शैलजा देशमुख इस हादसे में बाल बाल बची। उन्होंने बताया कि वे शनिवार रात घर में टीवी देख रही थीं। विसर्जन चल समारोह के दौरान डीजे की तेज आवाज के कारण उन्होंने टीवी बंद कर दिया और दूसरे कमरे में गई तथा इस कमरे से बाहर निकलते ही धमाके जैसी आवाज आई।

सड़क पर घायल पड़े युवक के लिए देवदूत बनी एंबुलेंस

शाजापुर। क्षेत्र में आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के पायलट की संवेदनशीलता और तत्परता का एक सराहनीय मामला सामने आया है। किसी अन्य केस के लिए जा रही एंबुलेंस के स्टाफ ने रास्ते में घायल पड़े एक युवक को देखकर तुरंत वाहन रोका और उसे समय पर अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अरनिया खुर्द निवासी अभिषेक मेवाड़ा पिता राजू मेवाड़ा रविवार को सड़क मार्ग पर घायल अवस्था में गिरे हुए थे। इसी दौरान अवंतीपुर बड़ोदिया लोकेशन की एंबुलेंस दूसरे केस के लिए वहां से गुजर रही थी। रास्ते में युवक को घायल पड़ा देख एंबुलेंस के पायलट कृष्णपाल वर्मा ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी। पायलट कृष्णपाल वर्मा ने बिना समय गंवाए घायल अभिषेक को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करते हुए तुरंत सिविल अस्पताल शुजालपुर पहुंचाया, जहां युवक को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम

शाजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में रविवार को शुजालपुर के फ्रीगंज राघवगंज आंगनवाड़ी केंद्र 20/1 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 138 वे एडिशन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मंत्री परमार ने आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों एवं माताओं के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान मंत्री परमार ने माताओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं दैनिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। मंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया तथा उनकी गतिविधियों में सहभागिता की। इस दौरान बच्चों की मासूमियत और उत्साह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान बच्चो को खिलोने की किट वितरित की गई । मंत्री परमार ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर गूंजी मन की बात

शाजापुर। सशक्त आंगनवाड़ी, समृद्ध बचपन और स्वस्थ समाज के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से जिले में रविवार से तीन दिवसीय 'आँगन मिलन सेवा' अभियान की उत्साहपूर्वक शुरुआत हुई। सेवा संकल्प अभियान के तहत 27 से 29 सितम्बर तक चलने वाले इस विशेष आयोजन के पहले दिन नगर के वार्ड क्रमांक 4, 5, 6/1, 6/2, 7/2, 8/2 एवं 10/3 के आंगनवाड़ी केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल रहा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कामिनी सिंह, रेणुका गौर, अफसाना, शाइस्ता, रेहाना, यास्मीन और तस्लीम ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण से किया। इसके तुरंत बाद केंद्रों पर उपस्थित महिलाओं और बच्चों को मोबाइल व टीवी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी की विशेष अपील का वीडियो दिखाया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण शाजापुर जिले का नवाचार घर में पकायेंगे- घर का खायेंगे रहा। इस थीम पर कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक पोषण प्रदर्शनी लगाई गई और बच्चों व माताओं को स्थानीय स्तर पर तैयार पौष्टिक स्वल्पाहार वितरित किया गया। अंतर्गत नवजात शिशुओं एवं द्वितीय प्रसव पर जन्मी बालिकाओं का भी विशेष सम्मान हुआ।

बालाजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

अस्पताल पहुंचने के बाद करीब दो घंटे तक उपचार नहीं मिलने का परिजनों ने लगाया आरोप

दैनिक अवन्तिका » गुना



सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के एक निजी बालाजी हॉस्पिटल में उपचार न मिलने से एक महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। इसके चलते मृतक महिला के परिजनों ने हंगामा खड़ा करते हुए ब्रिज के पास शव रखकर चक्का जाम कर दिया।

दरअसल पूरा मामला ये है कि आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम भादौर निवासी 26 वर्षीय राजकुमारी ओझा पति महेश ओझा की बालाजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत के बाद विवाद खड़ा हो गया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने ओवरब्रिज के पास शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान करीब 2 घंटे यातायात अवरुद्ध होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा तथा परिजनों को समझाइश देकर यातायात बहाल कराया।

ये है पूरा घटनाक्रम- परिजनों के अनुसार राजकुमारी बाई को खून को कमी की शिकायत के चलते बीते 18 सितंबर को निजी रूप से संचालित बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान महिला को चार यूनिट ब्लड चढ़ाया गया, जिसके बाद स्वास्थ्य सुधार होने पर 21 सितंबर को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

बताया गया कि शनिवार शाम अचानक महिला की तबीयत दोबारा बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे तत्काल बालाजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहाँ अस्पताल पहुंचने के समय महिला की सांसें चल रही थीं, लेकिन करीब डेढ़ से दो घंटे तक कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया। इस दौरान न तो उपचार शुरू किया गया और न ही गंभीर स्थिति को देखते हुए किसी अन्य बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया गया। बाद में महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद आक्रोशित मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि महिला को सिर्फ टाइफाइड और खून की कमी की समस्या थी तथा रात में उसकी स्थिति ठीक थी। परिजनों के मुताबिक समय पर चिकित्सकीय सहायता मिलती तो स्थिति अलग हो सकती थी। हालांकि पूरे मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल परिजनों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और अस्पताल प्रबंधन की भूमिका की जांच तथा आयुष्मान योजना के बावजूद कथित रूप से जमा कराई गई राशि की जांच की मांग की है।

एक लाख रुपए जमा कराने का आरोप

मामले में एक अन्य गंभीर आरोप भी सामने आया है। परिजनों का कहना है कि मृतका का आयुष्मान कार्ड अस्पताल में लगाया जा रहा था, इसके बावजूद उनसे करीब एक लाख रुपए जमा कराए गए। परिजनों ने इस राशि और उपचार संबंधी प्रक्रिया की भी जांच की मांग की है। मृतका के भतीजे सत्यम ओझा ने बताया कि घटना से पहले उनकी बुआ ने रात में उनके पिता से फोन पर बातचीत भी की थी। इसके बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाया गया। पूर्व में उनका इलाज डॉक्टर आरबी धाकड़ द्वारा किया जा रहा था।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका » गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं संभागीय उपायुक्त आबकारी श्री संदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया के नेतृत्व में सिंगवासा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए एक किशोर को अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

आबकारी विभाग को सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी चार बोरियों एवं एक झोले में एक-एक लीटर क्षमता वाले पाउच में भरी हाथभट्टी मदिरा बरामद हुई। माप करने पर कुल 83 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। मदिरा के नमूने परीक्षण के लिए सुरक्षित किए गए।

आबकारी विभाग ने किशोर को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा एवं एक मोटरसाइकिल सहित लगभग 75 हजार रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई। अभियान में आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

रक्तदान से बचाया जा सकता है किसी का जीवन

शुजालपुर। क्षेत्र के ग्राम रानी बड़ोद में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी की उपस्थिति में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्त संग्रहण जिला चिकित्सालय शाजापुर की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान टीम के संजय परमार, योगेश काउंसलर एवं जया माहेश्वरी ने ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने रक्तदान को लेकर लोगों के मन में बनी भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है और इससे रक्तदान करने वाले व्यक्ति के शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया भी नियमित रूप से सक्रिय रहती है।

आंगनवाड़ी बच्चों के पोषण के साथ संस्कार और भविष्य की नींव का केंद्र



शुजालपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 138वें संस्करण का शुजालपुर नगर मंडल के 53 बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया।

इस दौरान फ्रीगंज स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आंगनवाड़ी केवल बच्चों के पोषण और देखभाल का केंद्र नहीं बल्कि उनके शिक्षा, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का स्थान है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समाज की सहभागिता जरूरी है। कायक्रम में मंत्री परमार और भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे ने बच्चों एवं माताओं से संवाद कर स्वास्थ्य और शिक्षा की जानकारी ली। लाड़ली लक्ष्मी योजना की बेटियों का पूजन कर उपहार दिए गए। मातृ वंदना योजना की हितग्राही मातृशक्ति तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया गया। सहभागिता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा माह के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी रहेंगी। इस अवसर पर एसडीएम अंकिता पाटकर, संजय त्रिपाठी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

हितग्राहियों का स्वागत कर किया पौधारोपण

शाजापुर। जिले के ग्राम दिल्होद-सुतारपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गोपालसिंह , धन्नालाल एवं तेजसिंह मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी लाडली बहनों, लाडली लक्ष्मी बालिकाओं और मातृ वंदना योजना के सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

डीएपी अवैध भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका » गुना



जिले में अवैध भण्डारण के संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड-गुना एवं बमौरी के द्वारा अवैध उर्वरक भण्डारण की सूचना के आधार पर ग्राम-सकतपुर एवं ग्राम-रहूपुरा विकासखण्ड-बमौरी जिला-गुना में मौके पर जाकर अवैध भण्डारण के ठिकानों पर निरीक्षण कर उर्वरक भण्डारण पाये जाने पर स्थानों को सील किया गया। उर्वरक भण्डारण की वास्तविक स्थिति (वैध या अवैध) की जांच हेतु संबंधितों को उर्वरक संबंधी संपूर्ण दस्तावेज एवं जानकारी प्रदाय करने हेतु आदेशित किया गया है।

जिसके उपरांत कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड-बमौरी एवं गुना को उक्त समस्त दस्तावेजों एवं भण्डारित खाद की जांच कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 25 सितम्बर 2026 को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड-बमौरी द्वारा मेसर्स बजरंग एग्रो एजेंसी प्रो. धर्मेन्द्र धाकड़ ग्राम-पाटन तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी-गुना द्वारा श्री भीमा लोधा ग्राम-चीमरामपुरा एवं श्री राजकुमार लोधा ग्राम-चकमिलावटी के विरुद्ध उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु आवेदन थाना प्रभारी बमौरी तथा थाना प्रभारी कैंट गुना को प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रकरण में शेष कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्री कैलाशचन्द्र पिता श्री गंगारामजी, निवासी-ग्राम पलसोडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-39/2 रकबा 0.85 हेक्टर ग्राम पलसोडा, प. ह. नं.-00137 तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-27.09.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड
उज्जैन मो. 94259-46659

जाहिर सूचना का खण्डन और आपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक अवन्तिका के दिनांक 19-09-2026 के उज्जैन अंक के पृष्ठ नं. 8 पर श्री शैलेन्द्र शर्मा, एडवोकेट के माध्यम से श्रीमती कंचन वागरेचा पति स्व. श्री बाबूलाल वागरेचा स्वयम् द्वारा मुख्त्यारआम सुनील वागरेचा पिता स्व. बाबूलाल, निवासी खाचरोद के स्वामित्व एवम् आधिपत्य के आवासीय भूखण्ड पुराना नम्बर 1/1106 नया क्रमांक 79 स्थित निजातपुरा, उज्जैन, जो पोस्ट ऑफिस वाले मकान के नाम से मशहूर है, को विक्रय करने की जाहिर सूचना प्रकाशित की गई थी। इस संबंध में मेरे पक्षकार श्री मनीष कोठारी पिता श्री पी.सी. कोठारी, निवासी-6, राजनगर हीरामिल रोड़, उज्जैन म.प्र. द्वारा मुझे उक्त जाहिर सूचना का खण्डन करने के लिए अधिकृत किया गया है और मेरे पक्षकार की ओर से यह आपत्ति और खण्डन है कि सुनील वागरेचा पिता श्री बाबूलाल वागरेचा, निवासी-21, सागरमल मार्ग, खाचरोद, जिला उज्जैन द्वारा उपरोक्त भवन क्रमांक 1/1106, निजातपुरा, उज्जैन को विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया जाकर बयाना पेटे राशि भी प्राप्त की है तथा उक्त मकान को विक्रय करने का अनुबंध आज भी प्रभावशील है और विक्रय की कार्यवाही होना शेष है किन्तु उक्त सुनील वागरेचा द्वारा असत्य रूप से मेरे पक्षकार से छिपाते हुए तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में किए गए अनुबंध के प्रभावशील रहते जाहिर सूचना दिनांकित 19-09-2026 में उल्लेखित सौदा किया है, जो मेरे पक्षकार पर बाध्यकारी नहीं है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सुनील वागरेचा को भी विधिक सूचना पत्र प्रेषित किया जाकर मेरे पक्षकार के पक्ष में किए गए अनुबंध के पालन में शेष विक्रय मूल्य की राशि अदायगी और उसके विक्रय पत्र के निष्पादन और पंजीयन करवाने हेतु कार्यवाही की जा रही है, ऐसी स्थिति में सर्वसाधारण को भी सूचित किया जाता है कि वह उपरोक्त 1/1106 नया क्रमांक 79 स्थित निजातपुरा, उज्जैन को क्रय करने अथवा अन्य तरीके से हस्तांतरण करने आदि की कार्यवाही न करें, ऐसी कार्यवाही अथवा हस्तांतरण मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और ऐसा विक्रय, हस्तांतरण व्यवहार शून्य एवम् प्रभावहीन होगा। सूचित हो। उज्जैन, दिनांक 28-09-2026

विरेन्द्रसिंह तोमर, एडवोकेट
Office & Residence: 88 -A, Mangal Colony, Udyan Marg, Ujjain (M.P.) Contact No. 99938-13101, 94248-29929

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी 01-श्री रोहित रघुवंशी पिता श्री निहालसिंह रघुवंशी, 02-श्री गजराजसिंह पंवार पिता श्री हरिसिंह पंवार, 03-श्री प्रेमसिंह जादव पिता श्री कमलसिंह जादव, तीनो कृषक ग्राम पलसोडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-33/1/2 रकबा 0.2467 हेक्टर, 33/2 रकबा 0.29 हेक्टर, 33/3 रकबा 0.28 हेक्टर एवं 34/1/1/1 रकबा 0.01 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 0.8267 हेक्टर ग्राम पलसोडा, प. ह. नं.-00137 तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-27.09.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
(म. प्र.) मो. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी 01-श्री राजेन्द्रसिंह डोडिया पिता श्री कालूसिंह, 02-श्री कमलसिंह डोडिया पिता श्री कालूसिंह, दोनो निवासी ग्राम पलसोडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-36/1 रकबा 1.21 हेक्टर, 36/2 रकबा 1.21 हेक्टर एवं 39/1 रकबा 0.03 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 2.45 हेक्टर ग्राम पलसोडा, प. ह. नं.-00137 तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-27.09.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
(म. प्र.) मो. 94259-46659

न्यूज-कॉलम

दशपुर जागृति संगठन आज मनायेगा क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती

मन्दसौर। राष्ट्रीय चेतना एवं देशभक्ति के संकल्प को समर्पित दशपुर जागृति संगठन अपने 17 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्म दिवस आज 28 सितंबर की शाम 7.30 बजे नई आबादी रोमटावर स्थित संगठन कार्यालय पर मनायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन प्रतीक मशालों के प्रज्वलन से होगा, जिन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, विनोद मेहता एवं दृष्टानंद नेनवानी द्वारा प्रज्वलित किया जाएगा। इस दौरान संगठन की वर्षों पुरानी मांग के तहत नगर में चक्रांतिकारी चौराहाज निर्माण के मांग-पत्र का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही देश के माननीय प्रधानमंत्री एवं महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक पत्र का वाचन होगा, जिसमें भगत सिंह को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान च्भारत रत्नज् देने की आधिकारिक मांग की जाएगी।

पिपलीया से खात्याखेड़ी मार्ग पर स्थित तलैया दे रही हादसे को आमंत्रण

पिपलीया स्टेशन। नगर से खात्याखेड़ी होकर फोरलेन पहुंच मार्ग पर कृषि उपज मंडी वाले बायपास पर वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम तिहारे पर स्थित तलैया जोकि सड़क से लगी हुई है यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा होसकता है।उक्त बात कहते हुवे जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने बताया कि फोरलेन से खात्याखेड़ी, बरखेड़ापन्थ, मल्हारगढ़- नीमच-मन्दसौर के साथ ही कृषिउपज मंडी पिपलीया आने जाने वाले किसानों भी इसी रूट से अपना सफर तय करते है।ऐसे में यहां मोड़ भी है रेलिंग या संकेतक के अभाव में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नही किया जासकता है।शर्मा ने नगर पंचायत सीएमओ से मांग करी है कि इस तलैया के आस पास रेडियम लगी रेलिंग लगाई जाए ताकि किसी भी बड़ी घटना से बचा जासके क्योकि इधर से सेकड़ो बड़े एवं छोटे वाहन निकलते है।

असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में दस मेघावी विद्यार्थियो का चयन

मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। महाविद्यालय के गणित विभाग से अध्ययन पूर्ण करने वाले दस मेधावी विद्यार्थियों का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर (गणित) के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। चयनित प्रतिभाओं में नंदिता धनोतिया, नेहा शर्मा, संध्या मेल, राजेश धाकड़, आयुषि जेठानिया, काशीराम प्रजापति, अश्विनी पंवार, मोनिका कुमावत, आदित्य परिहार तथा नेहा बाघेरिया शामिल हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे एवं विभागाध्यक्ष प्रो. तुषारकांत झाला सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। प्राचार्य प्रो. दुबे ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता न केवल इन विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम और अटूट लगन का परिणाम है, बल्कि महाविद्यालय के आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन और उच्चस्तरीय अध्यापन का भी साक्षात प्रमाण है।

स्कार्पियो से 4 क्विंटल अवैध डोडाचूरा जब्त

मन्दसौर। मंदसौर पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। एसपी विनोद मीणा के दिशा-निदेर्शों पर थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक वरुण तिवारी की टीम ने अवैध डोडाचूरा की बड़ी खेप पकड़ी है। २६ सितंबर को कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक सीताराम शर्मा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान का तस्कर काले रंग की स्कार्पियो गाड़ी क्र. एमपी 13 एजी 0627 में अवैध डोडाचूरा भरकर कचनारा से राजस्थान की ओर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने फतेहगढ़ हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर नाकाबंदी की। कचनारा की तरफ से आ रही संदिग्ध स्कार्पियो को रोककर जब उसकी बारीकी से तलाशी ली गई, तो उसमें से ४ क्विंटल अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी जवाहरीलाल विश्नोई (निवासी ओसिया, जिला जोधपुर, राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर के चौपाटी चौराहा पर नुक्कड़ नाटक से सेवा, सुशासन व राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



नगर पालिका व अन्य द्वारा चौपाटी चौराहा पर नमो सेवा अनकही कहानियांज शीर्षक से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा, समर्पण और सुशासन की यात्रा को संवाद, संगीत एवं प्रभावी अभिनय के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

नमो सेवा अनकही कहानियां के माध्यम से गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा को प्रभावशाली अंदाज में मंच पर प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने सेवा, समर्पण, संघर्ष, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न प्रसंगों को अभिनय एवं संवादों के माध्यम से दर्शाया। नाट्य प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया कि सेवा और सुशासन की यात्रा केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी प्रेरक यात्रा है।

यह नाट्य प्रस्तुति जिले में पहली बार इस स्वरूप में आयोजित की जा रही है। नुक्कड़ नाटक को केवल मनोरंजन का माध्यम न बनाकर सेवा और सुशासन की यात्रा को समझने और महसूस करने का संवादात्मक माध्यम बनाया गया। संवाद, संगीत और अभिनय के संयोजन ने दर्शकों को प्रस्तुति से जोड़ा तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं, आत्म निर्भरता, स्वच्छता, महिला सशक्ति करण, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी जैसे विषयों को भी प्रभावी ढंग से सामने रखा।

नमो सेवा के सहायक नोडल अधिकारी रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि नमो सेवा अनकही कहानियां के माध्यम से सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक जैसे प्रभावी माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चौपाटी क्षेत्र में आयोजित नाटक को स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक देखा। कलाकारों ने संवाद, संगीत एवं अभिनय के माध्यम से सेवा, राष्ट्र निर्माण, जन भागीदारी और विकसित भारत की संकल्पना को रोचक शैली में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, पार्षद शिवेंद्र माथुर, नंद किशोर माहवार,अभय कोठारी, वीरेंद्र सिंह चौहान शक्ति केंद्र प्रभारी, प्रमोद रावल,विनोद चौरसिया , मगनलाल कायस्थ, विजय सोलंकी,,अमजद अली, रुस्तम शाह,अतुल मेहता ,पीयूष माली, विकासखण्ड समन्वयक युवराज सिंह पंवार, सहित नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

5 डे बैंकिंग और लंबित मांगों पर अड़े बैंककर्मी, आज से तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर देश भर के 8 लाख से अधिक बैंक अधिकारी और कर्मचारी सोमवार, 28 सितंबर से तीन दिनों की हड़ताल पर जा रहे हैं। इस विशाल हड़ताल में देश की 12 सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकें, 13 संगठित निजी क्षेत्र की बैंकें, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक तथा सभी सहकारी बैंक एकजुट होकर हिस्सा ले रहे हैं।

बैंक यूनियंस मुख्य रूप से 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने और अपनी अन्य लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने की पुरजोर मांग कर रही हैं। इससे पूर्व, रविवार को बैंक खोलने के सरकारी फैसले के विरोध में बैंक कर्मियों ने काले कपड़े पहनकर अपना विरोध जताया था। आईबीए और वित्त मंत्रालय के इस रुख से बैंक कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। फोरम के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने बताया कि 28, 29 और 30 सितंबर को नगर के समस्त सार्वजनिक एवं ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी प्रातः 10.30 बजे गांधी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने जमा होंगे। वहां उग्र नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन और जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

पितृपक्ष पर कौओं के लिए विशेष भोजन व्यवस्था, 5 हजार घरों से जुटेगा भोग

रतलाम, । पितृपक्ष के अवसर पर सनातनी परंपरा के निर्वहन हेतु वाघेला गो सेवा जीव दया समिति द्वारा इस वर्ष भी नगर में कौवों को भोजन कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह अभियान चलाया जाएगा। मान्यता है कि पितृपक्ष में कौवे को भोजन कराने से किया गया भजन-भोग सीधे हमारे पितरों को प्राप्त होता है। इसी परंपरा को सुचारू रूप से बनाए रखने के उद्देश्य से समिति ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने बताया कि नगर में वर्तमान में गाय की रोटी एकत्रित करने के लिए जो वाहन चल रहे हैं, उन वाहनों पर इस बार एक विशेष डिब्बा रखा जाएगा। इस डिब्बे में पितृपक्ष के पूरे श्राद पक्ष तक लगभग पांच हजार घरों से कौवों के लिए भोजन एकत्रित किया जाएगा। एकत्रित भोजन को नगर के उन स्थानों पर खिलाया जाएगा, जहां कौवों की संख्या अधिक है, ताकि अधिक से अधिक कौवे इस भोग को ग्रहण कर सकें।वाघेला ने नगर के उन सभी परिवारों से अपील की है जो इस सेवा वाहन से जुड़े हैं, वे इस व्यवस्था का लाभ लें और पितृपक्ष में कौवों के लिए रोटी व भोजन अलग से निकालकर विशेष डिब्बे में डालें।





अध्यात्म और उल्लास के साथ निकली भव्य चैत्य परिपाटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

पर्युषण महापर्व के भक्तिमय वातावरण में संपन्न होने के उपलक्ष्य में श्री विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ, पिपलिया मंडी द्वारा मंदसौर नगर में एक अत्यंत भव्य एवं मनमोहक चैत्य परिपाटी का आयोजन किया गया।

यह धार्मिक यात्रा नयापुरा रोड स्थित प्रसिद्ध जैन दादावाड़ी मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें महिला मंडल, बहू मंडल, नवरत्न परिवार तथा वर्धमान युवा मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैंड-बाजे और भक्ति भजनों की गूंज के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शहर के शुक्ला चौक, वीर सावरकर ब्रिज, खानपुरा, प्रतापगढ़ पुलिया और पशुपतिनाथ की नई पुलिया से होते हुए चंद्रपुरा स्थित श्री आर्यरक्षित तीर्थ धाम पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं ने उवसगहरं पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन-वंदन किए तथा विराजित जैन संतों के ज्ञानवर्धक प्रवचनों का लाभ उठाया। इस अवसर पर आचार्य श्री अशोक सागरजी एवं सागरचंद्रसागरजी म.सा. के सानिध्य में चातुर्मास समिति एवं ट्रस्ट द्वारा ११ लाभार्थी परिवारों का भावभीना बहुमान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवकारसी का धार्मिक लाभ अरुण, दिनेश और दलपतसिंह लोढ़ा परिवार द्वारा लिया गया।

सब्जी मंडी के बाहर दुकानों के छज्जे गिरे

रतलाम, । सैलाना बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी गेट के पास शनिवार रात करीब 9.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मंडी गेट के पास की एक दुकान छोड़कर कतार में बनी सात दुकानों की ऊपर की बाउंड्री वॉल और छज्जे अचानक भरभरा कर नीचे आ गिरे।

दुग्ध डेयरी बालागुड़ा की वर्ष की साधारण बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



27 सितंबर को प्रातः 11 बजे रविवार आदर्श दुग्ध डेयरी बालागुड़ा नक्षत्र गार्डन के पास वर्ष की साधारण बैठक सफल हुई। बैठक की अध्यक्षता गोपाल पाटीदार बालागुड़ा बस स्टेशन ने की पूर्व दुग्ध डेरी अध्यक्ष दशरथ पाटीदार बालागुड़ा बोर के कुए वाले पूर्व दुग्ध संघ प्रतिनिधि शिवजी पाटीदार गली वाले बालागुड़ा संभाग उज्जैन पूर्व दुग्ध संघ प्रतिनिधि दिनेश पाटीदार बालागुड़ा संभाग उज्जैन कमलेश पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 2 जनपद पंचायत मल्हारगढ़ एवं भाजपा जिला किसान मोर्चा सह शासन प्रमुख मंदसौर दुग्ध डेरी सचिव घनश्याम पाटीदार आदर्श दुग्ध डेरी बालागुड़ा पूर्व संस्था के सदस्य दशरथ पाटीदार गली वाले बालागुड़ा भाजपा नेता रविंद्र पाटीदार बालागुड़ा बस स्टेशन भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल पाटीदार बालागुड़ा भाजपा के वरिष्ठ नेता गोवर्धन लाल पाटीदार बालागुड़ा पूर्व पंच गोपाल जी पाटीदार ग्राम पंचायत बालागुड़ा कमलेश पाटीदार महादेव चौक बालागुड़ा सुरेश पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा धर्मेंद्र पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा संतोष राठौड़ बालागुड़ा गोवर्धन लाल पाटीदार बालागुड़ा दिनेश पाटीदार नक्षत्र गार्डन बालागुड़ा नीरज पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा कपिल पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा नेपाल सिंह जी शक्तावत बरखेड़ा जय सिंह आदर्श दुग्ध डेरी कार्यकर्ता हरिओम पाटीदार बालागुड़ा कांजी पाटीदार संसेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा सेतु में सरकार आपके द्वार नीमच में 3 एवं 4 अक्टूबर को शिविर

नीमच। मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिले में च्सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वारज् एवं जनविश्वास अभियान 2026 के तहत नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराने शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपखण्ड नीमच अंतर्गत 3 अक्टूबर को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक ग्रामीण शिविर सामुदायिक भवन, नगर परिषद जीरन तथा ४ अक्टूबर को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक नगरीय क्षेत्र स्तरीय शिविर नगर पालिका परिषद नीमच में आयोजित होगा। शिविरों में राजस्व सहित विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी, पात्र हितग्राहियों को लाभ एवं नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता गतिविधियां भी होंगी। प्रशासन ने संबंधित विभागों को शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा तीनों विभाग की सेवाओं से सबका सर्वांगीण विकास निश्चित- कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमे आंगनवाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथि उद्बोधन पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जो बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए हैं, उन बच्चों को सुपोषित आहार प्रदाय किया गया। अतिथियों ने लाडली बहनाओं का भी सम्मान किया।

मुख्य अतिथि श्री काश्यप ने इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग तीन विभागों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह विभाग सीधे जनकल्याण से जुड़े हुए हैं और जन-जन तक उनकी पहुंच है। यदि इन तीनों की सेवाएं समाज को बेहतर रूप से मिलती रहेगी, तो सभी का सर्वांगीण विकास निश्चित है। उन्होंने कहा कि बच्चों को किस प्रकार से पोषण दिया जाना है, यदि सक्षम नागरिको को भी को जागरूक किया जाए, तो कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहेगा ।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मिलेट्स एवं अन्य संतुलित चीजों से बनी हुई सामग्री की पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। अतिथियों ने इसका अवलोकन किया और प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि ऐसे भोज्य पदार्थ हमारी दिनचर्या में शामिल होंगे, तो कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहेगा।

कार्यक्रम में महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, कलेक्टर अजय कटेसरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, अनीता कटारिया, महामंत्री जयवंत कोठारी, पवन सोमानी, अनुज शर्मा, जुबिन जैन, संदीप यादव, आदि उपस्थित थे।

न्यूज कालम



कांग्रेस सेवादल ने किया ध्वज वंदन व वरिष्ठ नागरिकों का आत्मीय सम्मान

मन्दसौर। कांग्रेस सेवादल द्वारा प्रति माह के अंतिम रविवार को आयोजित की जाने वाली ध्वज वंदन की नियमित श्रृंखला के अंतर्गत इस बार शहर के खानपुरा मंडलम में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के समर्पित वरिष्ठ नागरिकों वल्लभ बघेरवाल, भगवतीलाल पालीवाल, रामनारायण हिंगोरिया, शांतिलाल ब्रिजवानी, माधुलाल पंवार, परशुराम बरसोलिया, सूरजमल मेघवाल, बंशीलाल चुमरिया एवं फारूख कुरेशी ने पूरे सम्मान के साथ ध्वज वंदन किया, जिसके पश्चात कांग्रेस सेवादल द्वारा उन सभी का फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने कहा कि ध्वज वंदन की यह श्रृंखला शहर के विभिन्न वार्डों और मंडलों में निरंतर जारी रहेगी। वहीं, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे संगठन की एक बेहतरीन परिपाटी बताया। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, महिला सेवादल की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर में गणपति उत्सव के समापन पश्चात विसर्जन हुआ



नीमच । शहर में 10 दिवसीय नागेशोत्सव का समापन शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के साथ हुआ। अधिकांश सार्वजनिक पंडालों और घरों में विराजित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चन कर विसर्जन किया गया। हालांकि कई स्थानों पर शनिवार को भी विसर्जन चल समारोह निकले। चल समारोह में डीजे, बैंड और धार्मिक भजनों के साथ ढोल की थाप पर युवा नृत्य करते हुए चलो श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे लगाते हुए प्रतिमाओं को सजाई गई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में निर्धारित जलाशयों तक ले गए। शहर के प्रमुख मार्गों से निकले समारोह को देखने के लिए जगह-जगह लोग मौजूद रहे। जलाशयों पर प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चत कर श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन स्थलों पर पुलिस और नगर पालिका कर्मचारियों की तैनाती रही। 10 दिनों तक शहर के पंडालों में सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजन हुए। शनिवार को शेष प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन हुआ।

विघ्नहर्ता गणपति मित्र मंडल टीलाखेड़ा द्वारा प्रथम वर्ष में निकाली गई झांकी



पिपलिामंडी। विघ्नहर्ता गणपति मित्र मंडल टीलाखेड़ा पिपलिया मंडी प्रथम वर्ष में निकाली गई झाकी की आरती में नगर परिषद अध्यक्ष इंद्र सुनील देवरिया , मुख्य नगर परिषद अधिकारी प्रवीण सेन,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ,चौकी प्रभारी डामोर , पार्षद माया भूपेन्द्र महावर,बलराम सोलंकी, चेतना पोरवाल,प्रेस क्लब के अध्यक्ष जगदीश पंडित,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा , घीसालाल उनियारा,देवेंद्र जश उनियारा,के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या माताएं ,बहने युवा साथी उपस्थित रहे । आकर्षक। भगवान सांवलिया सेठ का विग्रह,भगवान गणेश जी की मनमोहक मूर्ति ,ओर डीजे आकर्षक का केंद्र रहा । मित्र मंडल ने नगर परिषद,पत्रकार साथी,पुलिस प्रशासन धर्म प्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया गया।

चौपाटी चौराहा पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग अभी तक अधर में



जावरा । पिपलौदा रोड़ चौपाटी, नगर के लेबड - नयागांव हाईवे पर स्थित होने के कारण यहां पर भीड़ भाड़ और यातायात जाम की समस्या दिन में कई बार बनती रहती हैं ! यहां पर लंबे अर्से से ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की जाती रही हैं। बायपास नहीं होने से चौपाटी चौराहे पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। समाजिक कार्यकर्ता डॉ मदन लाल गांगले ने बताया की चौपाटी चौराहे से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते रहते हैं। चौपाटी चौराहे से गुजरने वाले राहगीरों औ? रहवासियों का रोड़ पार करना मुश्किल होता जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस जान जोखिम में डाल कर ड्यूटी निभाते रहते हैं ।ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग के स्थायी समाधान के लिए एवं चौपाटी चौराहे पर ओवर ब्रिज की मांग के बारे में बारम्बार समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत भी कराया चुका हैं। लेकिन फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई हैं । मांग को अनसुना कर देते हैं। आखिर ऐसा कब तक चलेगा ? डॉ. गांगले ने जनहित में अति व्यस्ततम चौपाटी चौराहे पर , राहगीरों, रहवासियों की सुरक्षा के लिए, डाक बंगला रोड़ से लेकर बस स्टैंड पार तक तकरीबन 400 मीटर का ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग अनिवार्य रूप से की है ।

धारुखेड़ी के समीप खाई में मिला 40 वर्षीय युवक का शव

सुसनेर। शुक्रवार को धारुखेड़ी के समीप खाई में भरे पानी में 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया। मृतक की पहचान सुन्दलाल पिता बद्रीलाल सेन, निवासी धारुखेड़ी के रूप में हुई। सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और युवक की मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जनपद पंचायत के वार्ड क्र. 25 के उप चुनाव 29 को

तराना। जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 25 में जनपद सदस्य के लिए उपचुनाव 29 सितंबर को होंगे।जुलाई2022 मैं हुए चुनाव परिणाम मे मोड़ सिंह यहा से विजय हुए थे उनके निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी।चुनाव अधिकारी एवं तहसीलदार लखन सोनानिया ने बताया कि शासन द्वारा चुनाव की पूरी तैयारी कर ली गई है। 28 सितंबर को दल केंद्रों पर जाएगा एवं 29 सितंबर को चुनाव होंगे जिसके परिणाम 3 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 25 के लिए दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। इस वार्ड में कुल 5 ग्राम पंचायत लगती है कुल 12 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें कुल 6003 मतदाता अपने मतों का उपयोग करेंगे यह चुनाव ईवीएम पर होगा यह चुनाव गेर दलीय आधार पर होते हैं। **तराना जनपद एक नजर में-** जुलाई 2022 में जनपद सदस्यों के चुनाव हुए थे जनपद पंचायत में 25 वार्ड के कुल 25 सदस्य हैं। इस चुनाव में जो कांग्रेस एवं 8 भाजपा समर्पित जनपद सदस्य चुने गए थे। किसी भी डाल को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया था। लेकिन विधायक महेश परमार की रणनीति से कांग्रेस को सफलता मिल गई थी और जनपद अध्यक्ष कांग्रेस का ही बना था।

सामूहिक वन्दे मातरम का हुआ आयोजन

सुसनेर । शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाईस्कूल मोडी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित वन्दे मातरम् सामूहिक गायन कार्यक्रम भेरूलाल शर्मा की अध्यक्षता, बालचन्द बागरी प्राचार्य शा. उ. मा. वि. मोडी के मुख्य अतिथि एवं गोवर्धन रातड़िया के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गोवर्धन रातडिया ने नमामि भारत वन्दे मातरम की पृष्ठभूमि रखते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उत्साह वर्धन व प्रेरणादायी रहा। जिससे भारत वर्ष की चतुर्थ सीमा को भारतमाता के स्वरूप में देशवासियों के मन मस्तिष्क में अमिट रहे एवं आने वाली भावी पीढी के दिमाग में संस्कृति, राष्ट्रचेतना आत्मसम्मान का भाव जाग्रत हो।

मुख्यमंत्री संकल्प सेवा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



खाचरौद। मुख्यमंत्री संकल्प सेवा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 27 सितंबर 2026 को नगर पालिका खाचरौद क्षेत्र अंतर्गत पुराना पुलिस थाना के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रंग उत्सव कला मंडली उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किए गए इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कलाकारों ने प्रभावी अभिनय के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, पार्षद राकेश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि, सुमित गेलडा, एल्डरमैन अर्जुन शर्मा, कमला डाबी, विनोद चतुर्वेदी, रामकिशन नागर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित सेठी, भाजपा नेता अखिलेश शर्मा, बंटी जायसवाल, अनिल छाजेड़, सौरभ जैन, अजय वाक्तरिया, रोहित राठौर उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, हर्षोल्लास के साथ हुआ गणेश विसर्जन

दो दिनों तक चला विसर्जन का सिलसिला, छापी बांध पर रही प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

नगर एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले दो दिनों से गणेश उत्सव के बाद गणपति विसर्जन का सिलसिला हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ जारी रहा। घर-घर विराजित गणपति प्रतिमाओं के साथ ही विभिन्न गणेश उत्सव समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालु ढोल-ढमाकों और भक्ति गीतों के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते और गुलाल उड़ाते हुए गणपति को विदाई दी। प्रतिमाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु छापी बांध स्थित घाट पर पहुंचे, जहां प्रशासन द्वारा विसर्जन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

विसर्जन स्थल पर पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मी लगातार व्यवस्था संभालते नजर आए, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना न हो।

विसर्जन को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में लखन एवं उनकी टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम के सदस्य नाव के माध्यम से नदी में आगे जाकर श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित करते रहे और उन्हें नदी के बीच निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से विसर्जित करते रहे।



महिदपुर

गणेशोत्सव के समापन पर शुक्रवार और शनिवार को सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों एवं घर-घर विराजे गणपति की प्रतिमाओं का शिप्रा नदी में विधि-विधान से विसर्जन किया गया। दो दिनों तक नगर में निकले विसर्जन चल समारोह में भक्त डांडिया खेलते, नाचते-झूमते और गुलाल उड़ाते हुए शामिल हुए।

शनिवार दोपहर लगभग 15 सार्वजनिक गणेश मंडलों की प्रतिमाओं का एक साथ भव्य चल समारोह निकला, जो देर रात शिप्रा नदी स्थित नाव घाट पहुंचा। यहां भक्तों ने बप्पा की आरती कर गणेश प्रतिमाओं को नाव व छोटी डोंगी के माध्यम से नदी के गहरे पानी में विसर्जित किया। शनिवार रात प्रमुख गणेश मंडलों की प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन की सहायता से किया गया। इस दौरान पूरा घाट गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल

दो दिनों तक चले गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। गणपति बप्पा को विदाई देते समय श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना के साथ ह्लगणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आह्व के जयकारे लगाए। प्रशासन, पुलिसकर्मियों, समिति सदस्यों और स्वयंसेवकों की व्यवस्थाओं के चलते विसर्जन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। इससे घाट पर भीड़ के नदी में अधिक अंदर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी और विसर्जन प्रक्रिया अपेक्षाकृत सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनी रही।

2 करोड़ की लागत से निर्मित बस स्टैंड उद्घाटन की प्रतीक्षा में

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

नगर की सीमा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में 2 करोड़ की लागत से निर्मित बस स्टैंड पूरा निर्मित होकर लगभग छः से महिने से अधिक समय से शुभारंभ की प्रतीक्षा कर रहा है बस स्टैंड का यदि शीघ्र शुभारंभ हो जाता है तो महिलाओं के लिये सर्व सुविधायुक्त सुविधा घर पर्याप्त मात्रा में व्यापार व्यवसाय करने के लिये व्यापारियों के लिये 36 से अधिक दुकानों का निर्माण अनेक नये व्यापारियों को रोजगार व्यवसाय करने का मार्ग प्रशस्त करेगा बस स्टैंड परिसर में एक साथ 10 से अधिक बसें खड़ी होने बारिश गर्मी तथा ठंड के दौरान यात्री बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिये सुविधायुक्त



यात्री प्रतीक्षालय के उपयोग के साथ नगर के व्यापार व्यवसाय में भी यह बस स्टैंड शुरू होना निश्चित रूप से मददगार साबित होगा।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच ऋतु पाटीदार ने बताया बस स्टैंड परिसर में यात्री बसों के प्रवेश के लिये पर्याप्त स्थान की व्यवस्था के लिये वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा गया है।

अंजलि धाकड़ ने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग निर्माण कार्य की एजेंसी थी हमारे द्वारा कार्य पूरा कर लिया गया है बाकी व्यवस्था राजस्व विभाग तथा ग्राम पंचायत को देखना है।

बस स्टैंड के शुभारंभ से यात्री बसों को व्यस्त रूप से खड़ा रखने में मदद मिलेगी।

सोयाबीन की सरकारी खरीदी को लेकर असमंजस बरकरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

क्षेत्र में खरीफ फसल की कटाई अब रफ्तार पकड़ने लगी है, जिससें सारंगपुर कृषि उपज मंडी में नई सोयाबीन की आवक शुरू हो गई है। आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुँच रहे हैं, जहाँ उन्हें 4000 से 5800 रुपए प्रति क्विंटल तक शुरूआती दौर में भाव मिले हैं। हालांकि, फसल बाजार में आने के बावजूद सरकारी खरीदी को लेकर शासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट नीति या गाइडलाइन जारी न होने से किसानों के बीच भारी असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है।

भारतीय किसान संघ (भाकिसं) ने शासन से मांग की है कि 1 अक्टूबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की सरकारी खरीदी अनिवार्य रूप से शुरू की जाए। भाकिसं के तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने कहा कि सरकार की ओर से सायोबीन खरीदी को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक गाइडलाइन जारी नहीं हुई है।

पंजीयन प्रक्रिया ठप, भंडारण की बढी चिंता

मंडी में आवक शुरू होने के बाद भी अब तक सरकारी समर्थन मूल्य या भावांतर पर खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। किसान संगठनों का कहना है कि हर बार शासन की लेट-लतीफी का खामियाजा अन्नादाता को भुगतना पडता है। फसल कटकर तैयार हो चुकी है, जिसे लंबे समय तक घरों या खलिहानों में सुरक्षित रखना किसानों के लिए बेहद मुश्किल चुनौती है।

सोनकच्छ से मलावर-जामी ग्रीड तक

33 केवी विद्युत लाइन को चालू करवाने कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

मलावर क्षेत्र में 3-4 साल में 33 केवी लाइन पूरी हो गई है जिसको सोनकच्छ से मलावर जामी ग्रीड तक चालू करना था लेकिन समय से चालू न होने के कारण लाइन के तारों को चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया के अध्यक्ष राजकुमार जाट के नेतृत्व में पुनः लगवाने एवं क्षेत्र की बिजली समस्या के स्थायी समाधान की माँग को लेकर विद्युत वितरण केंद्र पगारी बंगला पर जेई विनोद पाटिल को ज्ञापन सौंपा। जिसमे क्षेत्र के ग्रामीणों एवं किसानों को बिजली की समस्या से जल्द राहत मिले। शिघ्र ही इस लाइन को चालू किया जाए जिसमें 25 से 30 गांव की बिजली समस्या बार-बार खराब नहीं होगी।

ये रहे मौजूद

मलावर क्षेत्र के आम नागरिक पार्टी के जिला कांग्रेस उपध्यक्ष चैनसिंह गुर्जर, अनिल झांजोरिया, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, मंडलम अध्यक्ष महेश गुर्जर,एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर राहुल नाथ, हनुमंत सिंह गुर्जर, विष्णु नागर,अनिल जनजोरिया, मतीन खान, महेंद्र गुर्जर, रघुवीर सिंह बना,रवि गुर्जर उपस्थित रहें।

दिगंबर जैन समाज के निकली शोभायात्रा

पयुर्षण महापर्व के अंतर्गत अंनत चर्तुदशी पर मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा चढ़ा कर शोभायात्रा निकाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

दिगंबर जैन समाज के पयुर्षण महापर्व के अंतर्गत शुक्रवार को अंनत चर्तुदशी पर मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा चढा कर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भक्तों की भगवान के प्रति आस्था सामने आई। दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में जैन समाज के बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं पूरे उत्साह के साथ शामिल हुवे। जैन धर्म में पयुर्षण पर्व पर अंनत चर्तुदर्शी का विशेष महत्व होता है, यही वजह है कि सुबह से ही जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना करने



वालों की भीड़ शुरू हो गई थी। मंदिरों में पहुंचकर समाजजनों ने भगवान पर जलधारा व अभिषेक के बाद पूजन-अर्चना की। दोपहर 3 बजे दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी के शिखर पर पूरे विधी-विधान से धर्मध्वजा चढ़ाई एवं आरती की। शाम 4 बजे बैड बाजे के साथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी से शोभायात्रा निकली, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर शुक्रवारिया बाजार स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन छोटा मंदिर जी पहुंची, जहां बडे मंदिर जी में होने वाले भगवान के अभिषेक करने की बोली लगाई गई।

50 गांवों के बप्पा का महासंगम, शाही विसर्जन यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आज ग्राम तनोडिया में श्री गणेश जी की शाही विसर्जन यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई।

तनोडिया की सभी समितियों सहित आसपास के लगभग 50 गांवों के विघ्नहर्ता एक ही स्थान पर एकत्रित हुए। डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शाही यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़े तालाब पर पहुंची, जहां आरती के पश्चात विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान बड़े तालाब पर प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था न होने को लेकर सभी समितियों ने नाराजगी जताई। विसर्जन स्थल पर क्रेन, प्रकाश और घाट की समुचित व्यवस्था नहीं होने से विसर्जन में परेशानी हुई।

मल्लखम्ब में बढ़ा खाचरौद का मान

खाचरोद। झांसी स्थित श्री लक्ष्मी व्यायाम मन्दिर, खण्डेराव गेट में 27 से 29 सितम्बर 2026 तक तीन दिवसीय अखिल भारतीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता 2026 का विशाल आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्री खाकचौक व्यायामशाला के अनुभवी मल्लखम्ब प्रशिक्षक संजय पोपंडिया एवं मन्नालाल मामोडिया को प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 'तकनीकी अधिकारी' नियुक्त किया गया है।

विकास की प्राथमिकताओं को लेकर आमने-सामने प्रदीप सोनी और विष्णु पाटीदार

सुसनेर नप अध्यक्ष उपचुनाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले आगामी उपचुनाव को लेकर नगर की राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। मैदान में मुख्य रूप से दो ही प्रत्याशी आमने-सामने हैं। भाजपा से प्रदीप सोनी और कांग्रेस से विष्णु प्रसाद पाटीदार। दोनों ही प्रत्याशियों ने सुसनेर नगर के विकास को लेकर अपनी-अपनी प्राथमिकताएं जनता के सामने रखी हैं। भाजपा उम्मीदवार ने युवाओं से लेकर बजुर्गो के लिए विभिन्न कार्य सकल्प पत्र के माध्यम से लोगों के बीच रखे वही दूसरी और कांग्रेस उम्मीदवार ने संकल्प पत्र जारी कर पानी,सडक,बिजली जैसी बुनियादी जरूरत दिलाने का वादा किया है। लेकिन राजनीतिक गलियारों और आम जनता के बीच इस बात की चर्चा सबसे तेज है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के कारण विकास में तेजी से हो सकता है।

भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सोनी का कहना है कि सुसनेर का सर्वांगीण विकास ही उनका मुख्य संकल्प है। उन्होंने बताया कि डॉक बंगला से सांई तिराहे से डिवाईडर सड़क,बस स्टेंड के समीप तालाब का सोदयीकरण,नदी को स्वच्छ कर घाटों का निर्माण, बस स्टेंड का आधुनिकी करण करने के साथ सड़कों का सुदृढ़ीकरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आधुनिक स्वच्छता प्रणाली और खेल मैदानों के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रदीप सोनी की सबसे बड़ी ताकत मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार होना है। चूंकि प्रदेश में भाजपा सत्ता में है, इसलिए सुसनेर में भाजपा का अध्यक्ष चुनने से नगर परिषद को सीधे राज्य सरकार की योजनाओं और विकास बजट का सीधा लाभ मिलेगा। 'डबल इंजन' की इस ताकत के कारण विकास कार्यों की फाइलें बिना किसी राजनीतिक रुकावट के तेजी से पास होंगी।

दूसरी ओर, कांग्रेस उम्मीदवार विष्णु प्रसाद पाटीदार भी अपनी प्राथमिकताओं के साथ मैदान में डटे हैं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर जनता की बुनियादी समस्याओं के निराकरण, वार्डों के समान विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता को अपनी प्राथमिकता बताया है। हालांकि, विपक्ष में होने के कारण कांग्रेस खेमे के सामने राज्य सरकार से तालमेल बिठाने और नगर के लिए बड़े बजट व विकास कार्यों को स्वीकृत कराने की एक बड़ी चुनौती खड़ी रहेगी। विष्णु पाटीदार ने बताया कि उनकी प्राथमिकता प्रत्येक वार्ड में सड़क,बिजली व पानी की उपलब्ध करवाना है। उन्होंने भरसो जताया कि प्रदेश में हमारी सरकार नहीं होना विकास में रूकावट नहीं बनेगा।

आचार संहिता के पालन के साथ चुनावी सरगर्मी तेज

उपचुनाव में निष्पक्षता और नियमों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सभी प्रत्याशी बिना किसी बड़े तामझाम के, आचार संहिता के नियमों के तहत ही अपनी बात रख रहे हैं। लेकिन प्रदेश में सत्तारूढ़ दल की अनुकूलता होने लाभ भाजपा प्रत्याशी मिलता दिखाई दे रहा है।



प्रशिक्षण शिविर में पौधे भेंट किये

तराना। विगत चार दिनों से सरस्वती विद्या मंदिर तराना में चल रहे बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण के समापन के अवसार पर शुक्रवार को पर्यावरण प्रेमी शिक्षक देवीसिंह परिहार द्वारा प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों एवं अधिकारीयों को पोधे भेंट किये । परिहार द्वारा नीम, कचनार, शीशम, मधु कामिनी, शमी आदि विभिन्न प्रजाति के लगभग 201 पौधे भेंट किये।इस अवसर पर बीआरसी तराना बजरंग सिंह तोमर, मास्टर ट्रेनर देवकरण नागर, कमलेश शर्मा, कान्ता बोरासी, मनोज प्रजापति, गोविन्द सिंह चौहान, पवन राठौड़, बीएसी तराना प्रकाशचंन्द्र मालवीय ,नितु मालवीय, विजेन्द्र सिंह चौहान, साक्षरता प्रभारी आशीष उपाध्याय, के साथ ही जन शिक्षा केन्द्र बालक हा. से. तराना, पी.एम.श्री कन्या तराना, जन शिक्षा केन्द्र काठ बड़ोदा, जन शिक्षा केन्द्र कायथा, जन शिक्षा केन्द्र कनासिया, जन शिक्षा केन्द्र कचनारिया, आदि के अनेक शिक्षक मोजुद थे । उल्लेखनीय है कि पर्यावरण प्रेमी शिक्षक देवीसिंह परिहार विगत 28 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण, विशेषकर पौधारोपण के क्षेत्र में कार्य कर रहे है । परिहार द्वारा विभिन्न स्थानो पर अभी तक लगभग अट्ठावन हजार पोंधे लगाये गये है जिसमें से अधिकांश वृक्ष भी बन चुके है।

पर्यूषण पर्व संपन्न: चोपड़ा झीन दिगंबर जैन मंदिर में रही दशलक्षण महापर्व की धूम



तराना। श्री दिगंबर जैन मंदिर चोपड़ा झीन में दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महापर्व के दौरान प्रतिदिन मंदिर जी में देव-शास्त्र-गुरु की आराधना की गई, जिसमें मुख्य रूप से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और संगीतमय मंडल विधान पूजन आयोजित किया गया। भक्ति के इस माहौल में प्रतिदिन रात्रि को श्री भक्तांबर महाआरती उतारी गई एवं समाज जनों द्वारा तत्वार्थ सूत्र व शास्त्रों का सामूहिक वाचन किया गया।जैन धर्म में तप और त्याग का विशेष महत्व है। इसी भावना के साथ समाज के अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने व्रत, एकासन और उपवास के माध्यम से आत्म-साधना की। इसी क्रम में श्रीमती पायल जैन द्वारा कठिन साधना करते हुए पांच निर्जल उपवास किए गए, जो संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी रहे।

अपर कलेक्टर ने किया नगर की प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण



खाचरोद। ऐतिहासिक धरोहर के अवलोकन के लिए अपर कलेक्टर श्रेयांश कुमट जिला प्रशासन की टीम के साथ खाचरौद के वार्ड नंबर 14 स्थित अतिप्राचीन बोहरा बावड़ी पहुंचे। उन्होंने बोहरा बावड़ी का निरीक्षण कर इसके संरक्षण और विकास के लिए क्षेत्रीय पार्षद नारायण मंडावलिया एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान जनसहयोग से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की भी प्रशंसा करते हुए अपर कलेक्टर ने कहा कि वार्ड नंबर 14 जिले का एकमात्र ऐसा वार्ड है, जहां जनसहयोग से बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था मजबूत हुई है और रहवासियों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिला है। इस पहल के लिए वार्डवासियों द्वारा क्षेत्रीय पार्षद नारायण मंडावलिया का सम्मान किया गया। इसके बाद बोहरा समाज द्वारा जिला प्रशासन का सम्मान किया गया, वहीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंजू बंबोरिया के माता-पिता का भी जिला प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में अपर कलेक्टर श्रेयांश कुमट सर ने वार्ड नंबर 14 के युवा-युवतियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

जनविश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन



खाचरोद। नगर के शिवानी रिसोर्ट में शासन के निर्देशानुसार जनविश्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्रेयांश उमट, एडिशनल एसपी. करणदीप सिंह, एसडीएम नेहा साहू, एसडीओपी आकांक्षा बेछोटे,नपाध्यक्ष गोविद भरावा, आदि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में सभी विभागों के टेबल लगाए गए। आमजन द्वारा सभी विभागों की समस्याओं को सुना ओर विस्तृत जानकारी दी गई। समस्याओं का निराकरण संवाद से किया गया। उद्यम जनसंवाद में क्षेत्र के उद्यमी व्यवसायीयो से जन संवाद किया गया। प्रातः से ही जन विश्वास अभियान को लेकर व्यापक तैयारी प्रशासन कर रहा था।सर्व प्रथम सांदीपनी विद्यालय में छात्रों से जनसंवाद किया गया।

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर चार्ज का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट 28 सितंबर को यूपीआई पेमेंट पर चार्ज लेने से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। सरकार ने 2,000 से ज्यादा के पेमेंट पर 0.4% फीस लगाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी है। याचिका में इस फीस लेने को रद्द करने की मांग की गई है।

कोर्ट की कॉज लिस्ट के अनुसार, मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच के सामने होगी। वकील अंजन दत्ता ने ये जनहित याचिका की है।

याचिका में कहा गया है कि सरकार ने जनता से चर्चा किए बिना और कोई ठोस नियम बनाए बिना ही यह फीस तय कर दी। इसके अलावा, 'पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007' के एक नियम (धारा 10अ) को भी अदालत में चुनौती दी गई है। आरोप है कि यह नियम सरकार को अपनी मर्जी से यह फैसला करने की छूट देता है कि कौन-सा डिजिटल पेमेंट फ्री रहेगा और किस पर चार्ज लगेगा। याचिका में रुपे डेबिट कार्ड और वढकके बीच किए गए इस भेदभाव को गलत ठहराया गया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, सरकार ने रुपे कार्ड से पेमेंट पर 'जीरो-चार्ज' की सुविधा जारी रखी है, लेकिन वढकसे 2,000 से ज्यादा के पेमेंट पर फीस लगा दी है। इसे मनमाना फैसला बताते हुए कहा गया है कि इससे कम मार्जिन पर काम करने वाले छोटे कारोबारियों पर बोझ बढ़ेगा।

एसी-टीवी, फ्रिज 1 अक्टूबर से 8 प्रतिशत तक महंगे

इस साल 3 बार में 23% दाम बढ़े; एल्युमीनियम, कॉपर, क्रूड ऑयल महंगा होने का असर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंज्यूमर अप्लायंसेज खरीदने का प्लान बना रहे ग्राहकों की जेब पर बोझ बढ़ने वाला है। 1 अक्टूबर से कंपनियां एसी, एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे प्रोडक्ट्स की कीमतों में 8% तक की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। इंटरनेशनल मार्केट में कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और क्रूड ऑयल से जुड़े कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी और करेंसी में उतार-चढ़ाव के कारण कंपनियों ने यह फैसला लिया है। साल 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की तरफ से यह कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी होगी। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एयर कंडीशनर की कीमतों में सबसे ज्यादा 5% से 8% तक का उछाल आएगा। वहीं वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी के दामों में भी 3% से 4% तक की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

ब्लू स्टार, गोदरेज एप्लायंसेज, हायर, डाइकिन और सुपर प्लास्ट्रोनिक्स जैसी दिग्गज कंपनियों ने 4% से 10% तक की बढ़ोतरी कंफर्म की है। एलजी और बॉश होम कम्फर्ट (हिताची) ने एसी के दाम करीब 5% तक बढ़ा दिए हैं, जबकि पैनासोनिक दाम बढ़ाने से पहले रिव्यू कर रही है, इसके बाद प्राइस हाइक पर फैसला करेगी।



क्यों हुआ कीमतों में इजाफा?

थॉमसन टीवी इंडिया के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह ने बताया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण काफी अनिश्चितता बढ़ गई है। साथ ही शिपमेंट में देरी हो रही है और फ्रेट कॉस्ट में भी ढाई गुना का इजाफा हुआ है। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से प्लास्टिक भी महंगी हुई है। इसके अलावा मेटल के भी दाम बढ़े हैं। टीवी, वॉशिंग मशीन आदि में मेमरी चिप का इस्तेमाल होता है। पिछले एक साल में मेमरी की कीमत में कई गुना का इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रोडक्शन लागत काफी बढ़ गई है। इन सब चीजों के कारण टीवी, वॉशिंग मशीन आदि के दाम में इजाफा किया जा रहा है।

1 अक्टूबर से एसी के दाम 5 प्रतिशत बढ़ा रहे : हायर इंडिया

हायर इंडिया के प्रेसिडेंट एनएस सतीश ने कहा कि कॉपर के दाम बीते एक साल में 8,000-9,000 डॉलर से बढ़कर 14,500 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुंच गए हैं। एक एसी में 3 से 4 किलो कॉपर लगता है। हम 1 अक्टूबर से अउ के दाम 5 प्रतिशत बढ़ा रहे हैं। अक्टूबर से जनवरी के बीच अलग-अलग फेज में कुल 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है।

त्योहारों में सेल्स पर कीमत बढ़ने का असर सीमित

कंपनियों का मानना है कि त्योहारों में सेल्स पर कीमत बढ़ने का असर सीमित ही रहेगा। इसकी वजह यह है कि ज्यादातर डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अगस्त और सितंबर की प्री-बाइंग स्कीम्स के तहत पुराना स्टॉक पहले ही खरीद लिया है। सप्लाई पाइपलाइन में 1 से 1.5 महीने का पुराना स्टॉक मौजूद है, जिसका फायदा उठाकर ग्राहक दिवाली तक पुरानी कीमतों पर ही इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीद सकेंगे। नई कीमतें दिवाली के बाद पूरी तरह लागू होंगी।

दिवाली तक मिल सकते हैं पुराने दाम- फेस्टिव सीजन में ग्राहकों के लिए राहत की बात यह है कि दुकानों और डीलर्स के पास पुराने दाम वाला स्टॉक मौजूद है। कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कीमत बढ़ने से पहले अगस्त और सितंबर में काफी इन्वेंट्री जमा की थी। जानकारों के मुताबिक यह पुराना स्टॉक करीब एक से डेढ़ महीने तक चल सकता है। इसका मतलब है कि दिवाली तक कुछ ग्राहकों को पुराने दाम पर एसी-टीवी और दूसरे अप्लायंस मिल सकते हैं।

बेकाबू हुआ ओपन एआई सिस्टम अमेरिकी सरकारी वेबसाइट में घुसा

नई दिल्ली। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई का अक सिस्टम बेकाबू हो गया। अपनी लैब को बताए बिना ही कामर्स डिपार्टमेंट और अमेरिकी शेयर मार्केट रेगुलेटर एएउ की वेबसाइटों से डेटा निकाल लिया। अमेरिका के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक करने की भी कोशिश की। कॉमर्स डिपार्टमेंट और एएउ की वेबसाइट पर हुई इस गड़बड़ी को खुद ओपनएआई ने सही माना है। कंपनी ने कहा कि वह शिक्षा विभाग वाले मामले की पड़ताल कर रही है।

बोइंग 737 मैक्स विमान के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी

दोबारा लैंडिंग के दौरान नेविगेशन फीचर काम नहीं करता; भारत में इस मॉडल के करीब 102 विमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग के 737 मैक्स विमान के सॉफ्टवेयर में एक गड़बड़ी सामने आई है। यह समस्या कॉकपिट सॉफ्टवेयर के एक अपडेट से जुड़ी है। अगर लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने के बाद पायलट विमान का तय रूट बदलते हैं, तो एक खास स्थिति में यह गड़बड़ी हो सकती है।

रॉयटर्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से यह खबर दी। हरख को बोइंग कंपनी के कुछ दस्तावेजों हासिल हुए हैं जिनमें यह जानकारी मिली है।

बोइंग ने कहा कि उसने पिछले महीने ही विमान मॉडल 737 मैक्स ऑपरेटरों को इस समस्या की जानकारी दे दी थी। इस समस्या को सुलझाने के लिए सॉफ्टवेयर को फिर से अपडेट किया जा रहा है।



भारत में इस मॉडल के करीब 102 विमान हैं। हालांकि भारत के विमान इससे प्रभावित हैं या नहीं और कितने विमानों में यह समस्या है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अमेरिकी फेडरेल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने भी कहा कि उसे कुछ बोइंग 737 मैक्स विमानों के फ्लाइट कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर अपडेट में संभावित समस्या की जानकारी है। ऋअअ ने बोइंग और एयरलाइंस के साथ मिलकर इसकी जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, साउथवेस्ट एयरलाइंस और यूनाइटेड एयरलाइंस ने बोइंग से प्रभावित सॉफ्टवेयर वाले नए 737 मैक्स विमान लेने के बजाय पुराने सॉफ्टवेयर वर्जन वाले विमान देने का अनुरोध किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितने विमानों में यह सॉफ्टवेयर मौजूद है। बोइंग, एयरलाइंस और नियामक इस समस्या की जांच कर रहे हैं और यह भी आकलन कर रहे हैं कि इससे उड़ान की सुरक्षा पर कितना असर पड़ सकता है।

Sport

ट्रॉफी के लिए सबकुछ दांव पर लगा दूंगा; वनडे में सबसे ज्यादा 54 शतक लगाने वाले बल्लेबाज

कोहली बोले- 2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली ने कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि वे ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार हैं। कोहली ने कहा, मैं मैदान पर अपना 100% देना चाहता हूं। लक्ष्य बिल्कुल साफ है- वर्ल्ड कप जीतना। 37 साल के कोहली सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 में टी-20 इंटरनेशनल और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। विराट कोहली अब तक 4 वनडे वर्ल्ड कप (2011, 2015, 2019 और 2023) खेल चुके हैं। उनके नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 54 शतक भी हैं। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। कोहली ने 50 ओवर के वर्ल्ड कप की शारीरिक और मानसिक चुनौती भी बताई। उनके मुताबिक एक वनडे में खिलाड़ी को करीब ढाई टी-20 मैच जितनी क्रिकेट खेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि 2027 वर्ल्ड कप विदेशी परिस्थितियों में होगा। अलग-अलग मैदानों और विरोधी टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलने से चुनौती और बढ़ेगी। ऐसे में उनकी नजर पूरे टूर्नामेंट में अपने स्तर को बनाए रखने और टीम को खिताब तक पहुंचाने पर होगी। कोहली का यह पांचवां वनडे वर्ल्ड कप होगा। 2011 में भारतीय टीम ने धोनी की कप्तानी 28 साल बाद खिताब जीता था और कोहली उस टीम का हिस्सा थे।

रोहित बोले- अभी बहुत कुछ बाकी है

रोहित ने कहा कि अभी बहुत कुछ बाकी है। जब तक वे खेल रहे हैं, उन्हें आगे देखने के लिए कुछ न कुछ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके मन में कभी यह विचार नहीं आएगा कि उनका काम पूरा हो गया है। रोहित भी टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेल रहे हैं।

दोनों की वापसी से केरल में दिखा 'रो-को' क्रेज- वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में भारतीय टीम ने अभ्यास किया। कोहली और रोहित दोनों नेट्स में उतरे। उन्हें देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ पहुंच गई। कोहली ने कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और नमन धीर की स्पिन का सामना किया। बाद में वे तेज गेंदबाजों के नेट में भी गए। रोहित ने ग्रीनफील्ड स्टेडियम में करीब 30 मिनट बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ डिफेंस पर भरोसा रखा और कुछ शानदार कट शॉट भी लगाए। भारत का 2027 वर्ल्ड कप मिशन वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से आगे बढ़ेगा। पहला मुकाबला 27 सितंबर को तिरुवनंतपुरम, दूसरा 30 सितंबर को गुवाहाटी और तीसरा 3 अक्टूबर को न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा।

हार्दिक पंड्या के न्यूजीलैंड सीरीज खेलने पर संशय

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिर चोटिल हो गए हैं। उनके दाएं पैर की आगे की हड्डी में चोट लगी है। इस वजह से वे कम से कम 3 हफ्ते तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। चोट के कारण हार्दिक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे दोनों सीरीज नहीं खेल पाएंगे। टी-20 सीरीज 22 अक्टूबर से शुरू होगी ।

नैनो न्यूज

- **अल्काराज ने फ्रिट्ज को हराया-** लेवर कप में कार्लोस अल्काराज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 4-6, 13-11 से हराकर यूरोप टीम को बढ़त दिलाई।
- **स्पेन ने इंग्लैंड को हराया-**नेशंस लीग मुकाबले में विश्व चैंपियन स्पेन ने इंग्लैंड को 3-2 से हराया। ओयारजाबाल ने निर्णायक गोल किया।
- **एमबापे घुटने की चोट से बाहर-**फ्रांस के कप्तान किलियन एमबापे के बाएं घुटने में हाइपरएक्सटेंशन की पुष्टि हुई। वह तुर्किये के खिलाफ मुकाबले में चोटिल हुए थे।
- **अनाहत के सामने स्वर्ण चुनौती-**एशियाई खेलों में अनाहत सिंह महिला स्क्वैश एकल के स्वर्ण पदक मुकाबले में मलेशिया की सिवासंगरी सुब्रमणियम से भिड़ेंगी।
- **अभय सिंह खेलेंगे स्वर्ण मुकाबला-**भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अभय सिंह एशियाई खेलों के पुरुष एकल फाइनल में मलेशिया के एनग एइन यो के खिलाफ उतरेंगे।
- **सिंधु की नजर क्वार्टर फाइनल पर-**पीवी सिंधु एशियाई खेलों की महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में भारत की पदक उम्मीदों को आगे बढ़ाएंगी।
- **मनु भाकर से पदक उम्मीदें-**एशियाई खेलों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और राही सरनोबत भारत की चुनौती पेश करेंगी।

चेस ओलिंपियाड में गोल्ड की दौड़ में भारत, उज्बेकिस्तान-2 को से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उज्बेकिस्तान में चल रहे 46वें चेस ओलिंपियाड के 10वें राउंड में भारतीय मेंस टीम ने उज्बेकिस्तान-2 को 3.5-0.5 से हराया। इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। अब टूर्नामेंट में एक राउंड बाकी है।

भारत के 17 पॉइंट्स हैं, जबकि उज्बेकिस्तान 18 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। आखिरी राउंड में भारत का सामना हंगरी से होगा, जबकि उज्बेकिस्तान की टीम यूक्रेन से खेलेगी। भारत के लिए वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश, आर. प्रज्ञानानंद और निहाल सरीन ने जीत दर्ज की। अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला ड्रॉ रहा। आर. प्रज्ञानानंद ने जाखोंगीर वाहिदोव को हराया। दोनों के बीच मुकाबला आखिरी



चरण तक पहुंचा, जहां दोनों खिलाड़ियों के पास राजा और हाथी बचे थे। प्रज्ञानानंद ने बेहतर खेल दिखाते हुए बाजी अपने नाम कर ली। प्रज्ञानानंद ने यहां बेहतर खेल दिखाया और वाहिदोव को मात दी।

अर्जुन एरिगैसी और अब्दिमालिक अब्दिसालिमोव का मुकाबला ड्रॉ रहा। अर्जुन के पास स्थिति को अपने पक्ष में करने के मौके थे, लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके। निहाल सरीन ने मुहम्मदजोखिद सुयारोव को हराया। निहाल ने शुरूआत से ही बढ़त बनाए रखी।

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

खरीदना / किराए से चाहिए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहिए
संपर्क
9893374872

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंदपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता हैः- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

जगह-जगह गड्ढे होने से एक महीने में 10-15 लोग घायल

धार। धरावरा से गुलवा तक की प्रधानमंत्री सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हैं और सतह उखड़ गई है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, सड़क की हालत कई महीनों से खराब है। कुछ समय पहले पेचवर्क कराया गया था, लेकिन गड्ढे फिर बन गए। स्थानीय निवासी कमलेश ने बताया कि पिछले एक महीने में 10 से 15 लोग सड़क पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

आदर्श सड़क पर पांच दिन से स्ट्रीट लाइट की आंख-मिचौली

धार। धार शहर की आदर्श सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले चार-पांच दिनों से बंद-चालू हो रही हैं। घोड़ा चौपाटी से इंदौर नाका तक यह समस्या बनी हुई है। इससे रात में राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। कभी सड़क रोशनी से जगमगाती है तो कुछ ही देर बाद अंधेरा छा जाता है। लाइट के बार-बार बंद-चालू होने से वाहन चालकों को सड़क और आसपास के वाहन साफ नहीं दिखते। रोशनी में बदलाव भी दिक्कत करता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को ज्यादा ध्यान रखना पड़ता है।

धार के मायापुरी में सड़क किनारे मिला शव

धार। धार शहर के नौगांव थाना क्षेत्र में मायापुरी परेड ग्राउंड के पास शनिवार शाम सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला। इसकी सूचना मिलते ही नौगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान सतना निवासी जसवीर सिंह पिता दिलीप सिंह सलूजा के रूप में हुई है। वह कुछ समय से धार में अपनी मौसी के बेटे बलजीत सिंह पिता गुरुवचन सिंह के साथ तिरुपति नगर में रह रहा था। बताया गया कि जसवीर सिंह शराब पीने का आदी था। घर से अलग रहता था। शव मिलने के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई।

गणेश प्रतिमा को लेकर दो पक्ष भिड़े



जमकर चले लात-घूंसे, झाबुआ में एक-दूसरे को पटक-पटककर पीटा, मौके पर फोर्स तैनात

झाबुआ। झाबुआ जिले के कल्याणपुरा में शनिवार को मॉडल स्कूल के पास गणेश प्रतिमा को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गणेश उत्सव के दौरान स्थापित की गई प्रतिमा के विसर्जन के बाद उसी स्थान पर स्थायी रूप से प्रतिमा स्थापित करने का काम शुरू किया जा रहा था। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे। जिस जगह प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा था, वह शासकीय जमीन बताई गई है। इसी जमीन पर स्थायी निर्माण को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई। बताया गया है कि इस जमीन को आगामी दिनों में लीज पर दिए जाने की भी चर्चा है। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत कर समझाइश देने का प्रयास किया। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से थाने में कोई औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

नैनो न्यूज

- **प्लॉट खरीदी में तेजी कायम-** इंदौर में अगस्त दौरान प्लॉट की खरीद-बिक्री करीब 11 से 12 प्रतिशत बढ़ी। शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में मांग ज्यादा रही।
- **कमर्शियल प्रॉपर्टी में बढ़ी पूछताछ-** सुपर कॉरिडोर, कनाड़िया बायपास और मांगलिया क्षेत्र में कमर्शियल प्रॉपर्टी को लेकर खरीदारों की पूछताछ बढ़ी, निवेशकों ने भविष्य की कनेक्टिविटी देखी।
- **छोटे प्लॉट में खरीदारों की पहली पसंद-** प्रॉपर्टी एक्सपो में मध्यमवर्गीय परिवारों ने छोटे आकार के प्लॉट में ज्यादा रुचि दिखाई। बजट के अनुसार विकल्प तलाशे गए।
- **बिजनेस पार्क में बढ़ी दिलचस्पी-** लवकुश चौराहे के आसपास विकसित हो रहे कमर्शियल बिजनेस पार्क में कारोबारियों ने ऑफिस और व्यावसायिक जगहों की जानकारी ली।
- **सुपर कॉरिडोर में प्रोजेक्ट सक्रिय-** सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में आवासीय और कमर्शियल प्रोजेक्ट की गतिविधियां बढ़ी। खरीदार कनेक्टिविटी, सुविधाओं और भविष्य के विकास को देख रहे हैं।
- **कार बाजार में मॉडल पूछताछ बढ़ी-** त्योहारी सीजन से पहले इंदौर के ऑटोमोबाइल बाजार में कारों के नए मॉडल, कीमत और फाइनेंस विकल्पों को लेकर ग्राहकों की पूछताछ बढ़ी।
- **एसयूवी की मांग पर नजर-** इंदौर के वाहन बाजार में एसयूवी सेगमेंट पर कारोबारियों की नजर है। ग्राहक कीमत के साथ माइलेज, सुरक्षा और फीचर्स की तुलना कर रहे हैं।
- **पुरानी कारों का बाजार सक्रिय-** इंदौर में सेकंड-हैंड कार बाजार में ग्राहकों की गतिविधि बनी हुई है। कम बजट वाले खरीदार इस्तेमाल किए वाहनों के विकल्प तलाश रहे हैं।

एमवायएच परिसर में निगम की गाड़ी ने फेंका कचरा

नई बिल्डिंग के लिए खाली कराई जमीन पर डंपिंग, वीडियो सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देश में स्वच्छता के मामले में लगातार पहचान बनाने वाले इंदौर में अब नगर निगम के ही कचरा वाहनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के बीचोंबीच स्थित सरकारी एमवाय अस्पताल परिसर में नगर निगम के कचरा वाहनों द्वारा खुले में कचरा डाले जाने का वीडियो सामने आने आया है।

मामला नेहरू स्टेडियम वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत सरकारी चेस्ट सेंटर के पास स्थित एमवायएच परिसर का बताया जा रहा है। यहां जिस स्थान पर कचरा डाला जा रहा है, उसी क्षेत्र में करीब 800 करोड़ रुपए की लागत से एमवायएच की नई बिल्डिंग बनाई जानी है। नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए पहले ही बड़ी संख्या में सरकारी क्वार्टर्स और पुराने जर्जर भवनों को हटाकर जमीन खाली कराई जा चुकी है।



नई बिल्डिंग के लिए खाली कराई जमीन और अब कचरा ही कचरा

एमवायएच परिसर में सरकारी टीबी अस्पताल से लेकर चाचा नेहरू अस्पताल और दवा बाजार के बीच स्थित जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर समतल किया गया है। यहां मिट्टी परीक्षण का काम भी पूरा होने की जानकारी है और शासन स्तर पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट को गति देने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में इसी परिसर में नगर निगम के कचरा वाहनों द्वारा नियमित रूप से कचरा डाले जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीजों के परिजन और स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पतालों से घिरे इस क्षेत्र में खुले में कचरा डालना न केवल स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि मरीजों और उनके परिजन के स्वास्थ्य के लिए भी परेशानी का कारण बन सकता है।

आपत्ति पर कर्मचारियों ने बताया डंपिंग स्टेशन- स्थानीय लोगों के मुताबिक, जब उन्होंने कचरा वाहनों को परिसर में कचरा डालने से रोका और आपत्ति जताई तो वाहन चालकों और उनके साथ मौजूद कर्मचारियों से विवाद की स्थिति भी बनी। लोगों को कथित तौर पर बताया गया कि जिस स्थान पर कचरा डाला जा रहा है, वह डंपिंग स्टेशन के लिए निर्धारित है। इसी आधार पर वहां कचरा डाले जाने की बात कही गई। लोगों का कहना है कि कचरा वाहनों में बड़ी मात्रा में गंदगी और कचरा भरा रहता है। अस्पताल परिसर के आसपास इसे खुले में डालने से दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। मरीजों के परिजन ने इसको लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद कचरा डाले जाने का सिलसिला पूरी तरह नहीं रुका।

रविवार को इस पूरे मामले से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में नगर निगम का कचरा वाहन टीबी अस्पताल के पीछे स्थित क्षेत्र में पहुंचता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल उठने लगा है कि आखिर अस्पताल परिसर में कचरा डालने की अनुमति किस स्तर पर दी गई है और यदि यह स्थान डंपिंग के लिए निर्धारित है तो इसकी वैधानिक स्थिति क्या है।

पार्षद की आपत्ति के बाद उठवाया गया कचरा, फिर शुरू हुआ सिलसिला

करीब चार दिन पहले वार्ड पार्षद पंखुड़ी जैन को जब मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने संबंधित जोन के सीएसआई को फटकार लगाई और मौके से तत्काल कचरा हटवाया। इससे लोगों को उम्मीद थी कि अस्पताल परिसर में दोबारा कचरा नहीं डाला जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार कचरा हटाए जाने के कुछ समय बाद फिर से उसी स्थान पर कचरा पहुंचने लगा। मरीजों के परिजन ने दोबारा आपत्ति जताई, लेकिन इसके बावजूद निगम के वाहनों से वहां बड़ी मात्रा में कचरा जमा किए जाने का आरोप है।

आईटी इंडस्ट्री की आईएसए मैराथन 1.0 में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

फिटनेस के लिए 2 हजार प्रतिभागियों ने लगाई दौड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सॉफ्टवेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को आईएसए मैराथन 1.0 का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स से शुरू हुई मैराथन में 3 और 5 किलोमीटर की दौड़ हुई। इसमें आईटी इंडस्ट्री के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 2 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मैराथन के जरिए फिटनेस के साथ पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा का संदेश दिया गया। आयोजन की प्रमुख विशेषताओं में प्रतिभागियों की दौड़ को बिना किसी वियरेबल बैंड के डिजिटल रूप से ट्रैक करना शामिल रहा। इसके जरिए तकनीक और फिटनेस को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया।

आईटी और तकनीकी क्षेत्र की पहचान पर जोर- एनआरसी ग्रुप के अंकेश गोयल ने कहा कि इंदौर की पहचान स्वच्छता के साथ तेजी से विकसित हो रहे आईटी और तकनीकी क्षेत्र से भी बन रही है। उनके मुताबिक, ऐसे आयोजनों से प्रोफेशनल्स, परिवारों और शहर के अलग-अलग वर्गों को एक साथ आने का अवसर मिलता है।



आईटी इंडस्ट्री को एक मंच पर लाने की पहल

आईएसए के सचिव सचिन साबू ने बताया कि एसोसिएशन इंदौर के 280 से अधिक आईटी संस्थापकों का समुदाय है। उन्होंने कहा कि मैराथन के माध्यम से शहर की आईटी इंडस्ट्री को एक मंच पर लाने और इंदौर के विकास में तकनीकी क्षेत्र के योगदान को सामने रखने का प्रयास किया गया। यह आयोजन केवल फिटनेस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उद्योग और शासन के सहयोग से स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने की पहल भी रहा। आयोजन में इंदौर नगर निगम ग्रीन सिटी पार्टनर, इंदौर पुलिस सेफ्टी पार्टनर और मध्य प्रदेश शासन का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग इकोसिस्टम पार्टनर के रूप में जुड़ा।

होल्कर कॉलेज में करणी सेना और एबीवीपी कार्यकर्ताओं में मारपीट, सात छात्र सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर साइंस कॉलेज में गणपति विसर्जन समारोह के दौरान दो गुटों में जमकर विवाद हो गया। चल समारोह के दौरान शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि करणी सेना और एबीवीपी से जुड़े कार्यकर्ता भी आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच पार्किंग एरिया में बेल्ट और डंडों से मारपीट हुई। इसके बाद विवाद कंप्यूटर लैब तक पहुंच गया।

घटना में बीएससी और एमएससी के छात्र घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला बढ़ने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने अनुशासन समिति की बैठक बुलाई। समिति ने शिकायतों के साथ मौके के वीडियो फुटेज की जांच की। घटना को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए सात विद्यार्थियों को सस्पेंड कर दिया गया। पार्किंग में बेल्ट से मारपीट, फिर कंप्यूटर लैब में भिड़े कॉलेज परिसर में गणेश विसर्जन कार्यक्रम के तहत चल समारोह निकाला जा रहा था। इसी दौरान दो गुटों में किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद मारपीट में बदल गया। पार्किंग एरिया में दोनों पक्षों के बीच बेल्ट और डंडे चलने की बात सामने आई है। विवाद यहीं नहीं रुका। इसके बाद कंप्यूटर लैब में भी मारपीट हुई। इस दौरान कुछ छात्रों को चोटें आईं हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि कॉलेज में छात्र संगठनों के बीच पहले भी विवाद होते रहे हैं। कुछ छात्रों ने दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं पर धमकाने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुलिस और कॉलेज स्तर पर जांच की जा रही है। इन्हें किया गया सस्पेंड निलंबित विद्यार्थियों में हर्ष तिवारी, अभिजीत सिंह राजपूत, संस्कार यादव, हरिओम खाती (पटेल), अर्पित खाती (पटेल), भावन सिंह राजपूत और सत्यम शर्मा शामिल हैं।

बीजेपी नेत्री और उनके पति को सड़क पर पटककर पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नंदबाग में बीजेपी नेत्री और उनके पति के साथ मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार विवाद आपसी कहासुनी के बीच बढ़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट कर दी। शनिवार देर रात दोनों पक्ष थाने पहुंचे और मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटनाक्रम नंदबाग का है। यहां पर वार्ड 16 बूथ की बीजेपी अध्यक्ष रिंकू उर्फ दीक्षा के साथ उनके पड़ोसी विजय, राहुल शर्मा व अन्य ने मारपीट कर दी। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। इसके बाद विजय और उसके परिजन ने दीक्षा और उनके पति को सड़क पर पटककर पीटा। हालांकि, घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे का वीडियो बनाते रहे। देर रात दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने उनका मेडिकल कराया और मामले में कार्रवाई की। इधर रहवासियों का आरोप है कि बीजेपी नेत्री स्थानीय पार्षद का नाम लेकर आए दिन उनसे बदसलूकी करती हैं। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर उनके बीच हुई मारपीट के वीडियो वायरल हुए हैं।

शादी के 4 महीने बाद युवक ने जहर खाकर दी जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सांवेर रोड इलाके में शादी के चार महीने बाद 24 वर्षीय मनोज ठाकरे ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले लिखे सुसाइड नोट में उसने पत्नी कविता और उसके बड़े साढू भाई के बीच अफेयर होने का आरोप लगाया है। मनोज ने ससुराल वालों पर 5 लाख रुपए मांगने और रुपए नहीं देने पर पत्नी को बेचने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, भवानीपुर कॉलोनी निवासी मनोज (24) पिता रामू ने शनिवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसके बाद उसने छोटे भाई को इसकी जानकारी दी। परिजन उसे पहले अरविंदो अस्पताल और वहां से इंडेक्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई।

सुसाइड नोट में मनोज ने लिखा है कि उसके ससुर, सास और पत्नी कविता ने उससे 5 लाख रुपए की मांग की थी। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी और उसके बड़े साढू भाई के बीच संबंध थे। नोट में मनोज ने लिखा कि उससे कहा गया था कि 5 लाख रुपए नहीं दिए तो कविता को बेच देंगे और उसका नाम भी भेज देंगे। मनोज ने यह भी लिखा कि उसे धमकी दी गई थी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे और उसके परिवार को मार दिया जाएगा। उसने लिखा कि उसके पास इतने पैसे नहीं थे और वह ससुराल वालों से परेशान हो गया था।

मौसमी संक्रमण बढ़े, लक्षण पहचान में देरी हो सकती है घातक

बुखार-खांसी को सामान्य बुखार समझना पड़ सकता है भारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मौसम बदलते ही शहर में बुखार, खांसी, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीज बढ़ गए हैं। खास बात यह है कि एक जैसे लक्षण अलग-अलग संक्रमणों में दिखाई दे रहे हैं।

स्वाइन फ्लू और दूसरे रेस्पिरेटरी वायरस के साथ डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड के मरीज भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में केवल लक्षणों के आधार पर बीमारी पहचानना मुश्किल है और जांच में देरी समस्या को गंभीर बना सकती है। स्वाइन फ्लू इंदौर में एक महिला की मौत सामने आई है।

मौसमी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उपलब्ध अस्पताल आंकड़ों के मुताबिक, मेडिसिन ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब 30 प्रतिशत मौसमी बीमारियों से प्रभावित हैं। मौजूदा सीजन में कुछ मरीज बुखार और रेस्पिरेटरी संक्रमण के साथ स्वाद और गंध कम होने की शिकायत भी कर रहे हैं। इससे लोगों में कोरोना को लेकर आशंका बढ़ रही है। हालांकि डॉक्टरों के मुताबिक स्वाद और गंध कम होना केवल कोरोना तक सीमित लक्षण नहीं है। दूसरे रेस्पिरेटरी संक्रमणों में भी ऐसा हो सकता है।

असर का खतरा एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू इंफ्लुएंजा वायरस से होने वाला संक्रमण है। अचानक बुखार, लगातार खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द और तेज थकान इसके सामान्य लक्षण हैं। यदि संक्रमण गंभीर हो जाए तो फेफड़ों तक पहुंचकर निमोनिया और ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। इसलिए लगातार बिगड़ते लक्षणों को सामान्य वायरल मानकर लंबे समय तक घर पर इलाज करना जोखिम बढ़ा सकता है।

मलेरिया को सामान्य बुखार समझना पड़ सकता है भारी

मलेरिया में बुखार के साथ ठंड लगना, सिरदर्द, कमजोरी, बदन दर्द, मितली और उल्टी हो सकती है। भोपाल में इस साल अब तक 9 मामले सामने आए हैं। गंभीर मलेरिया में किडनी, फेफड़े और दिमाग प्रभावित हो सकते हैं। पेशाब कम होना, भ्रम, दौरे, अत्यधिक कमजोरी या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण गंभीर स्थिति का संकेत हो सकते हैं।

बचाव के तरीके भी अलग- सावधानी जरूरी रेस्पिरेटरी संक्रमणों से बचाव के लिए बीमार होने पर घर पर रहना, जरूरत पडने पर मास्क का इस्तेमाल, हाथ साफ रखना, खांसते-छींकते समय मुंह नाक ढंकना और घर में पर्याप्त वेंटिलेशन रखना उपयोगी है। डेंगू और मलेरिया से बचने के लिए मच्छरों से बचाव और आसपास पानी जमा न होने देना जरूरी है। टाइफाइड से बचाव के लिए सुरक्षित पानी और स्वच्छ भोजन लेना।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com